आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* गुप्त नवरात्र प्रारंभ
* ओशो महोत्सव

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 6 | उज्जैन, सोमवार 19 जनवरी, 2026 | माघ शुक्ल 1 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने कहा कि धर्म ही मुझे और नरेंद्र मोदी को धर्म ही चला रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को कंट्रोल करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपने संतों और ऋषियों से मार्गदर्शन मिलता रहा है। जब तक ऐसा धर्म भारत को चलाएगा, वह विश्वगुरु बना रहेगा। भागवत ने ये बातें रविवार को छत्रपति संभाजीनगर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर आयोजित जनसभा में कहीं। सृष्टि बनने के बाद उसके संचालन के नियम ही धर्म बने और सब कुछ उन्हीं नियमों पर चलता है।

### डीजीसीए ने इंडिगो पर 22.20 करोड़ का फाइन लगाया

**नई दिल्ली।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर 22.20 करोड़ का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 के रूल 133ए के तहत लगाया गया है। इसके तहत एकमुश्त जुर्माना 1.80 करोड़ है। इसके अलावा एफडीटीएल नियमों का 68 दिन तक पालन नहीं करने पर प्रतिदिन 30 लाख का जुर्माना लगाया गया, जो कि 20.40 करोड़ होता है। डीजीसीए ने यह एक्शन 3 से 5 दिसंबर, 2025 के बीच इंडिगो की 2507 फ्लाइट के कैंसिल होने और 1852 फ्लाइट के ऑपरेशन में देरी होने पर लिया है। इस कारण 3 लाख से ज्यादा यात्रियों को परेशानी हुई थी।

### जियो स्टूडियोज ने जारी किया पब्लिक नोटिस



**अली अब्बास जफर फिल्म्स एलएलपी की कमाई पर सबसे पहले उनका अधिकार होगा**

**मुंबई।** जियो स्टूडियोज ने फिल्म, मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लिए एक पब्लिक नोटिस जारी किया है। इसमें अली अब्बास जफर फिल्म्स एलएलपी और फिल्ममेकर अली अब्बास जफर से जुड़े अपने कॉन्ट्रैक्ट अधिकारों को लेकर सावधानी बरतने को कहा गया है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, यह नोटिस 17 जनवरी 2026 को अतुल मोहन की कम्प्लीट सिनेमा मैगजीन में किंग स्टब्ब एंड कसिवा, एडवोकेट्स एंड अटॉर्नीज के जरिए प्रकाशित किया गया। नोटिस के मुताबिक, 30 सितंबर 2025 से जियो स्टूडियोज, अली अब्बास जफर फिल्म्स एलएलपी और अली अब्बास जफर के बीच हुए बाइंडिंग अरेंजमेंट के तहत जियो स्टूडियोज सभी तरह की मौजूदा और भविष्य की कमाई पर पहला और सर्वोच्च अधिकार रखता है। यह कमाई किसी भी रूप में हो सकती है और उन सभी कॉमर्शियल इंगेजमेंट से जुड़ी है, जिनका जिक्र नोटिस में किया गया है। खास बात यह है कि यह अधिकार सिर्फ जियो स्टूडियोज के साथ बने प्रोजेक्ट्स तक सीमित नहीं है। यह अली अब्बास जफर फिल्म्स एलएलपी और व्यक्तिगत रूप से अली अब्बास जफर से जुड़े सभी मीडिया और एंटरटेनमेंट कामों से होने वाली कमाई पर लागू होता है। इसमें प्रोजेक्ट्स, प्रोडक्शन, कोलेबोरेशन, वेंचर्स और अन्य काम शामिल हैं, चाहे जियो स्टूडियोज उनमें शामिल हो या नहीं। साथ ही, यह दावा उन दूसरी कंपनियों तक भी फैला है, जिनमें एलएलपी के पार्टनर्स या डायरेक्टर्स की हिस्सेदारी है, चाहे वे कंपनियां अभी मौजूद हों या भविष्य में बनाई जाएं। जियो स्टूडियोज, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की मीडिया और कंटेंट कंपनी है। इसे अप्रैल 2018 में लॉन्च किया गया था। ज्योति देशपांडे जियो स्टूडियो की प्रेसिडेंट हैं।

### बम की सूचना से इंडिगो फ्लाइट की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** दिल्ली से बागडोगरा जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में आज रविवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब विमान में बम होने की सूचना मिली। इस खबर से यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सांसें अटक गईं। आनन-फानन में फ्लाइट को डायवर्ट कर लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में कुल 237 लोग सवार थे, जिनमें 230 यात्री, दो पायलट और पांच क्रू मेंबर शामिल हैं। घटनाक्रम के मुताबिक, इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ए-6650 ने दिल्ली से उड़ान भरी थी। सफर के दौरान एक यात्री जब विमान के बाथरूम में गया, तो उसकी नजर वहां रखे एक टिश्यू पेपर पर पड़ी। उस टिश्यू पेपर पर लिखा था कि फ्लाइट में बम है। यात्री ने तत्काल इसकी जानकारी क्रू मेंबर्स को दी। क्रू ने बिना देरी किए पायलट को सूचित किया।

### कंडोम और गर्भनिरोधक गोलियों पर लगाया भारी टैक्स

**बीजिंग।** दुनिया में अपनी घटती जनसंख्या और गिरती प्रजनन दर से परेशान चीन ने अब एक अजीबोगरीब कदम उठाया है। चीनी सरकार अब अपने देश के युवाओं और कपल्स को बिना कंडोम और गर्भनिरोधक गोलियों के शारीरिक संबंध बनाने के लिए प्रेरित कर रही है। ताकि लोग गर्भनिरोधकों का इस्तेमाल कम करें, इसके लिए चीन ने इसी महीने (जनवरी) से कंडोम और गर्भनिरोधक गोलियों पर भारी-भरकम टैक्स लगा दिया है। सरकार की मंशा है कि ये उत्पाद महंगे होने की वजह से लोग इनका इस्तेमाल कम करेंगे, जिससे जन्म दर में बढ़ोतरी होगी। द कन्वर्सेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन उन एशियाई देशों की सूची में शामिल हो गया है जो बेहद कम प्रजनन दर से जूझ रहे हैं।

---

प्रयागराज माघ मेला- बिना इजाजत पालकी पर आए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को पुलिस ने रोका

## साधु को पीटा, पालकी खींच ले गए, शंकराचार्य स्नान नहीं कर पाए

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



प्रयागराज माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या के स्नान के लिए आए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की पालकी पुलिस ने रोक दी। पुलिस ने उनसे पैदल संगम जाने को कहा। शंकराचार्य के शिष्य नहीं माने और पालकी लेकर आगे बढ़ने लगे।

इस पर शिष्यों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। पुलिस ने कई शिष्यों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने एक साधु को चौकी में पीटा।

इससे शंकराचार्य नाराज हो गए और शिष्यों को छुड़वाने पर अड़ गए। अफसरों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, हाथ जोड़े, लेकिन वे नहीं माने। करीब 2 घंटे तक गहमा-गहमी रही। इसके बाद पुलिस ने शंकराचार्य के कई और समर्थकों को हिरासत में ले लिया। शंकराचार्य की पालकी को खींचते हुए संगम से 1 किमी दूर ले जाया गया। इस दौरान पालकी का क्षत्रप भी टूट गया। शंकराचार्य स्नान भी नहीं कर पाए।

- इस पूरे मामले से नाराज शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद अपने शिविर में धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस प्रशासन ससम्मान प्रोटोकॉल के साथ नहीं ले जाएगा, तब तक गंगा स्नान नहीं करूंगा।
- वहीं, प्रयागराज के डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कहा- स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद बिना इजाजत पालकी पर आए थे। उस समय संगम पर बहुत ज्यादा भीड़ थी। उनके समर्थकों ने बैरियर तोड़े, पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की। हम इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

---

19 संक्रमित मिले इनमें 15 नाबालिग मरीज सामने आए, एक अधेड़ इंदौर में भर्ती

## नीमच-मंदसौर जिले में गुइलेन-बेरे-सिंड्रोम फैला, 2 बच्चों की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर/नीमच



नीमच जिले के बाद मंदसौर में भी गुइलेन-बेरे-सिंड्रोम के मरीजों के सामने आने से कोहराम मच गया है। इस बीमारी से ग्रसित दो बच्चों की मौत का मामला सामने आ चुका है। अब तक 19 संक्रमित सामने आए हैं जिनमें से एक अधेड़ को इंदौर में भर्ती किया गया है। संक्रमितों में 15 नाबालिग शामिल हैं।

मंदसौर जिले में भी गुइलेन-बेरे-सिंड्रोम को लेकर हड़कंप मच गया है। गरोठ क्षेत्र के गांव कोटड़ा बुजुर्ग में 50 वर्षीय गोपाल पाटीदार में इस सिंड्रोम के लक्षण पाए गए हैं। मरीज का उपचार फिलहाल इंदौर के निजी अस्पताल में जारी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस मामले की पुष्टि कर दी गई है। मामले की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड़ पर आ गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव के सभी घरों का सर्वे कर 3801 लोगों की स्कैनिंग की है। सर्वे में चार लोगों को बुखार पाया गया, जिनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। गांव में अतिरिक्त टीमें तैनात कर दी गई।

**मनासा में दो की मौत-** नीमच के मनासा में कस्बे में गुलियन-बेरी सिंड्रोम 'जीबीएस' का प्रकोप बढ़ गया है। अब तक इस बीमारी से दो बच्चों की मौत हो चुकी है। जबकि, 17 लोग संक्रमित हैं। इनमें से 15 मरीज नाबालिग हैं, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। चार नए मामले सामने आने के बाद इस सिंड्रोम से कुल संक्रमितों की संख्या 13 से बढ़कर 17 हो गई। संक्रमितों में 4 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और किशोरों की संख्या सबसे अधिक है। केवल दो वयस्क मरीज ही इस बीमारी की चपेट में आए हैं। बच्चों में तेजी से फैल रहे संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड़ पर है। बीमारी के कारण और स्रोत का पता लगाया जा रहा है।

- **संभागायुक्त प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे-** शुक्रवार को उज्जैन संभागायुक्त ने भी प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की थी। फिलहाल भोपाल और उज्जैन से आई विशेषज्ञों की टीमें मनासा में डेरा डाले हुए हैं। ये टीमें लगातार जांच, स्क्रीनिंग और सैंपल कलेक्शन कर बीमारी के कारणों और स्रोत का पता लगाने में जुटी हैं।
- **घर-घर सर्वे और स्क्रीनिंग की जाए-** स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल शनिवार को मनासा पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घर-घर सर्वे और स्क्रीनिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। डिप्टी सीएम ने वार्ड नंबर 15 में जीबीएस से मृतक सोनू पिता पुरण सोनी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और पूरे मामले की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने चल रहे स्क्रीनिंग कार्य का मौके पर निरीक्षण भी किया।
- **टीम ने पानी के नमूने लिए-** स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम मंदसौर और भानपुरा से ग्राम कोटड़ा बुजुर्ग पहुंची। टीम ने पूरे गांव का निरीक्षण किया और जल स्त्रोतों की जांच की। गांव के विभिन्न स्थानों से पानी के सैंपल लिए, जिनमें गोपाल पाटीदार के घर के पास के जल स्त्रोत और गांव के कुओं का पानी शामिल है। सभी सैंपल जांच के लिए मंदसौर प्रयोगशाला भेजे।
- **गांव में सतर्कता, ग्रामीणों से अपील-** फिलहाल गांव में सतर्कता बरती जा रही है और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि किसी भी प्रकार का संक्रमण फैलने से रोका जा सके। ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि वे केवल स्वच्छ और सुरक्षित पानी का ही उपयोग करें तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही हिदायतों का पालन करें।

---

### बिहार में दोबारा जंगलराज रोका, अब बंगाल से विदा करेंगे



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में कहा कि यहां की जनता अब असली परिवर्तन चाहती है। हर कोई 15 साल के महाजंगल राज को बदलना चाहता है। अभी तो बीजेपी-एनडीए ने बिहार में जंगलराज को रोका है। अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है।

पीएम ने सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है। केंद्र सरकार ने कई बार चिट्ठी लिखी कि बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन चाहिए, लेकिन बंगाल सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि घुसपैठिए इनके पक्के वोटर हैं। पीएम ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया। इससे पहले सुबह पीएम असम में थे। वहां मोदी ने कलियाबोर में 6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई।

---

फूल सिंह बरैया ने बयान पर नहीं मांगी माफी

### दो साल की बच्चियों को लेकर फिर से कर दी विवादित टिप्पणी



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में आयोजित राहुल गांधी के दौरे के दौरान भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया ने महिलाओं पर दिए अपने बयान पर माफी तो नहीं मांगी बल्कि उल्टे एक ओर विवादित टिप्पणी कर दी।

भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ इंदौर दौरे पर रहे। इस दौरे के समय विधायक बरैया का विरोध भी हुआ। मीडिया ने बरैया से उनके बयान को लेकर सवाल किया तो उन्होंने माफी मांगने से मना कर दिया। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि वे अपने बयान पर कायम हैं और माफी नहीं मांगेंगे। साथ ही दो साल की बच्चियों के रेप को लेकर एक और विवादित टिप्पणी कर दी।

अपने बयान को लेकर बरैया ने बिहार के प्रो. हरिमोहन झा के लेख और रुद्रयामल तंत्र पुस्तक का हवाला दिया और कहा कि उसमें भी वह बातें लिखी हैं, जो मैंने कही। बरैया ने यह भी कहा कि सिरफिरे लोग महिलाओं के साथ छेड़खानी करते हैं। व्यक्ति बदमाश हो तो उसके साथ अन्याय कर सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ बलात्कार होता है तो क्या मैं चुप बैठूंगा। उन्होंने कहा कि मेरे बयान से पार्टी को न जोड़ा जाए। मैं अपने बयान पर कायम हूं और उन महिलाओं के पक्ष में खड़ा हूं, जिनके साथ अन्याय होता है। मैं माफी नहीं मांगूंगा।

इंदौर में दौरे के समय विधायक फूल सिंह बरैया को विरोध का सामना भी करना पड़ा। भाजपा महिला प्रकोष्ठ के सदस्य काले झंडे लेकर रास्ते में खड़े थे लेकिन पुलिस ने राहुल गांधी के काफिले का मार्ग बदल दिया और उनको एयरपोर्ट पहुंचाया। कालानी नगर चौराहे पर भाजपा महिला कार्यकर्ता काले झंडे लेकर एकत्र हुए। उनके हाथों में तख्तियां भी थी, हालांकि राहुल गांधी का काफिला दूसरे रुट से एयरपोर्ट रोड पहुंचा। इस कारण भाजपा कार्यकर्ता उन्हें काले झंडे नहीं दिखा पाए।

---

महाराष्ट्र में दर्दनाक हादसा

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, 5 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ सोलापुर

महाराष्ट्र के सोलापुर से बड़े सड़क हादसे की खबर सामने आई है। महाराष्ट्र में सोलापुर-पुणे राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस भीषण हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस मृतकों की पहचान करने में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा मोहोल क्षेत्र के देवदरी पाटी के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सभी लोग पनवेल से अक्कलकोट देवदर्शन के लिए जा रहे थे। रात करीब 12 बजे चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और कार सीधे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर ही पांच लोगों की जान चली गई। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

---

सड़क किनारे बैठकर खाना खा रहे थे

## कार ने 13 मजदूरों को रौंदा, 2 की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जबलपुर



मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को तेज रफ्तार कार ने 13 मजदूरों को कुचल दिया। हादसे में 2 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 मजदूर घायल हो गए। घायलों में से 7 की हालत नाजुक है। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है।

हादसा बरेला थाना क्षेत्र के एकता चौक पर दोपहर करीब 2 बजे हुआ। मृतकों की पहचान चैनवती बाई (40 वर्ष) और लच्छो बाई (40 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक और सभी घायल मंडला जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र के बिहारिया गांव के रहने वाले हैं। डेढ़ माह से यहां मजदूरी कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार, मजदूर सड़क के डिवाइडर में लगी लोहे की जालियों की सफाई करने के बाद बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान बरेला से जबलपुर की ओर आ रही सफेद कार उन्हें रौंदते हुए भाग गई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत बरेला थाना पुलिस और डायल 108 को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय भी घायलों का हाल जानने अस्पताल पहुंचे।

---

यूपी में घना कोहरा, 70 वाहन टकराए

### 12 लोगों की मौत, हिमाचल में तापमान माइनस 2.6 डिग्री

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में रविवार को घना कोहरा छाया। जीरो विजिबिलिटी के कारण अलग-अलग शहरों में 70 वाहन टकराए। कुल 22 हादसों में 12 की मौत हुई, 75 लोग घायल हैं। अकेले अमरोहा में 15 वाहन टकराए। शनिवार को भी 16 जिलों में सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हुई थी।

हिमाचल प्रदेश में ताबो का तापमान राज्य में सबसे कम -2.6 डिग्री रहा। उत्तराखंड के चमोली और पिथौरागढ़ के ऊंचे इलाकों में शनिवार को बर्फबारी हुई। बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां के 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। भागलपुर के साबौर में सबसे कम तापमान 5.4 डिग्री रहा। दिल्ली में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री रहा, जो मौसम के औसत से 2.3 डिग्री कम है।

---

ईरान में हाल के प्रदर्शनों के दौरान सड़कों पर उतरे लोगों को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उम्मीद थी

## ट्रम्प ने हमें धोखा दिया, जब सबसे ज्यादा जरूरत थी तब समर्थन वापस लिया

एजेंसी ▶▶ तेहरान/वाशिंगटन



**अबतक करीब 5000 लोगों की मौत**

ईरान में हाल के प्रदर्शनों के दौरान सड़कों पर उतरे कई लोगों को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उम्मीद थी कि वे उनके लिए मददगार साबित होंगे। लेकिन अब ट्रम्प के रुख में आए बदलाव को लेकर कई ईरानी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि ट्रम्प ने जो कहा और बाद में जो किया, उनके बीच बहुत बड़ा फर्क था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश छोड़ गए एक ईरानी ने कहा कि जब ट्रम्प ने यह कहा कि अब और हत्याएं नहीं होंगी, तो लोग सन्न रह गए। लोगों में गुस्सा था और वे कहते रहे कि उन्हें तोप का चारा बना दिया गया। उनका मानना था कि ट्रम्प ने उन्हें धोखा दिया और बेवकूफ बनाया। कई लोगों का मानना है कि ट्रम्प के बयानों की वजह से लोगों को उम्मीद जागी थी और उन्होंने जान जोखिम में डालकर प्रदर्शन किया, लेकिन जब सबसे ज्यादा जरूरत थी तब अमेरिका का समर्थन खत्म हो गया। ईरान में 28 दिसंबर से जारी हिंसक प्रदर्शन में अबतक 5 हजार लोगों की मौत हो गई। इनमें करीब 500 सुरक्षाकर्मी शामिल है। एक ईरानी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर रॉयटर्स को यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा हिंसक झड़पें उत्तर-पश्चिम ईरान के कुर्द इलाकों में हुईं, जहां हालात सबसे ज्यादा खराब थे।

---

### ग्रीनलैंड- ट्रम्प के विरोध में हजारों लोग सड़कों पर

**हमारा देश बिकाऊ नहीं, अमेरिका के साथ ट्रेड एग्रीमेंट रोकने की तैयारी में यूरोपीय संघ**

एजेंसी ▶▶ नुउक



ग्रीनलैंड में ट्रम्प के विरोध में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर दिए बयानों पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने 'ग्रीनलैंड बिक्री के लिए नहीं है' के नारे लगाए। बर्फीली सड़कों के बीच प्रदर्शनकारी ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक के डाउनटाउन से अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय झंडे लहराए और विरोधी पोस्टर थामे रहे। पुलिस के मुताबिक यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है, जिसमें नुउक की लगभग एक-चौथाई आबादी शामिल हुई। इसी दौरान अमेरिका ने यूरोप के 8 देशों पर 10% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। इससे ग्रीनलैंड के लोगों में ट्रम्प को लेकर गुस्सा और बढ़ गया। दूसरी ओर यूरोपीय संघ के सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में हैं। यूरोपियन पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष मैनफ्रेड वेबर ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि ट्रम्प की ग्रीनलैंड धमकियों के कारण अमेरिका से समझौते को मंजूरी देना संभव नहीं है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### मौनी अमावस्या पर संतों, श्रद्धालुओं ने मोक्षदायिनी में डूबकी लगाई, सुबह से अपरांह तक चला स्नान का क्रम,संतों ने भी लगाई डूबकी

# पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया आस्था का स्नान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धर्म एवं ध्यान पर्व मौनी अमावस्या पर मोक्षदायिनी, उत्तर वाहिनी शिप्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था का स्नान किया है। सुबह से लेकर अपरांह तक चले स्नान के क्रम में श्रद्धालुओं के साथ संतों ने भी डूबकी लगाई है। सुबह के समय तो शिप्रा में घाटों पर मिनी कुंभ का नजारा बन गया था। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तैराक दलों ने अपनी सेवाएं दी है। मौनी अमावस्या का स्नान शिप्रा के अनेक घाटों पर श्रद्धालुओं ने किया है। मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में माघ मेले में स्नान करने भी शहर से कुछ श्रद्धालुओं के जाने की जानकारी सामने आ रही है।

मौनी अमावस्या पर पवित्र एवं मोक्षदायिनी,एक मात्र उत्तर वाहिनी शिप्रा नदी में आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है। रामघाट सहित अन्य घाटों पर पर्व स्नान के लिए सुबह से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके चलते घाटों पर अच्छी खासी भीड लगी रही। कई श्रद्धालुओं ने परिवार सहित घाटों पर पहुंचकर सिढी पर बैठकर इस दौरान स्नान किया।

### पितरों के निमित्त पूजन

मौनी अमावस्या पर आस्था के साथ स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने रामघाट एवं सिद्धवट घाट पर पहुंचकर अपने पितरों के निमित्त पूजन अर्चन एवं तर्पण भी किया।देव दर्शन के साथ पितरों के निमित्त गौ ग्रास डाला गया। इसके साथ ही संतों एवं गरीबों को भोजन एवं दान दिया गया है। घरों में भी मौनी अमावस्या के पूजन में पितरों को धूप ध्यान किया गया।



### घरों में दाल-बाटी का भोज

मौनी अमावस्या पर मालवा की परंपरा अनुसार अधिकांश घरों में दाल-बाटी का भोज बनाया गया। इस दौरान लहसून एवं प्याज का उपयोग नहीं किया गया। देशी मसालों से ही दाल को स्वादिष्ट बनाया गया था। इसके उपरांत घरों में पितृदेव के निमित्त भोग लगाया गया।

### संतों ने भी किया स्नान

इधर सामने आ रहा है कि माघ मेले में स्नान की महत्ता को देखते हुए वहां नहीं जा पाने वाले संतों ने भी मोक्षदायिनी में स्नान किया है। सुबह के समय दत्त अखाडा एवं पास के कुछ घाटों पर संतों ने भी स्नान किया है। इस दौरान उनके साथ उनके अनुयायी एवं श्रद्धालु भी मौजूद रहे ।

### शहर एवं आसपास के श्रद्धालु जुटे

मौनी अमावस्या के स्नान के लिए शिप्रा के विभिन्न घाटों पर शहरी क्षेत्र के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी श्रद्धालु जुटे थे। श्री महाकालेश्वर दर्शन एवं पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं ने भी इस दौरान बडी संख्या में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया है।इधर मौनी अमावस्या पर महिदपुर में भी अहिल्याघाट पर श्रद्धालुओं के स्नान की खबर है।



### 8 दिन पूर्व से नर्मदा का पानी छोडा गया

शिप्रा में मौनी अमावस्या स्नान के लिए 8 दिन पूर्व से ही तैयारी का क्रम शुरू हो गया था। इसके चलते कान्ह का गंदा पानी शिप्रा के विभिन्न बैराज से छोडते हुए बाद में त्रिवेणी के पास मोतीनगर में स्थित नर्मदा की पाईप लाईन से शिप्रा में पानी छोडा गया था। यह पानी गऊघाट बैराज,भूखी माता बैराज से होता हुआ नर्सिंह घाट,रामघाट क्षेत्र तक पहुंचा था।

### तैराक दल रहे तैनात

मौनी अमावस्या पर शिप्रा के रामघाट पर मां शिप्रा तैराक दल ने अपनी सेवाएं दी है। किसी भी प्रकार की अनहोनी को लेकर सतर्क होते हुए दल यहां आने वाले श्रद्धालुओं को पूर्व से सतर्क कर रहा था एवं जहां पानी ज्यादा और गहराई में था वहां जाने से रोका गया। श्रद्धालुओं को सिढी पर बैठकर ही स्नान के लिए प्रेरित किया जाता रहा।

## जन जागरूकता...!

अगर आप गंभीर किस्म के व्यक्ति हैं और आप को हंसी बहुत कम आती है तो आप शहर के मुख्य चौराहा पर एक और जाकर बैठ जाएं। उसके बाद यहां पर सिग्नल के साथ चलने वाले यातायात में वाहन चालकों के अजूबे को देखकर पहले मुस्कुराएंगे,कुछ देर बाद हंसेंगे और इसके बाद तो जमकर खिलखिलाएंगे। वर्तमान में हमारे सफेद वदीर्धारी सडक पर वाहन चलाने वालों के लिए जनजागरूकता माह चला रहे हैं। इनकी जनजागरूकता के तहत अभी 15-17 दिन निपट गए हैं। इनकी कार्यपद्धति अव्वल तो अजीब ही है। प्रारंभिक स्तर पर तो ये धरातल पर नजर आए और जागरूकता के लिए इन्होंने धरातल पर काम किया। वाहन चालकों को फूल दिए तो सस्ते दरों पर सिर का टोपा भी दिया। इसके बाद धरातल के काम को चैंबर में बैठकर अंजाम देना शुरू कर दिया। यानिकी कागज का शेर बताकर कोहराम मचाने का काम करना शुरू कर दिया। इसमें भी एक काम ऐसा किया जिसे लेकर खुसूर-फुसूर हो रही है। इसके तहत इन्होंने चैंबर में बैठकर किशोरवय के बच्चों को जागरूक कर दिया। जिन्हें वाहन चलाने का अधिकार ही नहीं है उन्हें जागरूक कर दिया। यहां लायसेंसधारी को जागरूक करना टेडी खीर साबित हो रहा है,लाल बत्ती का पालन कर नहीं रहे हैं। नियम क्या होता है इसे जानने की किसी को फुर्सत नहीं है और लाख कोशिशों के बाद भी सुधरने को तैयार नहीं है। चाहे जहां से पलट जाना, लाल बत्ती के दौरान चौराहा पूरा जाम । ऐसा नहीं लगता है कि किसी ट्राफिक सिग्नल पर वाहन चालक खडे हैं,चौराहा पर खडे वाहन चालकों को देखकर लगता है जाम लगाने खडे हैं। उल्टे हाथ पर जाने वाले वाहन चालक को ही जगह नहीं मिल पाती है। सीधे हाथ की और जाने वाला वाहन चालक उल्टे हाथ के मुहाने पर खडा होता है और उसके बाद जैसे ही हरी लाईट होती है तो सीधे सबकों रोकते हुए बीच में से तीर की तरह जाता है। इससे पुरी स्थिति जाम हो जाती है। इतनी देर में हरी बत्ती फिर से लाल हो जाती है। अब आप ही बताएं ऐसे हालातों में चैंबर में बैठकर जनजागरूकता से कितना लाभ होगा।




## बाबा महाकाल में उमडी क्रिकेटरों की आस्था, भस्मार्ती की ध्यान साधना में रम रहे क्रिकेट खिलाड़ी

**उज्जैन।** रविवार को इंदौर में खेले जा रहे भारत एवं न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के तीसरे मैच से पूर्व धर्मनगरी में क्रिकेट खिलाडियों के साथ ही उसके बोर्ड की आस्था और ध्यान साधना देखने को मिली है। पिछले तीन दिनों से लगातार श्री महाकालेश्वर मंदिर में इनका आगमन हो रहा है। इससे पूर्व महिला क्रिकेट टीम भी अपनी आस्था के साथ यहां पहुंची थी। शनिवार रात को संध्या आरती में भूतपूर्व भारतीय क्रिकेटर वर्तमान बीसीसीआई ट्रेजर रघुराम भट्ट ने भगवान के दर्शन किए थे।

**कोच से लेकर विराट तक पहुंचे-** इससे पूर्व शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर एवं बेटिंग कोच शीतांशु ने भगवान श्री महाकालेश्वर के प्रातःकालीन भस्म आरती में सम्मिलित होकर दर्शन लाभ लिया था। श्री गौतम शनिवार को आगर जिला के नलखेडा में मां बगलामुखी के दर्शन एवं पूजन के लिए भी पहुंचे थे। उन्होंने वहां पंडितों से मंदिर को लेकर जानकारी भी ली थी। शुक्रवार को ही भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाडी के. एल. राहुल ने भगवान के दर्शन किए थे। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक सिम्मी यादव ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। शनिवार को भारतीय क्रिकेट टीम के प्रसिद्ध खिलाड़ी विराट कोहली एवं कुलदीप यादव ने प्रातःकालीन भस्म आरती में दर्शन लाभ लिया था। प्रबंध समिति की ओर से अपर कलेक्टर व प्रशासक प्रथम कौशिक एवं सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल द्वारा उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया था।

**महिला टीम ने भी किए थे दर्शन-** भारतीय महिला क्रिकेट टीम भी इंदौर में होने वाले मैच के पूर्व भगवान श्री महाकालेश्वर दर्शन के लिए पहुंची थी। उसके बाद उन्होंने विश्वकप जीत के उपरांत भी मंदिर में पहुंचकर भगवान को शीश नवाया था। हाल ही में एक बार फिर से महिला क्रिकेट टीम की सदस्यों ने संयुक्त रूप से भस्मार्ती में भाग लिया था।

**आवश्यकता है**

(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)

**बागड़िया न्यूज़ एजेंसी**
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

### सुबह से शाम तक शिप्रा नदी के अंदर पानी में रहकर खोज करते हैं...

# शिप्रा नदी से सिक्के व कीमती सामान ढूंढकर अपनी आजीविका चला रहे कई लोग

### मां शिप्रा की कृपा सब पर बनी रहती हैं रोज 300- 400 रुपए के सिक्के व कीमती सामान मिल जाता है





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कई ऐसे लोग हैं जिनका रोजगार शिप्रा नदी से टिका हुआ है। कई लोग सिक्के व कीमती सामान की तलाश में सुबह से शाम तक शिप्रा नदी के अंदर पानी में रहकर सिक्के व कीमती सामान की खोज करते हैं। इस कार्य से कई लोग अपनी आजीविका चला रहे हैं। शिप्रा नदी से सिक्के, सोना,चांदी आदि कीमती सामान भी निकल रहे हैं। नदी के अंदर सिक्के ढूंढने वालों का कहना है की मां शिप्रा की कृपा सब पर बनी रहती हैं रोज 300- 400 रुपए के सिक्के व कीमती सामान मिल जाता है। जिससे उनका गुजारा हो जाता है। यह भी कहना है कि किसी के सामने हाथ फैलाने से तो यह काम अच्छा है। मां शिप्रा सभी पर आशीर्वाद बनाए रखती है। किसी को भी निराश नहीं होने देती है।

कई संख्या में लोग मां शिप्रा का आशीर्वाद पाने की धारणा को लेकर कीमती वस्तुएं व सिक्के ढूंढने का काम करते हैं उनकी आजीविका इस पर ही निर्भर है। शिप्रा नदी के रामघाट, राणौ जी की छतरी के तरफ घाट, दत्त अखाड़ा घाट सहित अन्य घाटों पर कई लोग सिक्के व कीमती सामान ढूंढने के कार्य में सुबह से जुट जाते हैं। नदी में सिक्के निकाल रही एक महिला लक्ष्मीबाई से जब दैनिक अवंतिका के संवाददाता ने बात की तो उन्होंने इसे मां शिप्रा का आशीर्वाद बताया। सिक्के ढूंढ रही महिला ने बताया कि मां शिप्रा का आशीर्वाद सदैव उनके भक्तों पर बना रहता है। रोज सुबह से शाम तक शिप्रा नदी में सिक्के ढूंढते हैं। सुबह से शाम तक में नदी के अंदर से कुछ ना कुछ मिल ही जाता है। अधिकतर दो, पांच दस रूपए के सिक्के निकलते हैं। जिससे उनकी आजीविका चल जाती है। इस काम में लोगों को काफी परिश्रम करना पड़ता है। सिक्के निकालने के लिए लोगों को पूरे समय नदी के अंदर पानी में रहना पड़ता है। कई बार ऐसा भी होता है कि सुबह से शाम तक नदी में रहने के बाद भी कुछ नहीं मिलता है। महिला ने बताया इसके अलावा अन्य लोग भी नदी में सिक्के व अन्य सामान ढूंढने का काम करते हैं। लेकिन मां शिप्रा किसी को भी निराश नहीं करती है सभी को इतना मिल जाता है कि उनकी आजीविका चल जाती है।

### 2, 5 व 10 के सिक्के ज्यादा मिलते

लक्ष्मी बाई ने बताया कि 2, 5 व 10 के सिक्के ज्यादा निकलते है कभी-कभी चांदी की धातु भी हाथ लग जाती है कुछ दिनों पहले चांदी से बने नाग देवता मिले थे इसके पहले भी सोने चांदी की अन्य धातु नदी के अंदर से मिल चुकी है लेकिन अधिकतर ढूंढने के दौरान सिक्के ही मिलते हैं।



# कार्यशाला सह बैठक से भी 10 स्कूल गायब

### स्कूलों के आधारभूत उन्नयन को लेकर 7 पृष्ठ पर ली जानकारी, दो शिफ्ट में आयोजित हुई वार्षिक कार्ययोजना की बैठक



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शनिवार को स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों के आधारभूत उन्नयन को लेकर कार्यशाला सह बैठक का आयोजन किया था। दो शिफ्ट में आयोजित बैठक सह कार्यशाला से प्रथम शिफ्ट में 2 एवं दुसरे शिफ्ट में 8 विद्यालय के जिम्मेदार गायब रहे हैं। 203 में से 10 स्कूल अनुपस्थित रहे जिन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाएगा ।

शासकीय उत्कृष्ट उ मा वि माधवनगर के अटल सभा ग्रह में जिले के 203 स्कूलों की समग्र शिक्षा अभियान की वार्षिक कार्ययोजना को लेकर बैठक प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री की अध्यक्षता में हुई । दोनों शिफ्ट में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री द्वारा सभी स्कूलों को कार्य समय पर करने की हिदायत देते हुए पेंडेंसी समाप्त करने हेतु निर्देशित किया ।

### 7 पृष्ठों में ली जानकारी

एडीपीसी गिरीश तिवारी द्वारा सभी स्कूलों से 7 पृथक पृथक पृष्ठ पर कार्यशाला के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा, सुद्दढ़ीकरण, आईसीटी स्मार्ट क्लास, दिव्यांग विद्यार्थी, एक्सेस उन्नयन, अकादमिक प्री बोर्ड, नवाचार, सफलता की कहानी, समस्त ऑनलाइन कार्य पर बिंदु वार प्रत्येक स्कूल से लिखवाया गया । प्रत्येक बिंदु पर एडीपीसी तिवारी द्वारा समझाते हुए विद्यालय की बेहतरी के लिए वर्तमान स्थिति, मांग एवं प्रस्ताव लिखित में लिए गए । साथ ही प्रत्येक बिंदु पर ऑनलाइन रिपोर्ट अनुसार पीपीटी के माध्यम से पेंडेंसी वाले स्कूलों को कार्य पूर्ण करने को कहा । एडीपीसी द्वारा कार्यशाला के प्रथम शिफ्ट में 85 वोकेशनल स्कूल एवं द्वितीय शिफ्ट में 118 अन्य स्कूलों की लिखित में समीक्षा की । छात्रवृत्ति की समीक्षा योजना अधिकारी संगीता श्रीवास्तव द्वारा की गई । 203 में से 10 स्कूल अनुपस्थित रहे जिन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी होगा ।

### ये स्कूल रहे गायब

पहली शिफ्ट-उमावि इन्दोख, उमावि भाटपचलाना

दुसरी शिफ्ट- हाई स्कूल एरवास, घटिया, बढ़गरा, सुंदरबाद, बमनापाति, करेडी, रनायरापीर, गुराडिया गुर्जर

### शहर कैसे पहुंचे सफाई के उच्च पायदान पर

# ड्रेनेज चैंबर ओवरफ्लो, कचरे के ढेर ही ढेर


पं राहुल शुक्ल ▸▸ उज्जैन

नगर निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के लगातार प्रयास रहते हैं कि बाबा महाकाल की पावन नगरी स्वच्छता के विभिन्न पेरामिटर्स पर खरा उतरे और सफाई मे उच्च पायदान पर आए किन्तु बिना ठोस प्रयास से ये संभव नही। ठोस धरातल पर शहर मे कई स्थानो पर गंदगी के ढेर , ओवरफ्लो चैंबर व मक्खी मच्छर की भरमार नजर आती है।कुछ वार्डो की स्थिति तो बहुत ही गंभीर है।

### नीलगंगा मल्टी के पास समानांतर ट्रेंचिंग ग्राउंड

वार्ड क्रमांक 34 जहां नीलगंगा थाना व पुलिस कालोनी है उसी के पास नीलगंगा मल्टी है जहां चारधाम मंदिर के पास की गोंड बस्ती के विस्थापित रह रहे हैं। इन्हे शासन द्वारा आवास उपलब्ध कराए गए किन्तु जगह पूरी तरह अस्वच्छ और स्वास्थ्य के प्रतिकूल ही है। मल्टी के आगे नगरनिगम का कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड है और पास ही एक बडा नाला बहता है। ट्रेंचिंग ग्राउंड तो जल्दी ही शिफ्ट होकर अन्यत्र जानेवाला है पर एक और समानांतर कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड नाले के पास बन चुका है । यहां कचरा सडांध मारता रहता है साथ ही पॉलीथिन का अंबार है। कचरे के ढेर पर मवेशी और कुत्ते क्रीडा करते रहते हैं जिससे गंदगी सडक तक फैल जाती है।





### नाले की बदबू से सभी परेशान

नीलगंगा मल्टी के 72फ्लेट मे कम आयवर्ग के लोग रहते हैं जो छोटे मोटे काम या धंधे करते हैं। ये सभी गंदगी व बदबू के मध्य असहनीय परिस्थितियों मे जीवनयापन कर रहे हैं क्योंकि शिकायत करने पर भी कोई निराकरण नहीं हो पा रहा।

### स्वयं के पैसे से कितनी बार सफाई कराएं

क्षेत्र की गंदगी और मल्टी के कचरे से परेशान होकर मल्टी के आसपास कई बार निजी तौर पर पैसे देकर सफाई करवाई किन्तु कब तक ऐसा कर सकते हैं हमारी भी एक सीमा है।बहुत परेशान हो चुके हैं।

**-पिंकी खत्री ,स्थानीय रहवासी**

### कम से कम नाला ही कवर हो जाए

नाले से इतनी ज्यादा बदबू आती है कि सिर चढ़कर दुखने लगता है नगरनिगम कम से कम इस खुले नाले को ढंक दे तो बदबू से निजात मिले।शिकायत करते हैं पर कोई सुनता नहीं।

**-सीमा कहार, रहवासी नीलगंगा मल्टी**

### चोक चैंबर तक साफ नही होते

बहुत दिनों से मल्टी का चैंबर चोक होने पर ओवरफ्लो हो रहा है। गंदा पानी सडक पर आ रहा है किन्तु सुनवाई नहीं होने से परेशान हैं।

**-कालू पंसोरिया, मल्टी रहवासी**

### लोग भी कचरा डाल रहे, सैंस नहीं

परेशानी ये है कि आसपास के लोग भी सुबह और अंधेरा होने पर कचरा यहां डाल जाते हैं और कचरा गाडी या कूडादान मे कचरा नहीं डालते परिणामस्वरूप अवैध डंपिंग ग्राउंड बन गया है।

**-गणेश कुशवाह, नीलगंगा मल्टी**

### एकजुटता की कमी

मल्टी के रहवासी गंदगी के बीच रहना गवारा करते हैं पर एकजुट होकर इस समस्या के निराकरण के लिए प्रयास नहीं करते फलस्वरूप गंदगी और सडांध के वातावरण मे रहने को मजबूर हैं।

**-सावन कहार, स्थानीय रहवासी**

### पार्षद की पीडा

कुछ ही समय बाद नाला कवर होनेवाला है। समय समय पर मैं स्वयं जाकर सफाई करवाता हूं किन्तु लोगो मे सफाई का सैंस नही है। कचरा आसपास ही डालते रहते हैं । चैंबर की सफाई भी करवा चुका हूं पर मल्टी के लोग ड्रेन मे ही पॉलिथिन और कचरा डालते रहते हैं। जब तक लोग सहभागी नहीं बनेंगे सफाई कैसे रह पाएगी।

**-विजय चौधरी,**
**पार्षद वार्ड क्रमांक 34**

### कचरे से नुकसान

रहवासी बस्ती के पास इतनी अधिक मात्रा मे कचरा होना , खतरे की घंटी ही है जो लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कचरा डंप होने पर मिथैन गैस बनती है जो ज्वलनशील गैस होती है। ये वायुप्रदूषण तो करती ही है साथ ही श्वसनतंत्र को प्रभावित करती है। इससे अस्थमा, श्वसन मे परेशानी व दम घुटने का अंदेशा बना रहता है।जमीनी स्तर पर ओजोन जैसी हानिकारक गैस के अंश भी बन सकते हैं जिससे सिरदर्द, चक्कर व मतली जैसी व्याधियों हो सकती हैं।

**-श्रीमती अंकिता चौहान,**
**रसायनशास्त्री**

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 19 जनवरी 2026 | www.awantika.com



## महाकाल के दरबार में पुलिसकर्मियों ने लगाई अर्जी

# 5500 जवान पहुंचे महाकाल दरबार; बड़ी अनोखी है इनकी मांग

### वर्दी का अपमान और बच्चों के भविष्य की चिंता

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मध्यप्रदेश पुलिस के ट्रेड आरक्षक कैडर के सिपाही और हवलदारों ने अफसरों की व्यक्तिगत सेवा और ह्यअर्दली व्यवस्थाह्न के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार कुक, नाई, धोबी और स्वीपर जैसे पदों पर तैनात 5500 पुलिसकर्मियों ने अपनी व्यथा लेकर बाबा महाकाल के दरबार में हाजिरी लगाई। पुलिसकर्मियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने महाकाल के चरणों में लिखित अर्जी सौंपकर मुख्यमंत्री के हृदय में करुणा जगाने की प्रार्थना की है, ताकि उन्हें इस अपमानजनक व्यवस्था से मुक्ति मिल सके।





महाकाल को सौंपी गई अर्जी में पुलिसकर्मियों ने अपना दर्द साझा करते हुए लिखा कि हमारी वर्दी आज अपमान से झुकी हुई है। हम नहीं चाहते कि हमारे बच्चे हमें गुलाम समझें। इन जवानों का कहना है कि वे देश की सेवा के लिए पुलिस बल में भर्ती हुए थे, लेकिन आज भी वे अफसरों के घरों में कुक, नाई और मोची का काम करने को मजबूर हैं। उन्होंने मांग की है कि उन्हें ट्रेड आरक्षक से हटाकर जनरल ड्यूटी (जीडी) में मर्ज किया जाए, ताकि वे कानून व्यवस्था की मुख्यधारा में शामिल हो सकें।

### पदोन्नति के बाद भी करना पड़ रहा है चाकरी का काम

पुलिसकर्मियों ने बताया कि ट्रेड कैडर में भर्ती हुए जवान सात साल की सेवा के बाद जिला पुलिस के सहयोगी बनने के पात्र हो जाते हैं। विडंबना यह है कि पिछले 12 वर्षों से उनके जनरल ड्यूटी में संविलियन पर रोक लगी हुई है। हालात यह हैं कि कई जवान पदोन्नति पाकर सब इंस्पेक्टर स्तर तक पहुंच गए हैं, लेकिन विभाग उनसे अब भी अफसरों के घरों में स्वीपर और कुक का ही काम करवा रहा है। पड़ोसी राज्यों में इन कैडरों को मर्ज कर पुलिस बल की कमी पूरी की जा रही है, परंतु मध्य प्रदेश में यह प्रक्रिया ठप पड़ी है।

### 2012 में बंद हुए थे संविलियन के द्वार

अर्जी के माध्यम से ट्रेड आरक्षकों ने बताया कि मध्य प्रदेश में पहले प्रचलित नियम के तहत पांच वर्ष की संतोषजनक सेवा के बाद उन्हें जनरल ड्यूटी में शामिल कर लिया जाता था। वर्ष 2012 में तत्कालीन पुलिस महानिदेशक द्वारा इस व्यवस्था को बंद कर दिया गया था। जवानों का आरोप है कि निजी स्वार्थों के चलते इस नियम को खत्म किया गया ताकि अफसरों को घरों में मुफ्त के सहायक मिलते रहें। अब इन 5500 जवानों ने महाकाल से न्याय की गुहार लगाई है ताकि उन्हें भी सम्मानजनक पुलिस ड्यूटी का अवसर मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य अधिकारी ने वस्तुस्थिति से कराया अवगत

**इंदौर।** विभिन्न समाचार पत्रों में 16 जनवरी को प्रकाशित समाचार 'भागीरथपुरा में 24वीं मौत, 78 वर्षीय महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ा', उक्त समाचार के संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए समाचार का खण्डन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि वस्तु स्थिति यह है कि सुभद्राबाई पति वसंतराव पंवार की मृत्यु उल्टी-दस्त से नहीं हुई है। इसकी पुष्टि मेट्रो अस्पताल प्रबंधन ने भी की है, जहाँ उनका इलाज चल रहा था। विभिन्न समाचार पत्रों में सुभद्राबाई पति वसंतराव पंवार की डायरिया से मृत्यु होने का समाचार मृतका के पुत्र डॉ. सतीश पंवार ने पढ़ी, जो स्वयं एनेस्थीसिया के विशेषज्ञ हैं, ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी को अवगत कराया कि माताजी को पूर्व से हृदय रोग था तथा सीने में दर्द की शिकायत के साथ उन्हें भर्ती कराया गया था।

### पर्यटन विभाग द्वारा कसरावद में सेमिनार आयोजित किया

**इंदौर।** भारत पर्यटन इंदौर पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा केंद्रीय विद्यालय कसरावद के युवा टूरिज्म क्लब के विद्यार्थियों एवं अन्य विद्यार्थियों को पर्यटन के महत्व एवं पर्यटन में केरियर बनाने एवं भारत सरकार की पर्यटन योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय कसरवाद के लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पर्यटन विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को पर्यटन के प्रति जागरूक करना तथा पर्यटन स्थलों को साफ स्वच्छ रखने, विरासत को कोई क्षति ना पहुंचाएं, अगर कहीं कोई ऐसा करते हुए दिखे तो वह उन्हें भी ऐसा करने से रोकें। इस तरह से हमारे युवा पीढ़ी ही पर्यटन की ब्रांड एंबेसडर होगी।

### सीएम ने पंचायत सचिव सम्मेलन को किया संबोधित

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्मरण करते हुए कहा कि सच्चे अर्थों में भारत की आत्मा गांवों में बसती है। अगर देश का विकास करना है तो गांवों को विकसित करें, देश अपने आप आगे बढ़ता चला जाएगा। इसी उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण अंचलों में उद्योग स्थापित करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि हमारे गांव ही स्वावलंबी भारत की नींव हैं। राज्य सरकार पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। प्रदेश के किसानों की समृद्धि और ग्रामीण विकास को गति प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने वर्ष-2026 को कृषि कल्याण वर्ष घोषित किया है। इसमें 16 अलग-अलग विभागों को शामिल किया गया है। कृषि कल्याण वर्ष में खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, मत्स्य पालन और लघु-कुटीर उद्योग सहित सभी विभागों की योजनाओं का लाभ पंचायत हितग्राहियों को मिलेगा। ग्रामीण विकास में पंचायत सचिवों की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को भेल दशहरा मैदान पर आयोजित प्रदेश स्तरीय पंचायत सचिव सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सम्मेलन में पहुंचने पर करतल ध्वनि और नारों से उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पंचायत सचिव महासंघ के प्रतिनिधियों द्वारा बड़ी माला और पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किए

# महानारयमन सिंधिया भस्म आरती में हुए शामिल

### दर्शन के उपरांत, सिंधिया ने अपने अनुभव साझा किए

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष महानारयमन सिंधिया ने आज ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के प्रातःकालीन भस्म आरती में दर्शन लाभ लिए। दर्शन के उपरांत, सिंधिया ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की व्यवस्था बहुत अच्छे से की गई है। दर्शन उपरांत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से श्री सिंधिया का स्वागत एवं सत्कार किया गया।



महा आर्यमन ने आज महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने महाकाल की विधि विधान से पूजा अर्चना की। महानारयमन ने महाकाल से प्रार्थना की इस दौरान वे काफी देर तक आंखें बंद कर हाथ जोड़कर बाबा महाकाल के सामने खड़े रहे। महानारयमन सिंधिया ने महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में चांदी द्वार से बाबा महाकाल के दर्शन किए।

### मंदिर परिवार के साथ मेरा पीढ़ियों से रिश्ता है



बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद महानारयमन सिंधिया ने मीडिया से कहा कि इस पूरे मंदिर परिवार के साथ मेरा पीढ़ियों से रिश्ता है और मैं आप सबको कहना चाहूंगा कि आज जिस तरीके से भस्म आरती हमने देखी है, मैं चाहता हूं कि पूरे देश के लोग यहां आएं और भस्म आरती का आनंद लें। देशवासियों से कहना चाहूंगा कि आप भी बाबा महाकाल का नाम लें। बाबा महाकाल के अच्छे से दर्शन होने पर आपने सबको बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और कहा कि जिस तरह से मुझे दर्शन करवाए हैं और सभी के लिए यहां पर व्यवस्था की है। वह बहुत अच्छे से की गई है। बड़े आराम से लोग यहां पर दर्शन कर रहे हैं।

## महाकाल महोत्सव का चौथा दिन :रामधुन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बनाया अद्भुत माहौल



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

उज्जैन में 14 से 18 जनवरी तक श्री महाकाल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिसके चौथे दिन शनिवार को विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम और 'कला यात्रा' आयोजित की गई। इन आयोजनों ने महाकाल लोक में भक्ति, कला और लोकसंस्कृति का माहौल निर्मित किया।

चौथे दिन की 'कला यात्रा' बुधवारिया क्षेत्र से शुरू हुई। यह यात्रा नई सड़क, सतीगेट और गोपाल मंदिर मार्ग से होते हुए श्री महाकाल महालोक में समाप्त हुई। इस दौरान उज्जैन के योगेश मालवीय और उनके मलखंब दल ने पारंपरिक मलखंब का प्रदर्शन किया। महोत्सव के मंच पर जनजातीय लोकनृत्यों की श्रृंखला प्रस्तुत की गई। इसमें हरदा के मंशाराम और उनके साथी कलाकारों ने कोरकू जनजातीय 'गदली नृत्य' प्रस्तुत किया। खंडवा की अनुजा जोशी और उनके दल ने 'गणगौर नृत्य', सागर के लीलाधर रैकवार ने 'ढिमरियाई नृत्य' तथा बड़ौदा के विजय भाई राठवा और उनके साथियों ने राठवा जनजातीय 'राठ नृत्य' की प्रस्तुति दी।

### रामधुन की विशेष प्रस्तुतियां हुईं

शाम को श्री महाकाल महालोक के प्रांगण में सुगम संगीत और बैंड रामधुन की विशेष प्रस्तुतियां हुईं। इंदौर के श्रेयश शुक्ला और उनके बैंड तथा मुंबई के विपिन अनेजा और उनके बैंड ने रामधुन और भक्ति संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित कलाकारों को उप प्रशासक सिम्मी यादव ने सम्मानित किया। इस अवसर पर ज्योतिर्लिंग भगवान भीमाशंकर के पुजारी परिवार से मयुरेश कोडिलकर, चंद्रकांत कौदरे, जालिंदर कौदरे तथा ज्योतिर्लिंग भगवान नागेश्वर (महाराष्ट्र) के पुजारी परिवार से दर्शन पाठक और दिनेश पाठक सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इंदौर द्वारा उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के सहयोग से ₹समकालीन कला साहित्य, संगीत एवं नृत्य का विज्ञान एवं समाज विज्ञान से अंतर्संबंध₹ विषय पर 16 और 17 जनवरी को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी के मार्गदर्शन और चित्रकला विभाग एवं क्द्अउ विभाग द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य कला एवं साहित्य को विज्ञान तथा समाज विज्ञान के साथ नए दृष्टिकोण से समझने तथा समकालीन संदर्भों में उनकी प्रासंगिकता को रेखांकित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कैनवास पर सभी अतिथियों द्वारा पेंटिंग बनाकर किया गया।

## घट्टिया में करोड़ों रुपए की लागत के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मध्यप्रदेश शासन के पंचायत और ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में घट्टिया विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मीण में करोड़ों रुपए की लागत के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हुआ।

मंत्री श्री पटेल द्वारा 5.25 लाख रुपए की लागत से नवीन जनपद पंचायत घट्टिया का भूमि पूजन , 20.00 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक शेड निर्माण ग्राम मीण भूमि पूजन, 10.00 लाख रुपए की लागत से सीमेन्ट कांक्रीट शमशान मार्ग ग्राम मीण भूमि पूजन, 32.00 लाख रुपए की लागत से नवीन पंचायत भवन जयरामपुरा भूमि पूजन, 32.00 लाख रुपए की लागत से नवीन पंचायत भवन गोयला बुजुर्ग भूमि पूजन, 25.00 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण पिपल्याहामा भूमि पूजन, 15.00 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण बिरमखेडी भूमि पूजन, 25.00 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण गुराडिया गुर्जर भूमि पूजन, 25.00 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण तुमडावदा भूमि पूजन और 15.00 लाख रुपए की लागत से रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण रूदाहेडा भूमि पूजन किया गया।

# शुक्र का तारा अस्त होने से इस साल बसंत पंचमी पर कोई शुभ कार्य नहीं होंगे

## बसंत पंचमी पर विवाह मुहूर्त नहीं



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

प्रतिवर्ष बसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त मानकर देशभर में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन जैसे मांगलिक कार्य किए जाते रहे हैं, लेकिन इस वर्ष बसंत पंचमी पर विवाह का कोई मुहूर्त नहीं है। 23 जनवरी, शुक्रवार को आने वाली बसंत पंचमी पूर्व भाद्रपद नक्षत्र, परिघ योग तथा कुंभ के उपरांत मीन राशि में चंद्रमा की साक्षी में रहेगी। धर्मशास्त्र के अनुसार, शुक्र या गुरु का तारा अस्त होने पर विवाह जैसे संस्कार वर्जित माने जाते हैं। इसी कारण इस बार बसंत पंचमी पर विवाह का मुहूर्त नहीं बन रहा है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार, माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को बसंत पंचमी कहा जाता है। इसी दिन खटवांग जयंती और तक्षक पंचमी का भी संयोग रहता है। सामान्यतः इस तिथि को विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्य शुभ माने जाते हैं, किंतु शुक्र तारा अस्त होने से इस बार ये उपक्रम संभव नहीं होंगे।



### इस बार अधिक मास ज्येष्ठ माह में रहेगा

इस बार अधिक मास ज्येष्ठ माह में आने वाला है जो 17 मई से 15 जून तक रहेगा। इस दौरान विवाह आदि कार्य नहीं किए जा सकेंगे। साथ ही शुद्ध ज्येष्ठ मास का जब आरंभ होगा तो विवाह के योग पुनः बनेंगे, किंतु जो घर का बड़ा बेटा या बड़ी बेटी हो तो बड़े बच्चों का विवाह ज्येष्ठ मास में नहीं करना चाहिए। बसंत पंचमी पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल का विशेष श्रृंगार किया जाता है। प्रातः होने वाली भस्म आरती में बाबा को पीले और बसंती पुष्प अर्पित किए जाते हैं। संध्या आरती के दौरान भगवान को गुलाल समर्पित किया जाएगा। बाबा महाकाल का माता सरस्वती स्वरूप में श्रृंगार किया जाता है। इस दौरान भगवान महाकाल के भोग में पीले पकवान विशेष रूप से शामिल किए जाते हैं।

## लाडली बहनों के खाते में आई राशि

# मुख्यमंत्री ने की 49 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से जारी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय लाडली बहना योजना के नर्मदापुरम जिले के माखननगर से लाइव प्रसारण के दौरान उज्जैन जिले की लाडली बहनों के खातों में योजना की राशि की बत्तीसवीं किश्त के रूप में डेढ़ हजार रुपए की राशि जमा की।

जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि योजनांतर्गत इस लाइव प्रसारण कार्यक्रम में जिले की 3,36,666 बहनों के खातों में कुल 49,36,16,200 रुपए की राशि जमा की गई है। जिले में लाइव प्रसारण कार्यक्रम को सभी 2127 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से, सभी नगरीय निकायों उनके वार्डो में तथा सभी 609 ग्राम पंचायतों में जनसामान्य द्वारा विशेषकर महिलाओं द्वारा उत्साह पूर्वक टीवी अथवा मोबाइल के माध्यम से देखा गया। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न उक्त सभी कार्यक्रमों की लाड़ली बहनों के उत्साह वर्धन हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक गण भी उपस्थित थे।



**माखन नगर में रोड-शो किया-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माखन नगर में रोड-शो किया। नगर के मुख्य मार्गों पर खुले वाहन में सवार होकर मुख्यमंत्री ने नागरिकों का अभिवादन किया। रोड-शो के मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का नागरिकों ने पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया। क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है। आज सोहागपुर विधानसभा में 206 करोड़ से अधिक लागत के 35 विकास कार्यों का लोकार्पण और 58 कार्यों का भूमि-पूजन हुआ है। नर्मदापुरम में 11 करोड़ रुपये की लागत से तहसील कार्यालय, माखन नगर में विश्राम गृह, ग्रामीण सड़क और सिवनी मालवा में अस्पताल के भवनों का लोकार्पण हुआ है। नर्मदापुरम में नया पॉलिटेक्निक कॉलेज बनेगा।

न्यूज-कॉलम



## सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा पारंपरिक हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम संपन्न

**मंडलेश्वर।** सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल की ओर से आपसी सौहार्द, संस्कृति एवं परंपराओं को सहेजने के उद्देश्य से हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना की।महिला मंडल की रीटा जोशी ने बताया की इस अवसर पर सभी सखियों ने परंपरा अनुसार आपस में सुहाग सामग्री भेंट की, जिससे कार्यक्रम का माहौल उल्लासपूर्ण और आत्मीय बन गया। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए समाज की एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।कार्यक्रम में महिलाओं ने खेल किए जिसमें रानू उपाध्याय प्रथम और मंगला तिवारी द्वितीय स्थान पर रही।कार्यक्रम के दौरान भजन, मंगल गीत एवं आपसी संवाद ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया। महिला मंडल की सदस्यों ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही। आयोजन के अंत में सभी उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया गया।

## कॉग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया के शर्मनाक बयान को लेकर पुतला दहन



**बुरहानपुर।** कॉग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया द्वारा दिया गया महिला विरोधी शर्मनाक बयान को लेकर बुरहानपुर जिला भारतीय जनता पार्टी एवं महिला मोर्चा द्वारा कमल तिराहा पर उनका पुतला दहन किया गया। इस दौरान उपस्थित महिला मोर्चा द्वारा जमकर नारेबाजी करते हुए कॉग्रेस एवं उसके विधायक फूलसिंह बरैया पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया।भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने, शहर की प्रथम नागरीक महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती किरण रायकवार, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती उमा कपुर ने कॉग्रेस विधायक फूलसिंह बरैया के बयान की कड़ी निंदा करते हुए उसे शर्मनाक करार दिया। उन्होंने बताया कि कॉग्रेस की विचारधारा ही महिला विरोधी रही है। आपने तत्काल प्रभाव से उनकी सदस्यता रदद करने हेतु विधानसभा अध्यक्ष से मांग की है।

## केन्द्रीय जेल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**बड़वानी।** सांस्कृतिक विभाग द्वारा जेल विभाग के समन्वय से गीता जयंती के उपलक्ष्य पर गीता महोत्सव के अंतर्गत पूरे प्रदेश स्तर पर श्रीमद् भगवद् गीता पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे मध्यप्रदेश की जेलो मे निरुद्ध बंदियों के लिए भी विशेष क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। जिसमे केन्द्रीय जेल बड़वानी के लगभग 29 बंदियों द्वारा प्रतियोगिता मे भाग लिया गया था। केन्द्रीय जेल बड़वानी मे निरूद्ध बंदी राजेन्द्र पिता मंगूसिंह को प्रथम पुरुस्कार व बंदी अक्षय पिता राजेन्द्र जोशी को द्वितीय पुरूस्कार के लिए चयनित किया गया।जेल अधीक्षक सुश्री शेफाली तिवारी ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कृत करने हेतु बंदियों के परिजनो को नामांकित कर उनकी ओर से पुरुस्कार लेने हेतु भारत भवन भोपाल मे आयोजित कार्यक्रम मे भाग लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. द्वारा 16 जनवरी को भारत भवन भोपाल मे क्विज प्रतियोगिता मे विजेता प्रतिभागियों के परिजनो को पुरूस्कृत किया।

## मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न



**बाग।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न हुई यह कार्यशाला का आयोजन शासकीय महाविद्यालय बाग में रखा गया । जहां संस्था के ब्लाक समन्वयक मोहन सोलंकी ने कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए ग्राम चौपाल ग्राम रैली सामुहिक श्रमदान एवं पारिवारिक सम्पर्क कार्यक्रमो का आयोजन कर सामाजिक समरसता पर्यावरण संरक्षण स्वावलंबन एवं स्वदेशी नागरिक सेवा शिक्षा एवं संस्कार नशामुक्त समाज एवं गौरक्षा संरक्षण का संदेश जन जन तक पहुंचाया जा सके तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं पात्र हितग्राहियों को उसका लाभ मील सके । सामाजिक कार्यकर्ता संजय निंगवाल ने अपने विचार रखते हुए कहा की शासन ओर आप हम सब मिलकर समाज में ग्रामीणो के जनजीवन और उनकी आर्थिक दशा मे परिवर्तन के लिये महात्मा गांधी और पं दीनदयाल उपाध्याय द्वारा ग्राम स्वराज्य एकात्मवाद जैसे मानवीय सिध्दांत प्रदान किये गये है । जिसके परिपेक्ष्य मे ग्राम विकास का मूल मंत्र समाज को प्रेरित करता हे । इस दौरान मेंटर्स प्रताप मोरी,सामाजिक कार्यकर्ता संजय निंगवाल नवांकुर समिति के केशरसिह मंडलोई राजू आदि नवाकूर व प्रस्फूटन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 7771090777, 7773077762

### ड्रिल में भगदड़ की स्थिति की गई निर्मित

मनावर। आगामी बसंत पंचमी और अन्य त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मनावर, धरमपुरी और गंधवानी विधान सभा क्षेत्रों की पुलिस ने बलवा ड्रिल का अभ्यास किया।

# सुने घरों में ताले तोड़कर चोरी करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

### 17 आपराधिक मामलों में दर्ज है आरोपी का नाम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



थाना मंडलेश्वर पुलिस ने सुने घरों में ताले तोड़कर चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने ग्राम खेरवा जागीर निवासी मोला अली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 4 लाख 4 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। आरोपी के विरुद्ध पूर्व से चोरी, लूट सहित कुल 17 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

थाना मंडलेश्वर पर दिनांक 4 जनवरी 2026 को फरियादी भगवान निवासी ग्राम गुलावड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 जनवरी 2026 को अज्ञात बदमाश उनके घर का ताला तोड़कर गोदरेज में रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मंडलेश्वर में अपराध क्रमांक 05/2026 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं थाना प्रभारी मंडलेश्वर दीपक यादव के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि चोरी की वारदात में ग्राम खेरवा जागीर निवासी मोला अली का हाथ हो सकता है।सूचना के आधार पर पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपी मोला अली को अभिरक्षा में लिया। न्यायालय से पुलिस रिमांड प्राप्त कर आरोपी से बारीकी से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपने एक साथी के साथ चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गया मशरूका बरामद किया, जिसमें सोने की झुमकी, मंगलसूत्र, पेंडल तथा चांदी की पायल व कड़ियां शामिल हैं। जप्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 4,4,200 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी को पुनः माननीय न्यायालय में पेश किया है। आरोपी के फरार साथी की तलाश जारी है।

पूछताछ में आरोपी ने जेल से छूटने के बाद सनावद, खंडवा, बुरहानपुर, नेपानगर, इंदौर, धार, जोबट, दाहोद और पंचमहल क्षेत्रों में भी चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है, जिसकी जानकारी संबंधित थानों को भेजी जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी का नाम मोला अली पिता कालू खान बंजारा, उम्र २३ वर्ष, निवासी ग्राम खेरवा जागीर, थाना मनावर।इस कार्रवाई में एसडीओपी मंडलेश्वर श्रीमती श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दीपक यादव के नेतृत्व में मंडलेश्वर पुलिस टीम के प्रवीण निकुम, संजय, अनिल, गुमान सिंह, दिनेश, अमित, अभिषेक, राजकुमार दुबे, कुंदन, पवन, शिवकुमार जामले, संजय, नरेन्द्र जाट व सायबर सेल से दीपक तलवारे, आदिस अजनारे, अभिलाष डोंगरे, सचिन चौधरी, मगन अलावा व सोनू वर्मा का विशेष योगदान रहा टीम एवं सायबर सेल का सराहनीय योगदान रहा।

# नगर में 25 जनवरी को भव्य हिंदू सम्मेलन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट



राजाधिराज अनादि कल्पेश्वर महादेव की नगरी आलोट नगर में संघ शताब्दी वर्ष के निम्मित 25 जनवरी को माधव, मधुकर बस्ती का भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित करने को लेकर तैयारियां जोर शोर से प्रारंभ। सर्व समाज के हिन्दुओं को आमंत्रित कर एक वृहद बैठक स्थानीय स्वर्णकार समाज की धर्मशाला में आयोजित की गईं । बैठक का संचालन जिला सह कार्यवाह विनोद पाटीदार के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। जिसमें हिन्दू सम्मेलन को लेकर रूपरेखा तय की गई एवं दायित्व दिए गए।

तय कार्यक्रम के अनुसार 25 जनवरी रविवार को प्रातः 10 बजे शीतलामाता मंदिर से भव्य चल समारोह निकाला जाएगा जो प्रमुख मार्गों से होता हुआ कार्यक्रम स्थल विक्रमकलब मैदान पहुंचेगा । चल समारोह में संत समाज अगवानी करेगा। चल समारोह के पश्चात भव्य हिन्दू सम्मेलन होगा जिसमें संत समाज का आशीर्वचन एवं वरिष्ठ वक्ता का बौद्धिक होगा। बैठक में जिला सह कार्यवाह विनोद पाटीदार ने बताया कि समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने के संकल्प को लेकर हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। बैठक के दौरान कार्य व्यवस्था को लेकर कार्यक्रम की भव्यता को लेकर सकल हिंदू समाज के युवा, वरिष्ठ एवं मातृशक्ति को विभिन्न दायित्व दिए गए।

सम्मेलन के निम्मित नगर स्वैच्छिक बंद, नगर सज्जा, घर घर आग्रह, घर घर पीले चावल का वितरण, नगर को भगवमय बनाना, रंगमंचीय नाट्य प्रदर्शन, महापुरुषों की चित्र प्रदर्शनी, प्रभात फेरी, संध्या फेरी निकालना, प्रमुख मंदिरों में भव्य आरती करवाना जैसे विषयों पर विचार विर्मश किया गया एवं सम्मलेन की दिव्यता, भव्यता का संकल्प लिया गया। आलोट नगर के माधव एवं मधुकर बस्ती के हिंदू सम्मेलन को लेकर संयोजक कमल गुप्ता, सह संयोजक दिनेश प्रजापत, नटवर राव, अर्जुन राठौर, मनीष पांचाल, संजय मीणा, विजेंद्र सिंह डोडिया, विनायक जंगलवा, राजेश प्रजापत, परोक्ष भरावा, को मनोनीत किया गया ।

उक्त कार्यक्रम के प्रबंधक शैलेश आंचलिया, अशोक शर्मा, सह प्रबंधक मोहक मेहता, रमेश नायक, व्यवस्था प्रमुख अशोक कुंवाडिया, धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, तथा मीडिया प्रभारी जीतू वरोला, वैभव मंदलीया, राजेश मंडवारिया को मनोनित किया गया।

# हमारे पूर्वजों ने सर कटा दिये मगर धर्म नही बदला:- श्याम काग

### खरवाली मण्डल में हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा



संघ के शताब्दी वर्ष में देशभर में हो रहे हिन्दू सम्मेलन के आयोजन के तहत टाण्डा खण्ड के खरवाली मण्डल में शनिवार को विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में ८ गाँवो से लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राजु दास जी महाराज निम्बार्क धाम सांगी बावड़ी उपस्थित थे।कार्यक्रम मे सर्वप्रथम सरस्वती कला मंच टाण्डा के कलाकारों द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। ततपश्चात हनुमानजी की आरती की गई। आरती के बाद हनुमान मंदिर खरवाली से ढोल, बाजो के साथ एक चल समारोह के रूप में अतिथि व हिन्दू समाज के लोग भगवान ध्वज हाथो में लिये कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इसके पश्चात मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा भारत माता का पूजन व अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता श्याम जी काग टोंकी ने कहा कि जनजाति समाज सनातन संस्कृति की असली पहचान है। समाज को लालच देकर कराए जा रहे धर्मान्तरण पर हमें रोक लगानी आवश्यक है। हम हिन्दू इतने कमजोर नही है कि किसी लालच या लोभ प्रलोभन में आकर अपना धर्म छोड़ अन्य धर्म में चले जाए। ऐसी धर्मविरोधी ताकतों से हमें लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज में फूट डालने की कोशिशे कभी कामयाब नहीं होगी। पहले भी कई बार ऐसी साजिशें हो चुकी है। हम 800 सौ सालों तक मुगलों के गुलाम बनकर रहे। 250 सालो तक अंग्रेजों के गुलाम बनकर रहे। फिर भी हमने हमारी संस्कृति परंपरा नही छोड़ी। हमारे पूर्वजों ने सर कटा दिये मगर अपना धर्म नही बदला। ऐसे कई उदाहरण समाज में है। समाज एकजुट होकर ऐसी ताकतों का जवाब देगा।

# सावित्री ठाकुर ने खण्डवा में खेल दिवस समारोह में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खण्डवा



केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर दो दिवसीय प्रवास पर खंडवा जिले में पहुंची। शुक्रवार को जहां केंद्रीय मंत्री ने तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में भोले बाबा के दर्शन किए वहीं शनिवार को संत सिंगाजी समाधि स्थल पर पहुंचकर पूजा अर्चना कर दर्शन किए, पूजा अर्चना कर दर्शन किए एवं बाल भारती स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हुई।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर के साथ सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल पाटिल क्षेत्र के विधायक नारायण पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल साथ थे। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँच रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर योजनाओं के माध्यम से कार्य किया जाकर महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है। सरकार द्वारा बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए सरकार ने योजनाएं बनाई है जिसका लाभ वे प्राप्त कर रहे हैं।

सुनील जैन ने बताया कि केन्द्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने शनिवार को संत सिंगाजी समाधि के दर्शन किए। इसके उपरांत वे सिंगाजी थर्मल पावर प्लांट परिसर स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में आयोजित चौथे खेल दिवस समारोह च्एक गाथा खेल के नामज्ज में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

अपने संबोधन में श्रीमती ठाकुर ने कहा कि बीते 10-12 वर्षों में महिलाओं, युवाओं, किसानों, खिलाड़ियों और बच्चों के लिए विकास के नए अवसर सृजित हुए हैं। कृषि, उद्योग, बिजली, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं सहित अधोसंरचना विकास के कार्य तेजी से हुए हैं।

उन्होंने कहा कि देशभर में फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्गों और रेल मार्गों का तेजी से विस्तार किया गया है। साथ ही नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हुई हैं और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं।

# भगवान आदिनाथ के मोक्ष कल्याणक पर हुआ मस्तकाभिषेक,चढ़ाया निर्वाण लाडू

### वार्षिक मेले में पहली बार तीन आचार्यों को मिला सानिध्य

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी




विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र बावनगजा जहां पर की विश्व की सर्वोच्च उत्तुंग 84 फिट ऊंची भगवान आदिनाथ की प्रतिमा पर आज माघ कृष्ण चतुर्दशी को भगवान के 1008 कलश से जलाभिषेक कर महा मस्तकाभिषेक किया गया,हजारों श्रावक श्राविकाओं के बीच भगवान के और आचार्य श्री के गगन भेदी नारों से पूरा क्षेत्र धर्म की बयार में बह गया,आज प्रातः तलहटी मंदिर में भगवान के अभिषेक शांतिधारा नित्य नियम की पूजन संपन्न हुई और मुनि संघ की आहार चर्या संपन्न हुई, उसके बाद सभी आचार्य संघ और अन्य विराजित त्यागी वृत्तियों की आहार चर्या संपन्न हुई,फिर तलहटी से बड़े बाबा तक भव्य शोभा यात्रा बैंड बाजों के भक्ति नृत्य के साथ निकाली गई ,पहाड़ के नीचे सभी पुण्यराजक परिवार का बहुमान सम्मान किया गया जिसमें प्रथम कलश पुण्यार्जक नेमि कुमार जैन मुंबई,निर्वाण लाडू पुण्यार्क दिनेश जैन कठलाल गुजरात, विधान पुण्यार्जक अशोक विनोद दोषी परिवार बाकानेर ,शांति धारा पुण्यार्जक अनिल सुनील जैन जैनको ,शरद कुमार शांतिलाल कोटड़िया, गजेन्द्र मीना झांझरी बड़ौदा,महेंद्र पाटनी टोकी, ध्वजारोहण करता स्नेहलता तेज कुमार जी विनायका उज्जैन का सम्मान अंग वस्त्र,तिलक ,माला के साथ समस्त आचार्य संघ के सानिध्य में संपन्न हुआ। आचार्य श्री को शास्त्र भेंट और पाद प्रक्षालन का सौभाग्य जितेंद्र कुमार देवेंद्र कुमार गोधा बड़वानी को प्राप्त हुआ।

सभा का संचालन विपुल गंगवाल मानवर ने किया ,ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष विनोद दोशी ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए क्षेत्र की होने वाली जानकारी सभी को सभा में प्रदान की ।मुनिश्री प्रणुत सागर जी ने कहा कि हम सब ये कार्य भगवान की आज्ञा से संपन्न कर पा रहे है और उनके आशीर्वाद से ही यहाँ बैठे है और अपने द्रव्य से जिन शासन की प्रभावना हो वह बड़ी बात है द्रव्य सबके पास है ,किंतु देने की ताकत श्रद्धा ,क्षमता, और साहस हर किसी के पास नहीं होता ।आपके पुण्य की महिमा है कि आप अभिषेक,शांतिधारा, निर्वाण लाडू चढ़ा पा रहे है हमारे सारे कार्य भगवान आदिनाथ से आचार्य पुष्पदंत जैसे आचार्यों , संतों के आशीर्वाद से सब कार्य संपादित होता है इस क्षेत्र से साढ़े पांच करोड़ मुनिराज मोक्ष गए है उनकी वर्गणा पूरे निमाड़ को मिल रही।

## सकल क्षत्रिय माली समाज के परिचय सम्मेलन में दिखी एकजुटता



**खरगोन।** सकल क्षत्रिय सकल माली समाज का पहला युवक-युवती परिचय सम्मेलन सीता मंगल भवन में आयोजित किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा से संग्रहित शुभमंगल परिचय से परिणय स्मारिका का समारोहपूर्वक विमोचन किया। समारोह में विधायक ने समाजजनों की उपस्थिति देखते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के साथ ही उसे विकास और उन्नति की ओर अग्रसर करते है। ऐसे आयोजन हर समाज में होते रहे इसके लिए शहर में जल्द दो बड़े सार्वजनिक भवनों की सौगात शहरवासियों को मिलने वाली है। यह भवन नवग्रह कॉरिडोर बड़े हॉल और किला मैदान परिसर में गीता भवन के में रुप में निमार्णाधीन है, जो जल्द ही समाज को लोकार्पित करेंगे। यह भवन सामाजिक सुरक्षा, पारिवारिक मेलजोल और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम साबित होंगे। समाज के कोषाध्यक्ष कैलाश माली, प्रचार- प्रमुख पंकज सोलंकी, संतोष आलीवाल ने बताया समाज का पहला प्रयास था, जो सफल रहा। इसमें विमोचित स्मारिका में खरगोन जिले सहित निमाड़- मालवा संभाग के विवाह योग्य युवक- युवतियों के न केवल पारिवारिक परिचय संग्रहित किए गए है।

# बाग खंड के चिजबा मंडल में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



बाघ खंड के चिजबा मंडल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ।जिसमें ६ ग्राम घटबोरी, चिजबा, पिपलवा, थाना, नीमखेडा, कांटी ग्राम के लगभग चार हजार हिन्दू समाज के युवा मातृशक्ति पुरुष सम्मिलित हुए।

मंच पर उपस्थित तडवी पटेल समाज के प्रमुख व्यक्तियों के द्वारा भारत माता टंट्या मामा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया मंचासीन मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 संत श्री सुरजपुरी महाराज गंगाकुईधाम, रिसावला, गुरूजी रायसिंह बघेल मुख्य वक्ता रामा पंवार, श्रीमती पदमिनी चौहान, समस्त अतिथि और उपस्थित जनों को संयोजक भारतसिह अलावा, सुरेश रावत सहसंयोजक उदयसिह अलावा, नरसिह मुझाल्दा, जगन डावर, चंदु मुझाल्दा, कोषाध्यक्ष कालुसिह चौहान, प्रभु मुझाल्दा, सुनील मुझाल्दा, राजु मुझाल्दा, मुकेश सोलंकी द्वारा पुष्प माला पहनाकर कर स्वागत अभिनंदन किया गया। उपस्थित जनों को दीदी पदमिनी जी चौहान ने संबोधित करते हुए कहा की पर्यावरण संरक्षण में वनवासी जनजाति समाज की अहम भूमिका रही है हमारे महापुरूषों ने हिंदू धर्म और हिंदुत्व की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है उन्होंने कहा कि आज हिंदू समाज को विभाजित करने की साजिशे रची जा रही है लेकिन हमें किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए सभी हिंदू आपस में भाई-भाई की भावना से जुड़े रहे तभी सुरक्षित रहेंगे। प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित मुख्य वक्ता रामा पंवार ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ केशव राव बलिराम हेडगेवार ने महापुरुषों के विचारों से प्रेरित होकर संघ की स्थापना हिंदुओं के स्वाभिमान को जगाने के लिए की थी उन्होंने गुरु गोविंद सिंह जी के पूरे परिवार के बलिदान के संबंध में उपस्थित जनों को प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से अवगत कराया उन्होंने पंच परिवर्तन विषय पर प्रकाश डाला उन्होंने स्वदेशी अपनाने पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता सामाजिक सुरक्षा और नागरिक कर्तव्य को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

## मकर संक्रांति पर नार्मदीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल का हल्दी कुमकुम



**मनावर।** मकर संक्रांति पर नार्मदीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम श्रद्धा इक्ष्वाकु जोशी के धार रोड स्थित निज निवास पर किया गया। जिसमें समाज की महिलाओं ने रंग बिरंगी वेशभूषा में सजकरकर सहभागिता की। महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर सुहाग की सामग्री उपहार स्वरूप बाटी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां नर्मदा एवं ब्रह्मलीन गजानन बाबा बालीपुर के तेल चित्र पर पूजन अर्चन कर किया गया। इस अवसर पर कृष्णा पगारे ने मकर संक्रांति की पर्व की महिमा बतलाई तथा महिलाओं ने पारंपरिक गीतों और मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। महिला मंडल का नवीन गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष भावना रवींद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष सुनीता महेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सुधा श्याम डोंगरे को बनाकर आने वाले वर्ष का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा पगारे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल के अध्यक्ष मधु डालके, वर्षा शर्मा, जयंती शर्मा, दुर्गा शर्मा, शालिनी शर्मा, शारदा डालके का सहयोग रहा।

खास न्यूज

## जागरूकता के लिये साइकिल मैराथन का आयोजन



**उज्जैन।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा माह अभियान में रविवार को कोठी रोड पर साइकिल मैराथन का यातायात पुलिस द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें शहर के नागरिकों, साइकिल चालकों, युवाओं और बोहरा समाज के लोगों ने भागीदारी की। मैराथन में यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार के साथ थाना प्रभारी खेमराज पहाडिया मौजूद रहे। मैराथन के दौरान यातायात पुलिस अधिकारियों द्वारा हेलमेट का उपयोग, यातायात संकेतों का पालन, लेन अनुशासन, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और गाडी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने की समझाईश दी। मैराथन में शामिल सभी लोगों ने यातायात नियमों का पालन और सुरक्षित यातायात को अपनाने की शपथ ली। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये जन सहभागिता को अत्यंत आवश्यक बताया। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा माह में यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्यक्रम आयोजित कर नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के प्रयास किये जा रहे है।

## ग्राम पाट में 2 पक्षों के युवकों में हुआ विवाद

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम पाट में पुलिया के पास 2 पक्षों के युवकों में विवाद हो गया। दोनों ओर से जमकर मारपीट की गई। मामला थाना पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पाट में रहने वाला मुकेश राठौर किराना दुकान संचालित करता है। वहीं राम राजपूत ग्राम गुणाखेड़ी का रहने वाला है। दोनों के बीच किराना सामान के पैसे ज्यादा लेने की बात पर विवाद हुआ था। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों ने अपने साथियों को बुला लिया और मारपीट की। दोनों पक्षों की ओर से चार से पांच युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

## लेनदेन की बात पर बुजुर्ग के साथ मारपीट

उज्जैन। तराना थाना क्षेत्र के ग्राम लोध में रहने वाले 50 वर्षीय देवनारायण पिता कन्हैयालाल राठौर के साथ महिदुपर नाका पर कैलाश ने मारपीट की। दोनों के बीच लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। देवनारायण के घायल होने पर पुलिस ने पुत्र अजय राठौर की शिकायत पर कैलाश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार कैलाश महिदपुर नाका पर किराना दुकान चलता है। देवनारायण ने उधार किराना सामान लिया था। जिसके रूपये काफी दिनों से बकाया चल रहे थे। बकाया रूपयों को लेकर ही मारपीट होना सामने आया है। फिलहाल घायल को उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बयान दर्ज कर कैलाश की गिरफ्तारी की जायेगी।

## रास्ते को लेकर 2 खेत मालिकों के बीच हुआ झगड़ा

उज्जैन। बड़नगर तहसील के ग्राम जांदला नदी के किनारे अमजद पिता अनवर पटेल निवासी खजराना इंदौर और सलीम पिता अंसार पटेल निवासी जांदला के खेत पास-पास है। दोनों के बीच रास्ते की बात पर लेकर बीती शाम विवाद हो गया। विवाद में दोनों के परिवार भी आमने-सामने हो गये। नौबत मारपीट और जान से मारने की धमकी तक पहुंच गई। गांव वालों ने दोनों के बीच हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। दोनों शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे, जहां एक-दूसरे पर रास्ता रोकने का आरोप-प्रत्यारोप करने लगे। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है।

## कर्ज से परेशान होकर लगाई थी युवक ने फांसी

**उज्जैन।** मक्सीरोड मंयक परिसर में रहने वाले कुंवर पाल पिता सुखनलाल 32 साल ने शनिवार रात फांसी लगा ली थी। रविवार को पंवासा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान भाई बबलू ने बताया कि कुंवर पाल मिस्त्री का काम करता था। वह कर्ज से परेशान चल रहा था। उसने कार भी फायनेंस कर ली थी, जिसकी किश्त नहीं भर पा रहा था। घर में पत्नी से भी विवाद हुआ था। 10 दिन पहले कुंवर की पत्नी मायके गुना चली गई थी। वह शराब पीता था। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। मां गुलाबबाई कमरे में पहुंची तो कुंवर को फंदे पर लटका देखा था। भाई का कहना था कि संभवतः कर्ज से परेशान होकर फांसी लगाई है।

### इंदिरानगर चौराहा पर हुई घटना, लगाने पड़े 20 टांके

# फिर हुआ हादसा, मैकेनिक का चायना डोर से कटा गला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

प्रतिबंधित जानलेवा चाइना डोर का कहर मकर संक्रांति बीत जाने के बाद भी जारी है। रविवार को बाइक सवार मैकेनिक का गला कट गया। उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां 20 टांके लगाये गये है। डॉक्टरों की निगरानी में उपचार के लिये भर्ती किया गया है।

कमल कालोनी में रहने वाले सुरेन्द्र पिता भारतसिंह जयसवाल 52 साल मैकेनिक है और आगररोड पर गैरेज संचालित करते है। रविवार शाम वह ससुराल पक्ष में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिये बाइक से निकले थे। इंदिरानगर चौराहा पर अचानक चाइना डोर गले में उलझ गई। गला बुरी तरह कट गया था, बावजूद वह खून से लथपथ अपनी पत्नी की बहन के घर तक पहुंचे। जहां



से परिवार उन्हे चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने हालत देख तत्काल ऑपरेशन थियेटर में शिफ्ट किया। जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू कर 20 टांके लगाये। खून अधिक बहने पर डॉक्टरों ने उन्हे निगरानी में आईसीयू में भर्ती किया है। आगर रोड पर चाइना डोर का चौथा बड़ा हादसा सामने आया है। 14 जनवरी को आगर नाके पर रतलाम के मजदूर अंतर बंजार का गला कटा था। 20 दिसंबर को झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलिया धूमा में रहने वाले एग्रीकल्चर के छात्र योगेश आंजना का गला कट गया था। जिसे एक दर्जन के लगभग टांके लगाना पड़े थे। 27 दिसंबर को इंदिरानगर में हलवाई का काम करने वाले तुलसीराम राठौर का गला और नाक कटी थी। अब फिर से इंदिरानगर चौराहा पर मैकेनिक सुरेन्द्र जयसवाल के साथ हादसा हुआ है। ऐसा नही है कि चिमनगंज थाना पुलिस ने चाइना डोर को लेकर अभियान नहीं चलाया। सबसे अधिक चाइना डोर चिमनगंज थाना क्षेत्र में ही इस बार पकड़ी गई। बावजूद चार बड़े हादसे थाना क्षेत्र में सामने आये है।

### लालपुल और जयसिंहपुरा में हुई थी घटना

चाइना डोर पर प्रतिबंध लगा होने और पुलिस की लगातार सर्चिंग के बाद भी कई हादसे होना सामने आये। 31 दिसंबर को जयसिंहपुरा में प्रेम पिता तिलक निवासी राजीव रत्न कालोनी का गला कटा था। 4 जनवरी को लालपुल पर विनय तिवारी निवासी जीरापुर का गला बुरी तरह कटा था। इससे पहले 7 दिसंबर को घासमंडी ब्रिज पर विपुल महिवाल का गला कट चुका था। बाइक सवारों के साथ हुई घटना के साथ 2 महिलाओं के पैर भी चाइना डोर उलझने पर कटे थे। जिसमें फाजलपुरा की रहने वाली सीमा पति भीमराम गंभीर घायल हुई थी।

### अब भी जारी है पतंगबाजी का दौर

मकर संक्रांति का पर्व बीते चार दिन हो चुके है, लेकिन अब भी शहर में पतंगबाजी हो रही है। दोपहर बाद आसमान में पतंगे उड़ान भरती दिखाई दे रही है। पुलिस भी सर्चिंग अभियान भी अब थम चुका है। जिसके चलते जान के दुश्मनों द्वारा बेखोफ होकर प्रतिबंधित डोर से पतंगबाजी की जा रही है। पुलिस को नजर रखने की जरूरत है वहीं अगले साल प्रतिबंधित डोर के खिलाफ चलाये जाने वाले अभियान में सख्त एक्शन लेना होगा।

## गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



उर्दूपुरा में रहने वाली भारती पति शेखर 35 वर्ष को शनिवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वह सात माह की गर्भवती थी। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया, लेकिन कुछ देर बाद मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने पर जीवाजीगंज थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। उसके गर्भ में शिशु की भी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि भारती का एक बेटा भी है, वह दूसरी बार गर्भवती हुई थी। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह स्पष्ट होगी।

# दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार डंपर से भिड़ी

### देवासरोड पर हुई दुर्घटना, महाराष्ट्र के 4 युवक घायल

उज्जैन। बाबा महाकाल के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार रविवार सुबह डंपर से भिड़ गई। दुर्घटना में महाराष्ट्र के चार श्रद्धालु युवक घायल हुए हैं। भिड़ंत के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग निकला था। पुलिस ने घायल श्रद्धालुओं को उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया है।

महाराष्ट्र के रहने वाले दीपक पिता गोवर्धन नाथ, गणेश पिता सहाजी, सिद्धेश्वर पिता गणेश और संदीप पिता साहेब राव एक अन्य दोस्त के साथ शनिवार को कार क्रमांक एमएच 26 ए के 3893 में सवार होकर उज्जैन बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे थे। सोमवार तड़के दर्शन के बाद पांचो दोस्त कार में सवार होकर सीहोर जाने के लिए निकले। देवासरोड पर नागझरी थाना क्षेत्र पेट्रोल पंप चौराहा पर अचानक सामने से आ रहे तेज गति डंपर से कार की भिड़ंत हो गई। कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चार श्रद्धालु युवक घायल हो गए।




दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल श्रद्धालुओं को कार से बाहर निकालकर उपचार के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया गया। एक को गंभीर चोट लगी थी जिसे उपचार के लिए भर्ती किया गया तीन का प्राथमिक उपचार किया गया है। चारों घायलों का एक साथी पूरी तरह से सुरक्षित था। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद मौके से चालक डंपर छोड़कर भाग निकला था। जिसे जप्त कर लिया गया है चालक की तलाश की जा रही है। विदित हो कि पिछले कुछ महीनो से इंदौर रोड सिक्स लेन का निर्माण कार्य चल रहा है जिसके चलते देवास रोड पर यातायात काफी बढ़ गया है। पिछले ६ माह में यहां लगातार दुर्घटना होना सामने आ रहा है जिसमें कुछ लोगों की जान तक जा चुकी है। देवासरोड पर दो थानों नागझरी और नरवर की सीमा लगती है। दोनों थाना पुलिस के अनुसार देवास रोड का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है मार्ग भी काफी अच्छा बना हुआ है जिसके चलते वाहन तेजगति से दौड़ रहे हैं। अधिकांश दुर्घटनाएं रफ्तार की वजह से होना सामने आ रहा है।

# आजमगढ़ में कुएं से निकाली माकडोन के युवक की लाश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ में कुएं से उज्जैन जिले के माकडोन में रहने वाले युवक की लाश निकाली गई है। 16 जनवरी की शाम आजमगढ़ कोतवाली पुलिस को उसके गिरने की सूचना मिली थी। मृतक युवक अपने साथियों के साथ था। परिजन सूचना मिलने के बाद आजमगढ़ पहुंच गये थे।

माकड़ोन में रहने वाला नागर ब्राह्मण समाज का रोहित पिता मनोहर शर्मा 35 साल प्याज का व्यवसाय करता था। वह अपने साथियों के साथ कार से व्यवसाय के सिलसिले में उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ गया था। 16 जनवरी की शाम आजमगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस मार्ग पर उसने कार रूकवाई और टायलेट करने की बात कहीं। वह कार से उतरा और




सड़क किनारे झाडियों में गया, लेकिन वापस नहीं लौटा, कुछ देर बाद झाडियों के पास कुएं से बचाव-बचाव की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गये। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन कुआं काफी पुराना और गहरा था, उसे बाहर निकालने के प्रयास किये जाते उससे पहले वह गहराई में चला गया था। आजमगढ़ चौकी एसआई अखिलेश नारायणसिंह ने बताया कि युवक के गिरने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। उसके साथियों ने बताया कि महू-बलिया से लौट रहे थे, टायलेट का बोलकर कार से उतारा था। उसके बाद वापस नहीं लौटा। एसआई के अनुसार कुएं में गिरे युवक की तलाश शुरू की गई लेकिन अंधेरा होने पर तलाशी अभियान रोकना पड़ा। 17 जनवरी की सुबह दोबारा तलाश शुरू की गई और कुछ देर की मशक्कत के बाद युवक का शव बाहर निकाल लिया गया। चौकी एसआई के अनुसार पूर्वांचल एक्सप्रेस मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये है। जिसमें वह कार से उतारकर पैदल अकेला जाता दिखाई दे रहा है। लेकिन कुआं मुंडेर वाला है वह कैसे गिरा इसका पता लगाया जा रहा है। उसके साथ कार में सवार लोगों से पूछताछ के बाद युवक के परिजनों को सूचना दी गई थी। परिजन आजमगढ़ पहुंच गये थे। शव पोस्टमार्टम के बाद सुपुर्द किया गया है।

### परिजनों ने माकडोन पुलिस को दिया था आवेदन

माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि 16 जनवरी की देर शाम रोहित शर्मा के परिजन थाने पहुंचे थे और बताया था कि प्याज का व्यवसाय करता है। वह 9 जनवरी से ग्राम के रहने वाले व्यवसाईयों के साथ गया था। उससे संपर्क नहीं हो रहा है। उसके उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जाने की सूचना मिली है। उसके साथी भी फोन पर बात नहीं कर रहे है। थाना प्रभारी ने आजमगढ़ पुलिस से संपर्क करने और जानकारी प्राप्त करने की बात कहीं थी।

# मोपेड से घर लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मोपेड से घर लौट रहा युवक रास्ते में चौपाटी पर रूक गया, उसी दौरान पीछे से आये अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। युवक की मौके पर मौत हो गई। काफी देर तक एम्बुलेंस नहीं आई तो ग्रामीण आक्रोशित हो गये।

घट्टिया थाना क्षेत्र के नजरपुर में रहने वाला रवि पिता अनिल ठाकुर यात्री बस पर कंडेक्टरी का काम करता था। शनिवार-रविवार रात वह 11 बजे उज्जैन में बस खड़ी करने के बाद अपनी मोपेड से घर लौट रहा था। गांव पहुंचने पर वह नजरपुर चौपाटी पर रूक गया उसी दौरान पीछे से आये अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। रवि गंभीर घायल हो गया, उसे अस्पताल पहुंचाया जाता उससे पहले मौके पर मौत हो गई। काफी देर तक एम्बुलेंस नहीं आई तो ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। काफी संख्या में ग्रामीण सड़क पर आ गये। मामले की जानकारी लगते ही घट्टिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराकर मृतक युवक का शव पोस्टमार्टम के लिये उज्जैन चरक अस्पताल पहुंचाया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस दुर्घटना स्थल मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू की है।

### दुर्घटना में घायल की 4 दिन बाद मौत

14 जनवरी को सड़क दुर्घटना में मोहनलाल पिता राजाराम विश्वकर्मा घायल हो गया था। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसकी रविवार तड़के मौत हो गई। नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि मृतक विनायक सिटी आगर-मालवा का रहने वाला था। उसकी बाइक को ट्रक ने टक्कर मारी थी। नीलगंगा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप, मर्ग डायरी आगर पुलिस को सौंपने की बात कहीं है।

### रातभर की तलाश के बाद पुलिस ने पीछा कर पकड़ा

# नाबालिग को अगवा करने का बदला युवती का अपहरण कर लिया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

पांच दिन पहले प्रेम प्रंसग के चलते लापता हुई नाबालिग के परिजनों ने उसे भगाकर ले जाने वाले युवक से बदला लेने के लिये शुक्रवार-शनिवार युवक की बहन का अपहरण कर लिया। नाबालिग के परिजन युवती को उसके घर के सामने से जबरदस्ती उठाकर वेन से ले गये। मामला पुलिस की संज्ञान में आया तो रातभर की तलाश के बाद युवती को महिदपुर सिटी से मुक्त करा लिया। कुछ अपहरण कर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

घट्टिया तहसील के ग्राम नजरपुर चौकी क्षेत्र में रहने वाली बंजारा समाज की 15 वर्षीय बालिका 12 जनवरी की शाम लापता हो गई थी। परिजनों ने तलाश शुरू की तो सामने आया कि बालिका को नजरपुर में रहने वाला विकास चंदेल (बंजारा) भगाकर ले गया है। बालिका के परिजनों ने मामले की शिकायत घट्टिया थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर अपहरण का मामला दर्ज किया और तलाश शुरू की। पांच दिनों तक बालिका का पता नहीं चल पाने पर शनिवार रात नाबालिग के परिजन विकास चंदेल के घर पहुंचे। जहां उसकी 18 वर्षीय बहन घर के बाहर अलाव ताप रही थी। नाबालिग के परिजनों ने उसे जबरदस्ती अपनी वेन में बैठाया और अपहरण कर भाग निकले। काका के सामने युवती का अपहरण होने पर मामले की सूचना घट्टिया थाना पुलिस को दी गई। तत्काल थाना प्रभारी करण खोवाल टीम के साथ मौके पर जांच के लिये पहुंचे। इस दौरान अपहत युवती के परिजनों ने बताया कि उसे चार से पांच लोग वेन में बैठाकर ले गये है। थाना प्रभारी ने एसआई शैलेन्द्रसिंह अलावे, अल्केश डांगे, प्रधान आरक्षक शांतिलाल जाट, वीरपालसिंह, आरक्षक बद्रीलाल मालवीय, बनवारीलाल यादव, कमल मालवीय, दीपक यादव, राकेश मालवीय, महिला आरक्षक हेमलता बैरागी की 3 टीम बनाई और तलाश शुरू की। रातभर की तलाश के बाद सामने आया कि युवती का अपहरण करने वाली वेन महिदपुर सिटी से पांच किलोमीटर आगे लक्ष्मीपुरा गांव तक पहुंची है। तत्काल थाना प्रभारी खोवाल टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। जहां से अपहृत युवती को दस्तयाब कर लिया गया, वहीं उसका अपहरण करने वालों को पीछा शुरू किया। जो बस में सवार होकर भागे थे। राघवी थाना क्षेत्र में बस को रोक पुलिस ने उसमें सवार एक महिला और 3 युवको को हिरासत में ले लिया। महिला नाबालिग की मां होना सामने आई है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। वेन लक्ष्मीपुरा पहुंचने के बाद रवाना कर दी गई थी जिसकी बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है।

### नाबालिग देवासगेट बस स्टेंड पर मिली

12 जनवरी को लापता हुई नाबालिग को पुलिस ने रविवार को देवासगेट बस स्टेंड से दस्तयाब कर लिया। उसके साथ विकास चंदेल भी मिला। जिसे हिरासत में लेकर घट्टिया थाने ले जाया गया। जहां पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि पांच दिनों तक कहा रहे। नाबालिग के भी बयान दर्ज किये जा रहे है। जिसके आधार पर विकास चंदेल के खिलाफ दर्ज की गई अपहरण की धारा में इजाफा किया जा सकता है।

## 11 बस्तियों में हिंदू सम्मेलन हुआ

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

संघ शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को उज्जैन महानगर के पांच नगरों की 11 बस्तियों में हिंदू सम्मेलन ँ४। इनमें धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही बौद्धिक सत्र होंगे, जिनमें संत मार्गदर्शन देंगे। केशव नगर के चेतक केशव बस्ती में सम्मेलन सुबह 11 बजे सरस्वती विद्या मंदिर, महाकालपुरम परिसर में होगा। विक्रमादित्य नगर क्षेत्र की गोवर्धन बस्ती में सुबह 10 बजे समाधान मैदान में, अशोक मंडी बस्ती में सुबह 10 बजे हरियाणा गौड़ धर्मशाला में और रणकेचुर बस्ती में सुबह 10 बजे सम्मेलन होगा। सुदर्शन नगर की तिरुपति सुदर्शन बस्ती में दोपहर 1 बजे श्री श्याम गार्डन, एमआर-4 तिरुपति सालिटेयर गेट पर सम्मेलन होगा। गोवर्धन बस्ती में दोपहर 3 बजे पद्मावती गार्डन, पद्मावती कॉलोनी में और धन्वंतरि बस्ती में सुबह 10 बजे ऐलान सिटी उद्यान में सम्मेलन होगा।



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01-योगेश पिता श्री जोरावर चौधरी जाति गारी निवासी ग्राम लिम्बा पिपलिया तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. 02 दुर्गेश पिता श्री जोरावर चौधरी जाति गारी निवासी ग्राम लिम्बा पिपलिया उज्जैन म.प्र ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 686/2 रकबा 0.33 हैक्टर व सर्वे क्रमांक 687/2 रकबा 0.17 हैक्टर सर्वे क्रमांक 688/2 रकबा 0.29 हैक्टर सर्वे क्रमांक 676/6 रकबा 0.49 हैक्टर कुल किता 04 कुल रकबा 1.28 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम पलवा तहसील महिद्पुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है।

उक्त भूमि के पंजीयन पूर्ण किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार, बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार मे कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कायालींयन समय मे लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त वाहन का हस्तातरंण करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 18.1.2026

**विष्णु राईया सर्विस प्रोवाईडर**
**तहसील कार्यालय घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो- 7566470288, 9826634851**

# योग्यता पहचानने का यह अनोखा तरीका पहले नहीं सुना होगा आपने



उन दिनों आयुर्वेद के जाने-माने आचार्य नागार्जुन को अपनी प्रयोगशाला में कार्य करने के लिए एक सहायक की आवश्यकता थी। उन्होंने नौकरी के इच्छुक कई उम्मीदवारों को बुलावा भेजा और उन सबकी परीक्षा लेकर उन्होंने दो उम्मीदवारों को ही चुना। दोनों ही उम्मीदवार बुद्धिमान और अत्यंत मेधावी प्रतीत हो रहे थे। दोनों में से किसे चुना जाए यह एक गंभीर प्रश्न था। बहुत सोच-विचार कर आचार्य ने दोनों युवकों को एक पदार्थ देकर दो दिन का समय देते हुए घर से रसायन तैयार करके लाने के लिए कहा। दो दिन बाद दोनों युवक आचार्य के पास पहुंचे।

आचार्य ने उन्हें देखते ही रसायन के विषय में पूछा तो पहले युवक ने कहा, गुरुजी, आपके कहे अनुसार मैंने घर पर रसायन तैयार कर लिया। हालांकि घर में कई तरह की बाधाएं आईं। मेरी मां तेज ज्वर से पीड़ित थीं। पिता को भीषण पेट दर्द शुरू हो गया। संयोग कहिए कि बाहर खेलते हुए कल ही छोटे भाई के पैर की हड्डी टूट गई, फिर भी मैंने किसी बात की परवाह नहीं की। पूरी एकाग्रता से अपने काम में लगा रहा और आखिरकार यह रसायन तैयार कर ही लिया।

पहले शिष्य की बात सुनने के बाद आचार्य ने मायूसी से सिर झुकाए दूसरे युवक की ओर देखा तो वह नम्रता से बोला, ह्यआचार्य जी, माफी चाहता हूं। मैं अपना काम नहीं कर सका, क्योंकि मेरे पड़ोस में रहने वाली एक वृद्ध महिला बहुत बीमार थी। उसकी सेवा करने वाला कोई नहीं था। सो मैं उसकी सेवा में लगा रहा। इतना सुनते ही आचार्य का चेहरा खिल उठा। वह उसकी पीठ ठोंकते हुए बोले, ह्यतुम्हीं सही उम्मीदवार हो। रसायन जीवन की रक्षा के लिए होता है और इसे वही बना सकता है जो दूसरों के दुख-दर्द पहचानने की क्षमता रखता हो। यदि उसे बनाने वाला दूसरों के दुख-दर्द से विमुख हो जाए तो वह योग्य कैसे हो सकता है?



## सम्पादकीय

# स्टार्टअप इंडिया के 10 साल

नेशनल स्टार्टअप डे के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस आत्मविश्वास के साथ युवाओं की जोखिम लेने की क्षमता की सराहना की, वह बदलते भारत की आर्थिक सोच को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। उनका यह कहना कि देश के लिए आवश्यक कामों में किसी न किसी को जोखिम उठाना ही होगा और यदि नुक्सान भी हो तो वह व्यक्तिगत होगा जबकि लाभ देश का- दरअसल इसी दर्शन ने भारत के स्टार्टअप आंदोलन को नैतिक और वैचारिक आधार दिया है। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक भारत का युवा वर्ग नौकरी खोजने वाला वर्ग माना गया लेकिन बीते एक दशक में यह सोच निर्णायक रूप से बदली है। आज भारत का युवा केवल रोजगार का आकांक्षी नहीं बल्कि रोजगार सृजन करने वाला बन रहा है। इस परिवर्तन के केंद्र में मोदी सरकार की ह्यस्टार्टअप इंडियाह्ण पहल ने वाकई निर्णायक भूमिका निभाई है, जिसे भारत के आर्थिक भविष्य की एक दूरदर्शी और रणनीतिक नींव के रूप में देखा जाना चाहिए। यही वह ह्यटर्निंग पॉइंटह्ण है जहां से भारत की नई उद्यमशील पीढ़ी और नीतिगत समर्थन की कहानी आगे बढ़ी।

दरअसल भारत आज उस निर्णायक जनसांख्यिकीय मोड़ पर खड़ा है जहां उसकी लगभग दो-तिहाई आबादी कामकाजी आयु वर्ग में है। यही युवा शक्ति भारत के लिए सबसे बड़ा अवसर भी है और सबसे बड़ी चुनौती भी। यदि यह ऊर्जा नवाचार, उद्यमिता और उत्पादन में रूपांतरित होती है तो भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की क्षमता रखता है लेकिन यदि इसे सही मंच और समर्थन न मिले तो यही असंतोष और बेरोजगारी का कारण बन सकती है। इसी चुनौती को अवसर में बदलने के लिए 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया मिशन की शुरूआत की गई। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट था- नवाचार को बढ़ावा देना, उद्यमिता को संस्थागत समर्थन देना और युवाओं को एक ऐसा नीति-आधारित इकोसिस्टम उपलब्ध कराना, जहां जोखिम उठाना कमजोरी नहीं बल्कि राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा बने। आंकड़ों पर गौर करें तो इस बदलाव की गहराई साफ नजर आती है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (उद्धक्क्ळ) के अनुसार, दिसंबर 2025 तक भारत में दो लाख से अधिक स्टार्टअप्स आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त कर चुके हैं। आज भारत में सवा सौ एक्टिव यूनिकॉर्न हैं जबकि 2014 में इनकी संख्या मात्र चार थी।

## पशु अधिकार बनाम मानव सुरक्षा

# आवारा कुत्ते, मानवीय संवेदना और सार्वजनिक सुरक्षा



किशन सनमुखदास
(दैनिक अवन्तिका)

भारत में आवारा कुत्तों का मुद्दा कोई नया नहीं है,लेकिन 13 जनवरी 2026 को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद यह विषय केवल एक पशु-प्रेम या करुणा का प्रश्न न रहकर एक गंभीर सार्वजनिक सुरक्षा, प्रशासनिक जवाबदेही और संवैधानिक कर्तव्य का मुद्दा बन गया है।अदालत की तीखी टिप्पणियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब यह बहस भावनाओं के इर्द-गिर्द नहीं घूमेगी, बल्कि जीवन के अधिकार, राज्य की जिम्मेदारी और नागरिक सुरक्षा के केंद्र में होगी।जब सवाल यह उठता है कि नौ साल का बच्चा अगर आवारा कुत्तों के हमले में जान गंवा देता है, तो यह केवल एक हादसा नहीं रह जाता,बल्कि राज्य की विफलता, समाज की प्राथमिकताओं और नीति- निर्माण की कमजोरी का प्रतीक बन जाता है।सुप्रीम कोर्ट ने 13 जनवरी 2026 की सुनवाई में बेहद स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि आवारा कुत्तों के काटने या हमले की घटनाएं जारी रहीं,तो राज्य सरकारों को हर मामले में भारी मुआवजा देना पड़ सकता है। यह टिप्पणी भारत की न्यायिक व्यवस्था में एक निर्णायक मोड़ को दर्शाती है। कोर्ट ने यह भी संकेत दिया कि केवल सरकार ही नहीं, बल्कि वे लोग और संगठन भी जवाबदेह हो सकते हैं, जो सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को भोजन कराते हैं और फिर किसी भी परिणाम की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर देते हैं। यह दृष्टिकोण न्यायपालिका की उस सोच को उजागर करता है, जिसमें कर्तव्य और अधिकार को एक-दूसरे से अलग नहीं देखा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की सबसे महत्वपूर्ण टिप्पणी यह रही कि आवारा कुत्ते किसी भी व्यक्ति या संगठन की निजी संपत्ति नहीं हैं। यदि वे वास्तव में किसी के हैं, तो उन्हें सार्वजनिक सड़कों पर छोड़ने का नैतिक या कानूनी अधिकार नहीं हो सकता।कोर्ट ने पूछा,जब कुत्ता प्रेमी संगठन या व्यक्ति उन्हें खाना खिलाते हैं,जब वे उनका बचाव करते हैं,तो फिर डॉग बाइट या मौत की स्थिति में जिम्मेदारी से पीछे क्यों हट जाते हैं?यह सवाल केवल भारत के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में पशु अधिकार बनाम मानव सुरक्षा की बहस को नया आयाम देता है।

हम बच्चे और बुजुर्गः सबसे असुरक्षित वर्ग सबसे उपेक्षित यह चिंता का विषय इसको समझने की करें तो सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। अदालत ने कहा कि ये वर्ग न तो अपनी रक्षा कर सकते हैं और न ही हमले की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दे सकते हैं।जब एक बच्चा स्कूल जाते समय, एक बुजुर्ग सुबह टहलते समय, या कोई मरीज अस्पताल के बाहर आवारा कुत्तों का शिकार बनता है,तो यह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।कोर्ट का यह कहना कि क्या इस अदालत को अपनी आंखें बंद कर लेनी चाहिए? यह दर्शाता है कि न्यायपालिका अब इस विषय पर तटस्थ दर्शक नहीं बने रहना चाहती। सुप्रीम कोर्ट की एक अत्यंत तीखी टिप्पणी यह थी कि क्या भावनाएं केवल कुत्तों के लिए ही दिखाई देती हैं?, इंसानों के लिए नहीं? यह सवाल भारतीय समाज के उस दोहरे मापदंड को उजागर करता है,जहां कुत्तों के अधिकारों पर तुरंत विरोध प्रदर्शन होते हैं,लेकिन बच्चों की मौत पर वही तीव्रता नहीं दिखती।अदालत ने यह स्पष्ट किया कि मानव जीवन का मूल्य किसी भी पशु से कम नहीं हो सकता, चाहे वह संवेदनशील मुद्दा ही क्यों न हो। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि कोई व्यक्ति या समूह कुत्तों को खाना खिलाना या उनकी देखभाल करना चाहता है, तो उसे यह अपने घर, अपने परिसर या अपने कंपाउंड में करना चाहिए। सार्वजनिक सड़कों पर उन्हें छोड़करडर पैदा करना, हमले का खतरा बढ़ाना,और फिर जिम्मेदारी से बचना,अब स्वीकार्य नहीं होगा।यह टिप्पणी वैश्विक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विकसित देशों में पेट ओनरशिप के साथ कानूनी जिम्मेदारी अनिवार्य होती है।

हम प्रशासनिक निष्क्रियता बनाम कानून - व्यवस्था का मुद्दा इसको समझने की करें तो,कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह मामला केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि प्रशासनिक निष्क्रियता का है।नगरपालिकाएं, स्थानीय निकाय और राज्य सरकारें वर्षों से इस समस्या को टालती रही हैं।नियमित सर्वेक्षण न होना,डॉग शेल्टर की कमी,स्टरलाइजेशन कार्यक्रमों का आधा-अधूरा क्रियान्वयन,इन सभी को कोर्ट ने सिस्टमिक फेल्योर करार दिया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट स्कूलों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और खेल परिसरों से आवारा कुत्तों को हटाने का स्पष्ट आदेश दे चुका है।अदालत ने कहा था कि इन जगहों पर कुत्तों की मौजूदगी प्रशासन की असफलता का प्रमाण है।अब कोर्ट ने दोहराया है कि इन निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए, अन्यथा नगरपालिकाओं की जवाबदेही तय होगी। हम डॉग बाइट एक रोकथाम योग्य खतरा, इसको समझने की करें तो,सुप्रीम कोर्ट ने डॉग बाइट को प्रवेटेबल रिस्क यानी रोकथाम योग्य खतरा बताया, इसका अर्थ है कि यदि प्रशासन और समाज मिलकर काम करें, तो ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है।जब किसी इलाके में बार-बार डॉग बाइट की घटनाएं होती हैं, तो यह स्पष्ट संकेत है कि वहां प्रशासनिक उदासीनता है।

हम अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में दुनियाँ क्या करती है? इसको समझने की करें तो अमेरिका,यूरोप जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में आवारा कुत्तों की समस्या लगभग नहीं के बराबर है।पेट ओनरशिप लाइसेंस,भारी जुमार्ना और शेल्टर सिस्टम बेहद सख्त हैं।भारत में भावनात्मक दृष्टिकोण ने लंबे समय तक व्यावहारिक समाधान को रोक रखा।संविधान और जीवन का अधिकार, भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है।जब राज्य बच्चों और नागरिकों को सड़कों पर सुरक्षित नहीं रख पाता,तो यह संवैधानिक विफलता बन जाती है।सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां इस दिशा में संकेत हैं कि अब अदालत इस मुद्दे को मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के रूप में देख रही है।20 जनवरी 2026 को होने वाली अगली सुनवाई केवल एक तारीख नहीं,बल्कि नीति निर्धारण जवाबदेही ढांचे,और भविष्य की दिशा तय करने वाली सुनवाई हो सकती है। संभावना है कि अदालत स्पष्ट गाइडलाइंस, मुआवजा ढांचा,और डॉग फीडर्स की कानूनी जिम्मेदारी तय करे।

# तर्पण

नारायण बाबू रिटायरमेंट के बाद अपनी पैतृक हवेली छोड़कर बेटे के पास शहर आए, तो अपने साथ सामान के नाम पर सिर्फ एक जंग लगा हुआ लोहे का ट्रंक लाए थे। बेटे अमित ने उनके स्वागत के लिए घर को किसी 'लक्जरी रिसॉर्ट' की तरह सजाया था। उसे लगा था कि जीवन भर अभावों में घिसने के बाद, अब पिता को मखमल का सुख मिलेगा।

परंतु, पहली ही रात को युद्ध छिड़ गया।

ड्राइंग रूम में ढाई लाख का 'इटैलियन सोफा' लगा था, जिस पर बैठते ही शरीर बादलों की तरह तैरने लगता। नारायण बाबू उस पर बैठे, फिर अचानक ऐसे उछलकर खड़े हुए जैसे नीचे अंगारे रखे हों।

अमित, ये सोफा नहीं है, ये आलस का दलदल है। इंसान की रीढ़ की हड्डी सीधी होनी चाहिए, और तुम मुझे इस नरमी में दफन करना चाहते हो?

अगले दिन से नारायण बाबू ने उस सोफे को त्याग दिया। उन्होंने स्टोर रूम से एक पुरानी, हिलती हुई लकड़ी की स्टूल निकाली और उसे ड्राइंग रूम के ठीक बीचों-बीच रखकर उस पर 'सन्यासी' की मुद्रा में बैठ गए। अब जो भी मेहमान आता, वह आलीशान सोफे पर बैठने से कतराता। सब यही सोचते कि घर का बुजुर्ग जब स्टूल पर तपस्या कर रहा है, तो हम इस विलासिता का पाप कैसे मोल लें?

अमित की पत्नी, नूपुर, ने उनके लिए 'डिशवॉशर' लगवाया था ताकि बाबूजी को अपने बर्तन न धोने पड़ें। पर नारायण बाबू सुबह चार बजे उठते और नल के बर्फीले पानी में अपनी पीतल की थाली को राख से रगड़ते। बर्तन रगड़ने की वह आवाज अमित के बेडरूम तक पहुँचती और उसे अपनी तरक्की पर शर्मिंदगी महसूस होने लगती।

एक दिन अमित ने झिझकते हुए कहा, बाबूजी, गीजर ऑन है, गरम पानी से नहा लिया कीजिए। बाहर कोहरा बहुत है।

नारायण बाबू ने अपनी कांपती हुई उंगलियों से ठंडे पानी का लोटा सिर पर उड़ेलते हुए कहा, शरीर को जितनी सुख-सुविधा दोगे, आत्मा उतनी ही कमजोर होगी। तूने तो अपनी देह को गर्म पानी और रुई में लपेट लिया है, तुझे क्या पता कि ठिठुरन में जो चेतना जागती है, वही असली मोक्ष है।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 19 जनवरी 2026 सोमवार
सूर्योदय - 07:14 सूर्यास्त 18:01
माघ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - एकम 02:14 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - उत्तराषाढा 11:52 उपरांत श्रवण
योग - वज्र 20:45 उपरांत सिद्धि
करण - किंस्तुघ्न
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर में रहेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 29 तारिख

**मेष-** रोजगार में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**वृषभ-** गर्व-अहंकार को दूर करें। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा।

**मिथुन-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें।

**कर्क-** अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है।

**सिंह-** यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं। व्यवसाय में अड़चनें आएंगी।

**कन्या-** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें।

**तुला-** मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

**वृश्चिक-** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**धनु-** अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा।

**मकर-** कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का माहौल बन सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा।

**कुंभ-** किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं करें। महत्वपूर्ण कार्यों में हस्तक्षेप से नुकसान की आशंका है।

**मीन-** पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

## समसामयिक

# महाराष्ट्र के जनादेश ने लात मारने वालों को करारा सबक सिखाया



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

महाराष्ट्र में मुंबई सहित सभी 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव परिणामों ने उन राजनीतिक दलों और नेताओं को करारा संदेश दिया है, जो बड़े गुमान में देश के लोगों को बाँटने की राजनीति करते रहे हैं । क्षेत्रीय पार्टी मनसे के प्रमुख राज ठाकरे द्वारा हिंदी भाषी राज्यों के लोगों को लात मारकर महाराष्ट्र से बाहर करने जैसे गैर-जिम्मेदाराना बयान से न केवल हिंदी भाषी नागरिकों की भावनाएँ आहत हुईं, बल्कि महाराष्ट्र के मराठी समाज को भी यह बयान नागवार गुजरा । इसी का परिणाम रहा कि महाराष्ट्र की जनता, विशेषकर मराठी मतदाताओं ने, चुनावों के माध्यम से ऐसे बयानों की राजनीति करने वाले नेताओं को न केवल अपने दिलों से बल्कि सत्ता से भी बाहर का रास्ता दिखा दिया । यह स्पष्ट संकेत है कि महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि देश का जनमानस अब जाति, धर्म और भाषा के नाम पर की जाने वाली विभाजनकारी राजनीति के बहकावे में आने वाला नहीं है।

आज देश के नागरिकों के लिए राष्ट्र प्रथम और उसकी सुरक्षा सर्वोपरि है। यही कारण है कि वर्तमान राजनीति में वही दल और नेता जनता का विश्वास जीत पा रहे हैं, जो राष्ट्रहित और विकास के मुद्दों पर काम कर रहे हैं। महाराष्ट्र की स्थानीय राजनीति में भाजपा ने अपने दम पर नया इतिहास रचा है। पहली बार क्षेत्रीय दलों को पीछे छोड़ते हुए भाजपा को सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाने का जनादेश मिलना, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की देवेंद्र फड़नवीस सरकार की साफ नीयत और विकासोन्मुखी राजनीति का परिणाम है । महाराष्ट्र के इन स्थानीय चुनावों ने उन राजनीतिक दलों के नेताओं को आत्ममंथन का अवसर दिया है, जो आज भी जाति, धर्म और भाषा के सहारे सत्ता के सपने देखते हैं। आज देश का हर नागरिक चाहे वह किसी भी धर्म या वर्ग से हो अपने और अपने देश का विकास चाहता है। अच्छी शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ, मजबूत कानून व्यवस्था, शांति और सुरक्षा आज आम नागरिक की प्राथमिकताएँ हैं। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की महानगरपालिका, जिसका बजट कई राज्यों के बजट के बराबर है, वहाँ तीन दशक बाद भाजपा का सत्ता में लौटना जनता के सरकार के प्रति बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। उम्मीद है कि भाजपा गठबंधन महाराष्ट्र की जनता की अपेक्षाओं और जनादेश की कसौटी पर खरा उतरेगा।

# बसंत आने को है

मौसम में दीवानगी है
रवि किरणों में ताजगी है
मस्त फिजा फैल जाने को है
अब बसन्त आने को है।
आम्र-वृक्ष बौरा रहे है
भँवरें फूलों पर मंडरा रहे है
बागों में बहार छाने को है
अब बसन्त आने को है।
गेंहू में बालियां आ रही है
सरसों बासन्ती रूप दिखा रही है
धरती अन्न उपजाने को है
अब बसन्त आने को है।
जन-जीव प्रणय को बेकरार है
प्रेम-पर्व का सबको इंतजार है
कामदेव सबको उकसाने को है
अब बसन्त आने को है।
मृदु पवन संगीत रच रही है
धरती सज-संवर के नच रही है
कोयल मधुर गीत सुनाने को है
अब बसन्त आने को है।
प्रकृति खुशनुमा लग रही है
जीने की उमंग मन में जग रही है
मधुमास खुशियाँ लुटाने को है
अब बसन्त आने को है।

-ओमप्रकाश चोरमा

# कमजोर आंखों को मजबूत करती हैं ये एक चीज, डाइट में शामिल करने से मिलेगा फायदा



शिमला मिर्च तो हर किसी ने देखा होगा, खाया भी होगा लेकिन आप इसके एक नायाब गुण के बारे में नहीं जानते होंगे। मोतियाबिंद और मैक्यूलर डीजनरेशन जैसी समस्याओं को रोकने के लिए शिमला मिर्च बड़ी खास होती है। क्यों होती है खास जानना चाहेंगे? वैज्ञानिक और हर्बल मेडिसिन एक्सपर्ट ने बताया कि शिमला मिर्च में ल्यूटीन और जिएक्सजेन्थीन ये दो ऐसे नेचरल कंपाउंड्स हैं जो आंखों की सेहत के लिए बड़े ही महत्वपूर्ण हैं। ये दोनों कंपाउंड्स बेहतरीन एंटीऑक्सीडेंट्स हैं और आंखों की सेहत के लिए तो अतिमहत्वपूर्ण हैं लेकिन दुर्भाग्य से ये हमारे शरीर में बनते नहीं हैं। इनकी पूर्ति हम बेहतरीन खानपान से ही कर सकते हैं।

शिमला मिर्च के अलावा और भी कई फल और सब्जियां हैं जिनमें ये दोनों एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। लेकिन, शिमला मिर्च की खासियत ये है कि ये कैलोरी में भी कम हैं और हल्की फुल्की होने के साथ साथ बहुत सारे विटामिन्स से भरपूर हैं, और सबसे खास बात ये है कि डायबेटिक्स भी इसे शौक से खा सकते हैं। चूंकि आंखों से जुड़ी इन समस्याओं (कैटरेक्ट और मैक्यूलर डीजनरेशन) की मुख्य वजहों में से एक डायबिटीज ही है, इसलिए शिमला मिर्च एक बेहतरीन ऑप्शन है।


हर्बल मेडिसिन एक्सपर्ट ने बताया- मॉस्को (रूस) से 600 किमी दूर मोरूम एक छोटा सा कस्बा है, मैं करीब 25 दिन वहाँ रहा था। एक रात किसी ने खाने पर मुझे बुलाया, खाने से पहले एक तश्तरी में कुछ पपड़ी की तरह का आयटम रखा हुआ था। इसे चाव से खाया जा रहा था और जब मैं इस आयटम को खा रहा था तो मुझे बताया गया कि ये आंखों के लिए अच्छा है। इसके बारे में पूछे जाने पर मुझे पता चला कि ये ह्यबोलगर्सके सुखोयह्ण है। ये इतने कठिन नाम वाली चीज कुछ और नहीं, सूखी हुई शिमला मिर्च थी और तब पहली बार ये भी पता चला कि सूखे को रूसी भाषा में सुखोय कहते हैं।

### कैसे और कितना खाएं शिमला मिर्च

हफ्ते में 2-3 बार शिमला मिर्च भी खाएं, इस आप किसी भी तरीके से खा सकते हैं, जैसे- सब्जी बनाकर, सलाद के तौर पर या सुखाकर। हरी या लाल या फिर पीली कोई भी शिमला मिर्च आप खा सकते हैं जो भी आपको आसानी से मिले। बोलगर्सके सुखोय बनाना हो तो लंबे आकार में शिमला मिर्च कट करें, दो दिन धूप में सुखा दें, एक दिन छांव में फैलाकर रखें और कंटेनर में डाल दें। जब खाने का मूड बने तो चाट मसाला डालकर खा सकते हैं।

## धर्म-आस्था

# अहंकार के कारण श्रीकृष्ण को नहीं पहचान पाया दुर्योधन



जिसका मन निर्मल है, उसके लिए हर नदी, हर कूप और हर तालाब का पानी गंगाजल के समान पवित्र है। हम कृष्ण और राम के चरित्र की कथाएं तो बड़े प्रेम से सुनते हैं, पर यह देखने का साहस कम ही करते हैं कि उनकी दी हुई सीख को अपने जीवन में कितना उतार पाए। दिन भर झूठ, फरेब और स्वार्थ में उलझे रहने के बाद शाम को मंदिर जाकर कुछ पत्र-पुष्प भगवान को अर्पित कर देते हैं, चौखट पर मत्था टेककर क्षमा मांग लेते हैं और संतुष्ट हो जाते हैं। भजन-कीर्तन करते हैं और यह मान लेते हैं कि हम भक्त हो गए।

बेशक इन सबका अपना महत्त्व है, पर प्रश्न है- पूजा जब ईश्वर की करनी है, तो कर्म अपने स्वार्थ के लिए क्यों? संतुलित दृष्टि से देखें ती कर्म के प्रति निष्ठा. आचरण की पवित्रता और पूजा-पाठ तीनों का अपना महत्व है। हमारे शास्त्रों में कर्मकांड भी किसी निश्चित उद्देश्य की पूर्ति के लिए ही निर्धारित किए गए हैं। लेकिन बिना अपेक्षा के कर्म की भी बात की गई है। संसार में ईश्वर जब हर जगह है, तो केवल मंदिरों, पूजा-घरों या धार्मिक आयोजनों में हम क्यों भटक रहे हैं? जब हमारा प्रत्येक कर्म ईमानदारी और करुणा से भरा होता है, तब वही कर्म पूजा बन जाता है। और जब कर्म ही पूजा बन जाए, तब मंदिर और प्रयोगशाला, दोनों में कोई भेद नहीं रह जाता।

गीता के प्रसंग में देखें तो अर्जुन और दुर्योधन, दो भिन्न प्रवृत्तियों के प्रतीक हैं। अर्जुन संवेदना, करुणा और सरलता का प्रतीक है, जबकि दुर्योधन लोभ, अहंकार और अंधे मोह में डूबा हुआ है इतना कि भगवान सामने होते हुए भी उन्हें पहचान नहीं पाता। स्पष्ट है कि जहां मन निर्मल नहीं, वहां न राम टिक सकते हैं, न कृष्ण।

इसलिए जिनका मन निर्मल है, उन्हें ईश्वर को खोजने के लिए न तीर्थों की यात्रा करनी पड़ती है और न गंगा में डुबकी लगाने, न मंदिरों में भटकने की जरूरत होती है। ईश्वर वहीं प्रकट हो जाता है, जहां मन निर्मल और कर्म पवित्र होता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2200-2990 चना काबली- 5191-8391, चना बड़ा- 46811-5530, बटला- 2812, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 2631-5841, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्डर्ड- 1,45,100, रवा- 1,45,000 चांदी- टंच- 2,73,000 पाट- 2,72,800।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति पर हाटकेश्वर धाम समिति ने किया सम्मान

**ब्यावरा।** ब्यावरा हाटकेश्वर धाम समिति कचनारिया द्वारा नगर के सिस्टर निवेदिता विद्यालय एवं विवेकानंद हायर सेकंडरी स्कूल की ब्राच 1 व 2 के द्वारा विवेकानंदजी की जयंती के अवसर पर जो झांकियां प्रस्तुत की थी उससे प्रभावित होकर हाटकेश्वर समिति के सदस्यों ने स्कूल की दोनों ब्रांच को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर हाटकेश्वर समिति के अध्यक्ष रमेश नागर, बी के शर्मा, दीपक नायक, अशोक दुबे, गिरिराज शर्मा, सन्तोष अवस्थी, बृजेश त्रिवेदी, रामदयाल पालीवाल कचनारिया, रामनारायण चन्द्रवंशी, हरिनारायण चन्द्रवंशी, सहित स्कूल स्टाफ सम्मिलित रहा।

## संस्था मां शारदा के द्वारा बांटी गई छोटे-छोटे बच्चों को कॉपियां




**भौरासा।** नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी इंदौर की संस्था मां शारदा इंदौर के द्वारा नगर में छोटे-छोटे बच्चों को काफिया वितरित की गई आपको बता दे की पिछले कई सालों से संस्था मां शारदा के संस्थापक प्रमोद कुमार द्विवेदी एडवोकेट इंदौर के द्वारा भौरासा नगर में सामाजिक कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जैसे गरीब बेसहारा महिलाओं को सिलाई मशीन देना हो या बिन माता-पिता के बच्चों को सहायता राशि देना हो या फिर नगर के गरीब बच्चों की फीस भरना हो व नगर में रक्षाबंधन पर्व मानना या चुनरी यात्रा निकालना या फिर रुद्राभिषेक प्रतिमाह किए जाते हैं वही छोटे-छोटे बच्चों को कॉपियां वितरित की गई इसी कड़ी में आज द्विवेदी के द्वारा, संस्था मां शारदा इंदौर एवं सुमित जैन मित्र मंडली इंदौर के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम सहारा के अंतर्गत 51बच्चे बच्चियों को सहारा कार्यक्रम के अंतर्गत राशि वितरण की गई वहीं 5 गरीब बेसहारा महिलाओं को सिलाई मशीन भी वितरित की गई।


## पार्थिव शिवलिंग निर्माण रुद्राभिषेक का आयोजन भौरासा नगर में हुआ संपन्न



**भौरासा।** संस्था मां शारदा इंदौर के द्वारा भौरासा नगर में लगातार पार्थिव शिवलिंग निर्माण व 12 ज्योतिलिंगों का रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में शनिवार को भी इसी तरह का आयोजन नगर के बाबा भंवरनाथ जी मंदिर प्रांगण में किया गया जिसमें सेकडो महिलाओ ने यहां पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक का आयोजन नगर के बाबा भंवरनाथ जी मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने शामिल होकर अपने हाथों से मिट्टी के शिवलिंग का निर्माण किया एवं उनका विधि विधान पूर्वक रुद्राभिषेक किया यहां पर महिलाओं ने भी भगवान शिव की आराधना की साथ ही यहां पर 12 ज्योतिलिंगों की प्रतिमा भी लगाई गई थी साथ ही बैनर पर ज्योतिर्लिंग की विशेषता एवं उसका पूरा महत्व भी लिखा गया था जिनके दर्शन भी सभी ने प्राप्त किए इंदौर के पंडित धनीराम जी तिवारी ने सभी को शिव भगवान के रुद्र अभिषेक का महत्व समझाते हुए सभी को पूजन करवाया संस्था के प्रमुख प्रमोद कुमार द्विवेदी ने बताया कि इन आयोजनों में नगर की महिलाएं बड़ चढ़ कर के हिस्सा ले रही हैं जिससे हमे काफी खुशी है इन सब का सहयोग मिलने से हम आगे भी नगर में और भी अच्छे कार्य करेंगे।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर पर तपस्वी महाराज की पुण्यतिथि मनाई

**ब्यावरा।** शहर के प्रसिद्ध पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सिद्ध संत तपस्वी गुरूप्रसाद दास की पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर पूजन अर्चन की गई साथ ही गुरूचरण पादुका



की पूजन भी भक्तों व शिष्यों ने करते हुए उनके चमत्कारों के बारे में लोगों को बताया। इसके पहले एक दिन अंखड रामायण पाठ हुआ जिसका हवन शांति का आयोजन उनकी पुण्यतिथि के दिन हुआ जिसमें मंदिर समिति के सदस्यों ने आहुति दी। पंचमुखी मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य जगदीश रघुवंशी एवं हरीश गुप्ता नटराज ने बताया कि तपस्वी संत महाराज गुरूप्रसाद दास 1950 में ब्यावरा की अजनार नदी के तट पर आए थे तब यह मैदान घना जंगल था एवं नदी की कल कल ध्वनि बहती रहती थी। हम लोगों ने देखा कि महाराज अपने आप में सिद्ध पुरूष थे और गर्मी में जहां धूना तापकर साधना में लीन नजर आते तो सर्दी में नदी के धार में मध्य रात्रि से लेकर अल सुबह तक साधना करते वहीं बारिश में गिरते पानी में अपनी साधना करते थे। रघुवंशी ने बताया कि महाराज फलाहारी संत थे केवल फलाहार की करते थे जब भी कोई उनकी कुटिया में आता था तो वह उसको भी फलाहार करवाते थे। आज तक कोई भक्त यह नहीं जान पाया कि छोटी सी कुटिया में इतना फलाहार कहां से आता था। नगर के सभी बड़े बड़े सेठ भक्त थे एवं समय समय पर उनसे मिलने आते रहते थे। सिद्ध संत गुरूप्रसाद माघ के महिने में सन 1993 में अचानक ब्रहमलीन हो गए। उनकी पुण्यतिथी पर पंचमुखी मंदिर पर एक आयोजन किया गया जिसमें भक्तों एवं शिष्यों ने अपने अपने भाव से उन्हे याद किया। गौरतलब है कि किसी समय में यह मैदान वीराना था और अब इस मैदान को सभी लोग पंचमुखी मंदिर के नाम से पहचानते है।

# सिविल अस्पताल सुसनेर में सुरक्षा और अव्यवस्था का मुद्दा गरमाया डॉक्टरों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



सिविल अस्पताल के डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र में लगातार बढ़ रही अनैतिक गतिविधियों और सुरक्षा की कमी से परेशान हैं। शनिवार को अस्पताल स्टाफ ने जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार राजेश श्रीमाल को सौंपा है। जिसमें उन्होंने मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार अस्पताल स्टाफ शासन के नियमों के अधीन रहकर आम जनता को कम संसाधनों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ देने के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि, लंबे समय से सिविल अस्पताल परिसर के अंदर और बाहर स्वास्थ्य विभाग को लेकर अनैतिक गतिविधियों और प्रदर्शनों से स्वास्थ्य सेवाएँ देने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया कि इन गतिविधियों में कुछ असामाजिक तत्व शामिल होकर उग्र रूप ले रहे हैं। जिससे विभागीय कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान किया जाना बहुत आवश्यक हो गया है। एंबुलेंस सेवाओं के लिए निर्धारित शुल्क के भुगतान न करने हेतु मरीजों का दबाव रहता है। सीबीएमओ डॉ. राजीव कुमार बारसेना के प्रति पूर्ण संतुष्टि व्यक्त की है और आरोप लगाया है कि कुछ लोग उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

### 16 जनवरी की घटना का विवरण

ज्ञापन में दिनांक 16 जनवरी, 2026 (शुक्रवार) को लगभग शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक हुई एक विशेष घटना का जिक्र किया गया है। इसमें कुछ स्थानीय लोगों द्वारा अस्पताल के डॉक्टरों, महिला कर्मचारियों और अन्य कर्मचारियों पर अभद्र टिप्पणी कर उन्हें सार्वजनिक रूप से बेइज्जत किया गया। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल को बूचड़खाना बताकर नारेबाजी भी की, जिससे स्टाफ खुद को अत्यधिक अपमानित महसूस कर रहा है। स्टाफ ने इस घटना पर प्रशासनिक स्तर से कार्रवाई किए जाने की अतिआवश्यकता जताई है।

### सुरक्षा व्यवस्था

पूर्व में भी अस्पताल में तोड़फोड़, डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के साथ मारपीट व अभद्रता की घटनाएँ हो चुकी हैं। इसलिए अस्पताल प्रशासन ने तत्काल एक पुलिस चौकी स्थापित करने और पुलिसकर्मियों की तैनाती की मांग की है।

### परिसर का हो रहा दुरुपयोग

अस्पताल परिसर के बाहर रोगी कल्याण समिति के माध्यम से बनाई गई कुछ दुकानों के दुकानदार लंबे समय से किराया बकाया रखे हुए हैं। जब उनसे वसूली का दबाव बनाया जाता है तो वे विरोध प्रदर्शन में शामिल हो जाते हैं। इसके अलावा इन दुकानदारों और बाहरी तत्वों द्वारा मरीजों के लिए बने शौचालयों, बिजली, पानी के फिल्टर और मोटरों का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। इमरजेंसी गेट के बाहर पुराने कृषि उपज मंडी परिसर में अतिक्रमण और कियोस्क आपातकालीन सेवाओं में बाधा डाल रहे हैं। जिन्हें तुरंत हटाने की मांग की गई है। साथ ही पुराने मंडी परिसर की जमीन को अस्पताल के उपयोग (पार्किंग आदि) के लिए हस्तांतरित करने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन में कलेक्टर से इन सभी समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। ताकि स्वास्थ्य सेवाएँ भयमुक्त वातावरण में सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

देवास में स्लीपर बसों पर परिवहन विभाग की सख्ती

# 55 बसों की जांच, 7 पर चालान, 58 हजार रुपये का जुर्माना वसूला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास




कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग ने शनिवार को देवास जिले में लगातार जांच की। इसी क्रम में, जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान और उनकी टीम ने स्लीपर यात्री बसों में सुरक्षा मानकों की जांच के लिए एक विशेष अभियान चलाया। शहर के मक्सी रोड पर स्लीपर कोच यात्री बसों को रोककर जांच की गई।

जांच के दौरान, परिवहन अधिकारी ने स्लीपर बसों के लिए निर्धारित सरकारी मापदंडों की सख्ती से जांच की। इसमें अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन द्वार, पार्टीशन गेट, स्लाइडर और पैनिक बटन जैसे सुरक्षा उपकरण शामिल थे।

इस अभियान के तहत, जिन बसों में चालक सीट के पीछे पार्टीशन गेट पाए गए, उन्हें मौके पर ही हटवाया गया। संबंधित बस संचालकों को सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

दिन भर चली इस चेकिंग कार्रवाई में कुल 55 यात्री बसों की जांच की गई। इनमें से 3 वाहनों में तत्काल पार्टीशन गेट हटवाए गए और अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। जांच के दौरान, 7 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई, जिससे 58 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूला गया।

जिन वाहनों में कमियां पाई गईं, उनके मालिकों को परिवहन अधिकारी द्वारा जल्द से जल्द इन कमियों को पूरा कर भौतिक सत्यापन के लिए परिवहन कार्यालय में वाहन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। परिवहन कार्यालय ने स्लीपर यात्री बसों के मालिकों को निर्धारित सुरक्षा मापदंडों को पूरा करने के लिए नोटिस जारी किए हैं। निर्धारित समय सीमा में सुरक्षा मापदंड पूरे न होने की स्थिति में, परिवहन कार्यालय द्वारा फिटनेस निरस्तीकरण के साथ-साथ अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## खातेगांव में 64वां जम्भ महोत्सव में शोभायात्रा निकली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव

खातेगांव में 64वां जम्भ महोत्सव उत्साहपूर्वक जारी है। धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक यह महोत्सव शुक्रवार को प्रातः एक दिवसीय हवन के साथ शुरू हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को कई विशेष आयोजन हुए। सुबह हवन के बाद चित्रकला और सामाजिक ज्ञान प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों और युवाओं ने उत्साह से भाग लिया। इसके उपरांत गुरु जम्भेश्वर महाराज की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान भजन प्रस्तुति देती मंडली। शोभायात्रा का नगर के कई सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान पूरे नगर में भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण रहा। शनिवार रात में भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भक्ति संगीत के माध्यम से गुरु जम्भेश्वर महाराज के संदेशों का गुणगान हुआ। महोत्सव का समापन रविवार को प्रातः हवन के साथ होगा। इसके बाद सामाजिक छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों और उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन सामाजिक चर्चा और भोजन प्रसादी के साथ होगा। यह जानकारी श्री विश्नोई मंडल अध्यक्ष जगदीश साऊ, राजेश विश्नोई और पार्षद अजय विश्नोई ने दी।

## ट्रेन की टक्कर से आक्या चौहानी के युवक की मौत

**शाजापुर।** मकर संक्रांति का पर्व मनाने उज्जैन से अपने गांव आए एक युवक के लिए रात काल बनकर आई। बेरछा थाना क्षेत्र के ग्राम आक्या चौहानी में रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और खुशियों वाले घर में चीख-पुकार मच गई। मृतक की शिनाख्त अनिल निवासी आक्या चौहानी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अनिल उज्जैन में कार्यरत था और मकर संक्रांति की छुट्टियों में अपने परिवार के साथ समय बिताने गांव आया था। शुक्रवार रात वह किसी कार्यवश रेलवे लाइन के पास से गुजर रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही बेरछा पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

# अतिक्रमण हटाने गई टीम पर तानी बंदूक, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी

प्रशासन का पीला पंजा जब अवैध निर्माण को जमींदोज करने निकला, तो आरोपी शख्स ने सीधे अधिकारियों पर मौत का सामान तान दिया। दरअसल मक्सी के वार्ड क्रमांक 15 में उस वक्त हड़कंप मच गया जब अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर परिषद, राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम के सामने इंदर सिंह पाटीदार नाम का शख्स 12 बोर की बंदूक लेकर खड़ा हो गया। आरोपी ने न केवल टीम को भद्दी-भद्दी गालियां दीं, बल्कि अपनी बंदूक की नाल उनकी तरफ तानकर काम रुकवा दिया। इस सनसनीखेज दुस्साहस के बाद अब पुलिस आरोपी की कुंडली खंगाल रही है।

### जेसीबी देखते ही आपा खोया, घर से ले आया मौत का सामान

जानकारी के मुताबिक गडरोली क्षेत्र में इंदर सिंह पाटीदार के अवैध कब्जे की शिकायत पर नगर परिषद मक्सी ने 18 नवंबर 2025 को आखिरी चेतावनी नोटिस दी थी। इसके बाद जब टीम पूरे दलबल के साथ कार्रवाई करने पहुंची, तो इंदर सिंह ने सरेआम गुंडागर्दी शुरू कर दी। नगर परिषद कर्मचारी विनोद कुमार गिरजे और कमल सिंह गुर्जर सहित पूरी टीम उस वक्त सन्न रह गई, जब विवाद के बीच आरोपी घर के अंदर भागा और हाथ में चमचमाती 12 बोर की बंदूक लेकर बाहर निकला। बंदूक तानते ही मौके पर मौजूद कर्मचारियों और राहगीरों के हाथ-पैर फुल गए।

### आरोपी पर दर्ज हुआ मुकदमा

सरकारी काम में बाधा डालने और अधिकारियों की जान जोखिम में डालने के मामले को प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। पुलिस ने 15 जनवरी 2026 को आरोपी इंदर सिंह पाटीदार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। घटना की खबर शनिवार को वायरल हुई जब पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ को लेकर दबिश देना शुरू की। थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

विज्ञान प्रदर्शनी का जिला स्तरीय आयोजन सम्पन्न

# बेहतर प्रदर्शन कर छात्रों ने दर्शकों का मोहा मन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



जिला शिक्षा केंद्र द्वारा राज्य शिक्षा केंद्र के आदेशानुसार राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26 का जिला स्तरीय आयोजन गत दिवस जिल शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बजरंगगढ़ में किया गया। प्रदर्शनी स्थल पर पोर्टल से प्राप्त सूची अनुसार मॉडल संख्या-77, सेमीनार-6, पर्यावरण एकलगीत-11 एवं लघुनाटिका संख्या-8 (सदस्य संख्या 44) के मान से आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई।

आयोजन स्थल पर सभी 138 छात्रों हेतु समस्त सुविधाओं यथा स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ शौचालय, पर्याप्त बैटक व्यवस्था एवं गॉडल प्रदर्शन के लिए सुसज्जित टेबल एवं लाईट की पर्याप्त व्यवस्था की गई। प्रत्येक विकासखण्ड से बच्चों के सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु दो शिक्षकों की (जिनमें एक महिला व एक पुरुष शिक्षक) की ड्यूटी बच्चों को आयोजन स्थल पर लाने एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम के समापन उपरांत सकुशल घर वापसी की व्यवस्था की गई। आयोजन दिनांक को प्रतिभागी बच्चों एवं सहयोगी शिक्षकों (कुल सदस्य संख्या -146) के लिए दोपहर भोजन की व्यवस्था भी आयोजन समिति द्वारा की गई। उक्त जिला स्तरीय प्रदर्शनी में विकासखण्ड बमोरी, चाचोडा, गुना एवं राधोगढ़ के बच्चें ने अपने शिक्षकों के साथ सहभागिता की। कुछ छात्रों के पालकों ने भी प्रदर्शनी में सहभागिता की एवं बच्चों के मॉडल व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों यथा पर्यावरण एकल गीत, सेमीनार, एवं लघुनाटिका का अवलोकन किया व बच्चों की हौंसला अफजाई भी की गई। विकासखण्ड आरोन के बच्चे उक्त प्रदर्शनी में सम्मिलित नहीं हो सके, क्योंकि विकासखण्ड आरोन द्वारा समय पर प्रदर्शनी आयोजित करने एवं पोर्टल पर उक्त जानकारी अपडेट करने की कार्यवाही समय पर नहीं की गई। इसके लिए बीआरसीसी आरोन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। सेमीनार में बच्चों ने अपने तैयार किये गये कला कौशल, संभाषण, एकलगीत, लघुनाटिका आदि का प्रदर्शन मंच पर माईक के साथ किया। जिसे सभागार में उपस्थित मूल्यांकन दल के सदस्यों राजेखांन उ.मा.शि. बजरंगगढ़, श्रीमति संध्या पिसाल एवं प्रशांत श्रीवास्तव के साथ आयोजन समिति के सदस्यों लखन सिंह परिहार, प्रभारी डीपीसी (सामान्य प्रभारी), रामवीर सिंह जाटव एपीसी, सतेंद्र श्रीवास्तव एपीसी द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम में बीआरसीसी बमोरी कोक सिंह पोर्सिया एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों द्वारा सहभागित की गई एवं बच्चों के उत्साहवर्धन में अपना योगदान दिया गया।



## जिले के कक्षा 2 से 8वीं के 3339 बच्चों की ओएमआर शीट पर ओलंपियाड परीक्षा सम्पन्न

**गुना।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के द्वारा आयोजित ओलम्पियाड प्रतियोगिता (वर्ड पावर चैंम्पियनशिप) वर्ष 2025-26 द्वितीय चरण जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2026 को जिले के पाँच विकासखण्ड मुख्यालय पर बनाए गए पाँच परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता कक्षा 02 से 08 तक के प्रथम चरण में चयनित जिले के 3339 बच्चों के लिये आयोजित की गई। परीक्षा में जिले के 52 जनशिक्षा केन्द्रों से बच्चों को उपस्थित कराने हेतु 24 रूट बनाये गये जिन पर बस एवं छोटे वाहन लगाकर बच्चों को उनके परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचाया गया तथा परीक्षा सम्पन्न उपरान्त उन्हें वापस घर सुरक्षित पहुँचाया गया। इस दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर बच्चें/पालक अभिभावक/शिक्षक सभी को भोजन कराया गया। परीक्षा में सम्मिलित प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। 17 जनवरी 2026 को परीक्षा केन्द्र देहली पब्लिक ग्लोबल स्कूल गुना में जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती सारिका क्षितिज लुम्बा एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल द्वारा केन्द्र का निरीक्षण किया एवं उपस्थित बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। केन्द्र पर उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के लिए बीआरसीसी गुना अशोक कुमार जोशी एव बीएसी मुकेश भट्ट एवं उनकी टीम की सराहना की।

## आपसी सुलह से खत्म होंगे मुकदमे, 14 मार्च को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**शाजापुर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में आगामी 14 मार्च 2026 शनिवार को शाजापुर और आगर मालवा जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला मुख्यालयों सहित सभी तहसील न्यायालयों में एक साथ होगा। लोक अदालत में आपराधिक शमनीय मामले, चेक बाउंस (धारा 138), बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद और भूमि अधिग्रहण जैसे मामलों का निराकरण आपसी सहमति से किया जाएगा। इसके अलावा बिजली व जल कर संबंधी प्रीलिटिगेशन मामलों में भी राहत दी जाएगी। प्राधिकरण ने बताया कि लोक अदालत की तैयारी के लिए जल्द ही प्रारंभिक बैठकों का दौर शुरू होगा। पक्षकारों से अपील की गई है कि वे अपने लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं।

## इंदौर जल त्रासदी पर न्याय के लिए शाजापुर में कांग्रेस का उपवास



**शाजापुर।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के मामले में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए शनिवार को शाजापुर जिला कांग्रेस ने हुंकार भरी। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय उपवास रखकर अपना विरोध दर्ज कराया। बस स्टैंड पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए। प्रदर्शन स्थल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर के सामने कांग्रेस नेताओं ने मौन और उपवास के जरिए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। कार्यकताओं के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर भागीरथपुरा की जनता को न्याय दो और सरकार विरोधी नारे लिखे हुए थे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इंदौर में इतनी बड़ी घटना के बावजूद अब तक न तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कड़ी कार्रवाई हुई है और न ही पीड़ित परिवारों को न्याय मिला है। इंदौर में भाजपा के जनप्रतिनिधि होने के बावजूद जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है और जान गंवा रही है। इस अवसर पर शाजापुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रदर्शन के अंत में दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई और प्रशासन को चेताया गया कि यदि जल्द ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

**न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील खाचरौद जिला उज्जैन (मप्र)**

**मामले का विषय :- निवास पचलासी ग्राम स्थित भूमि वसीयत के आधार पर नामान्तरण विषयक**

**प्रकरण क्रमांक 1004/अ-6/2025-26**

**सजन पिता अमर जाति बागरी**
**निवासी ग्राम सण्डावदा तहसील खाचरौद**
**विरूद्ध**
**सर्वसाधारण म.प्र. शासन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रार्थी सजन पिता अमर जाति बागरी निवासी ग्राम सण्डावदा तहसील खाचरौद जिला उज्जैन द्वारा इस न्यायालय के समक्ष मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत ग्राम सण्डावदा स्थित भूमि सर्वे नंबर 215/2 रकबा 0.43 हे0 स्थित है। जिसमें कृषक अमरजी पिता गंगाराम जाति बागरी निवासी ग्राम सण्डावदा तहसील खाचरौद का दिनांक 09.07.2016 को स्वर्गवास हो गया है। प्रार्थी सजन पिता अमरजी जाति बागरी निवासी ग्राम सण्डावदा तहसील खाचरौद जिला उज्जैन द्वारा वसीयत के आधार पर नामान्तरण करवाने हेतू आवेदन पेश किया गया है। उपरोक्त भूमि के नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो निश्चित तारीख 29.01.2026 को या उसके पूर्व स्वंय या विधिक अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर स्वीकार नही होगी।

मेरे हस्ताक्षर द्वारा तथा कार्यालय की मोहर के अधीन आज दिनांक 14.01.2026 को जारी किया गया ।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील खाचरौद**

## ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान पुरानी विरासत को सहेजने का संकल्प : विधायक पंड्या



**बड़नगर।** सरकार जो भी अभियान चलाती है वह आमजन को ध्यान में रखकर चलाया जाता है। ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश केवल अभियान नहीं है बल्कि यह पुरानी विरासत, संस्कृति एवं सभ्यता को सहेजने का एक संकल्प भी है।

उक्त विचार ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने व्यक्त किए। आपने कहा कि जनअभियान परिषद सरकार और समाज के बीच सेतु का कार्य कर रहा है। परिषद द्वारा बड़नगर में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। इसके लिए आप सभी उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित किया। अतिथि महानुभाव को पौधा भेटकर दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक रेणुका श्रोत्रिय, नगर विकास समिति के अमित जोशी, जयेश आचार्य आदि ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित तहसीलदार रुपाली जैन, शिक्षा विभाग से राहुल विश्वकर्मा, महिला बाल विकास विभाग अधिकारी सुलोचना सेन ने भी शासन की योजनाओं से संबंधित जानकारी उपस्थित जनसमुदाय को दी। कार्यक्रम में नगर मण्डल अध्यक्ष अमित राठौड़ भी मंचासिन रहे। श्रीमती श्रोत्रिय ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान की विस्तार से जानकारी प्रदान कर बताया कि अभियान के तहत विकासखंड के अनेक गांव में नवांकुर सनीति प्रस्फुटन समिति के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित करेगी। संचालन अजय पंड्या सजग ने किया।आभार परिषद की विकासखंड समन्वय रेणुका श्रोत्रिय ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति सदस्य, नवांकुर, मेंटर एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान विकासखंड में परिषद के साथ मिलकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एवं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को विधायक जी के हाथों अंक सूची प्रदान की गई। संचालक द्वारा ऊजार्वान प्रेरणादायी गीत संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बड़े चलो भला हो जिसमे देश का वह काम सब किए चलो का सामूहिक गान करवाया।

## निःशुल्क मेगा हृदय रोग शिविर का सफल आयोजन



**बड़नगर।** अपोलो हॉस्पिटल इंदौर एवं काबरा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर बड़नगर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक निःशुल्क मेगा हृदय रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिकों ने सहभागिता की, जहाँ सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क हृदय रोग संबंधी परामर्श एवं प्रारंभिक जाँच सुविधाएँ प्रदान की गईं।

शिविर में अपोलो हॉस्पिटल इंदौर से पधारे डॉ. के. रोशन राव एवं डॉ. शिरीष अग्रवाल द्वारा मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श दिया गया। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञों के सम्मान में सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में काबरा हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. वी. डी. काबरा, बड़नगर के प्रख्यात सर्जन डॉ. एल. ए. कापड़िया, पूर्व विधायक शांतीलाल धबाई, पुलिस एसडीओपी महेंद्रसिंह परमार एवं थाना प्रभारी अशोक पाटीदार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में चिकित्सकों एवं अतिथियों का सम्मान केमिस्ट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नवीन काबरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों, चिकित्सकों, स्टाफ एवं मरीजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन काबरा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. प्रखर काबरा ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अजय त्रिवेदी द्वारा किया गया। शिविर एवं सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में मरीजों के साथ-साथ गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। आयोजन को क्षेत्रवासियों द्वारा अत्यंत सराहना मिली।

## मौनी अमावस्या पर आयोजित हुआ भंडारा

**शुजालपुर।** अकोदिया मार्ग पर स्थित प्राचीन काकड़ खेड़ा हनुमान मंदिर में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का भव्य आयोजन श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के



साथ-साथ दूर. दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और प्रेमपूर्वक वितरित भोजन-प्रसादी का लाभ लिया। मंदिर परिसर सुबह से ही जय बजरंग बली के जयकारों से गूंज उठा, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। काकड़ खेड़ा हनुमान मंदिर का इतिहास वर्षों पुराना और आस्था से परिपूर्ण माना जाता है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार यहां प्रतिदिन दर्शन करने से संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि इस मंदिर में हर दिन श्रद्धालुओं की निरंतर आवाजाही बनी रहती है। मौनी अमावस्या के अवसर पर आयोजित भंडारे ने इस आस्था को और भी प्रबल कर दिया। यहां पर बालिकाओं की पूजा अर्चना की गई और भगवान हनुमान जी को भोग अर्पित किया गया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को श्रद्धा और स्नेह के साथ प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मध्यप्रदेश शासन ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव करते हुए बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के तहत कई अधिकारियों को नई पदस्थापना और अतिरिक्त प्रभार सौंपे गए हैं। इंदौर नगर निगम से हटाए गए दिलीप यादव को पर्यटन निगम को एमडी बनाया गया है।

# मध्यप्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल: 26 आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर, दिलीप यादव पर्यटन निगम के एमडी बने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव करते हुए बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत कई आईएएस अधिकारियों को नई पदस्थापना दी गई है, जबकि अनेक अधिकारियों को वर्तमान पद के साथ अतिरिक्त प्रभार सौंपे गए हैं। इंदौर नगर निगम से हटाकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में उप सचिव बनाए गए दिलीप यादव को अब मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम का प्रबंध संचालक नियुक्त किया गया है। वहीं मुख्यमंत्री के सचिव इलैयाराजा टी को पर्यटन विभाग का सचिव नियुक्त करते हुए मध्य प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड का प्रबंध संचालक और आयुक्त पर्यटन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### राठी को हटाया, धनराजू एस स्वास्थ्य आयुक्त बने

स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त तरुण राठी को हटाकर आदिवासी विकास विभाग का आयुक्त बनाया गया है। उनकी जगह इंदौर वाणिज्यिक कर आयुक्त तथा वाणिज्यिक कर विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे धनराजू एस को स्वास्थ्य विभाग का आयुक्त नियुक्त किया गया है। आदेश के अनुसार अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला को गृह विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। साथ ही उन्हें संस्कृति विभाग और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उमाकांत उमराव को खनिज साधन विभाग से मुक्त कर प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं डेयरी विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

### शोभित जैन बने आयुष विभाग के प्रमुख सचिव

राज्य खाद्य आयोग के सदस्य सचिव एवं राज्य उपभोक्ता प्रतितोषण विवाद आयोग के रजिस्ट्रार शोभित जैन को आयुष विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। जॉन किम्सली ए.आर. को उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। उनके पास नर्मदा घाटी विकास विभाग के सचिव, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के संचालक और जल संसाधन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। आदिवासी विकास विभाग के आयुक्त श्रीमन शुक्ल को योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग का सचिव, राज्य खाद्य आयोग का सदस्य सचिव और राज्य उपभोक्ता प्रतितोषण विवाद आयोग के रजिस्ट्रार का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। भोपाल गैस त्रासदी एवं पुनर्वास विभाग के संचालक स्वतंत्र कुमार को मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग का सचिव बनाया गया है।

### आलोक सिंह को खनिज विभाग का सचिव बनाया


ऊर्जा विभाग के सचिव विशेष गढ़पाले को मध्य प्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर का प्रबंध संचालक बनाया गया है। साथ ही उन्हें ऊर्जा विभाग के सचिव और पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक और मुख्यमंत्री के सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे आलोक कुमार सिंह को मुख्यमंत्री का सचिव नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें खनिज साधन विभाग का सचिव बनाया गया है। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी को इंदौर वाणिज्यिक कर आयुक्त नियुक्त किया गया है। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अपर सचिव अनुराग चौधरी को मध्य प्रदेश मत्स्य महासंघ का प्रबंध संचालक बनाया गया है। साथ ही उन्हें मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का अपर सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### ऋषि गर्ग एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी

मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग के सचिव राजेश कुमार ओगरे को वाणिज्यिक कर विभाग का अपर सचिव बनाया गया है। राज्य योजना आयोग के सदस्य सचिव ऋषि गर्ग को मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, भोपाल का प्रबंध संचालक नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें राज्य योजना आयोग और अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### नेहा मारव्या को जनजाति कार्य विभाग में अपर सचिव

विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु जनजाति विभाग की संचालक नेहा मारव्या सिंह को जनजाति कार्य विभाग का अपर सचिव बनाया गया है। राजस्व विभाग के अपर सचिव गौतम सिंह को मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल का आयुक्त नियुक्त किया गया है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के अपर



सचिव वीरेंद्र कुमार को ग्वालियर संभाग (राजस्व) का अपर आयुक्त बनाया गया है। मत्स्य महासंघ की प्रबंध संचालक निधि निवेदिता को महिला एवं बाल विकास विभाग का आयुक्त तथा अटल बिहारी वाजपेयी बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन का पदेन मिशन संचालक नियुक्त किया गया है। गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के आयुक्त डॉ. फटिंग राहुल हरिदास को स्वास्थ्य सेवाएं एवं राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी का संचालक बनाया गया है।

### बुद्धेश कुमार वैद्य माशिमं के सचिव बने

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान की अपर परियोजना संचालक मनीषा सेंतिया को गृह विभाग का अपर सचिव बनाया गया है। गृह विभाग के उप सचिव बुद्धेश कुमार वैद्य को माध्यमिक शिक्षा मंडल का सचिव नियुक्त करते हुए विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु जनजाति विभाग के संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव दिलीप कापसे को किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग में उप सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की उप सचिव मलिका निगम नागर को राजस्व विभाग में उप सचिव, जनजातीय कार्य विभाग की उप सचिव दिश प्रणय नागवंशी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का अपर मिशन संचालक तथा वाणिज्यिक कर विभाग की उप सचिव वंदना शर्मा को राज्य सूचना आयोग का सचिव नियुक्त किया गया है।

### इन आईएएस अधिकारियों के तबादले व अतिरिक्त प्रभार में बदलाव

- **शिवशेखर शुक्ला-** अध्यक्ष, राजस्व मण्डल
- **उमाकांत उमराव-** प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग
- **शोभित जैन-** प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, आयुष विभाग
- **जॉन किंग्सली ए. आर.-** सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग (साथ ही नर्मदा घाटी विकास, जल संसाधन विभाग एवं पुनर्वास संचालक का अतिरिक्त प्रभार)
- **श्रीमन शुक्ल-** आयुक्त, आदिवासी विकास, मध्यप्रदेश, भोपाल
- **स्वतंत्र कुमार सिंह-** सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग
- **विशेष गढ़पाले-** प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर (ऊर्जा विभाग एवं विद्युत वितरण कंपनी का अतिरिक्त प्रभार)
- **आलोक कुमार सिंह-** सचिव, मुख्यमंत्री तथा सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग
- **धनराजू एस-** आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएँ, मध्यप्रदेश, भोपाल
- **अनय द्विवेदी-** आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इंदौर
- **तरूण राठी-** आयुक्त, आदिवासी विकास, मध्यप्रदेश, भोपाल
- **अनुराग चौधरी-** प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश मत्स्य महासंघ, भोपाल (पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार)
- **नेहा मारव्या सिंह-** अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग
- **गौतम सिंह-** आयुक्त, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विक-ास मण्डल
- **वीरेन्द्र कुमार-** अपर आयुक्त (राजस्व), ग्वालियर संभाग
- **निधि निवेदिता-** आयुक्त, महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश (साथ ही महिला वित्त एवं विकास निगम का प्रभार)
- **डॉ. फटिंग राहुल हरिदास-** संचालक, स्वास्थ्य सेवाएँ, मध्यप्रदेश (साथ ही राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के संचालक)
- **राजेश कुमार ओगरे-** अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग
- **ऋषि गर्ग-** प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, भोपाल
- **मनीषा सेंतिया-** अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग
- **दिलीप कुमार यादव-** प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल
- **बुद्धेश कुमार वैद्य-** सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल (विमुक्त घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु जनजाति का अतिरिक्त प्रभार)
- **दिलीप कुमार कापसे-** उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग
- **मलिका निगम नागर-** अपर मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल
- **दिशा प्रणय नागवंशी-** उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग
- **वंदना शर्मा-** सचिव, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग, भोपाल

## राष्ट्र सेविका समिति का विशाल पथ संचलन निकला

महिलाएँ पूर्ण गणवेश में अनुशासन और शौर्य का प्रदर्शन करते हुए कदमताल करती सम्मिलित हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

राष्ट्र सेविका समिति का 18 जनवरी रविवार दोपहर 3 बजे विशाल पथ संचलन निकला। जिसमें घोष के साथ महिलाएँ पूर्ण गणवेश में अनुशासन और शौर्य का प्रदर्शन करते हुए कदमताल करती सम्मिलित हुई। पथ संचलन सीएम राइस हाइयर सेकेंडरी स्कूल से प्रारंभ होकर नयापुरा, तेजाजी चौक, स्टेट बैंक गली, शिवाजी रोड़, धान मंडी, डाबरी चौक, जैनी औषधालय



गली, शांतिनिकेतन घाटी, शांतिनिकेतन चौक, महावीर मार्ग, महाराणा प्रताप चौक, महात्मा गांधी मार्ग, नयापुरा होते हुए पुनः सीएम राइस हाइयर सेकेंडरी स्कूल पहुंचेगा। पथ संचलन का जगह-जगह नगर की धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प उड़ा कर स्वागत किया गया।

## गुना एवं अशोकनगर जिले के अनुज्ञप्तिधारियों की बैठक आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

आगामी ठेका वर्ष 2026 -27 हेतु शासन नीति अनुरूप संभावित आबकारी राजस्व प्राप्त किए जाने एवं आबकारी नीति अनुरूप कंपोजिट मदिरा दुकानों के संचालन हेतु गुना एवं अशोकनगर जिले के अनुज्ञप्तिधारियो की एक महत्वपूर्ण बैठक संदीप शर्मा उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़न दस्ता ग्वालियर संभाग एवं जिला आबकारी अधिकारी जीपी केवट द्वारा जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय गुना में आयोजित की गई। बैठक में जिले की समस्त मदिरा दुकानों के आगामी वर्ष हेतु निष्पादन की संभावनाएं, पुनर्स्थापना, सीमा विस्तार एवं दुकानों के लिए आपत्ति रहित स्थल पर शासकीय भूमि की उपलब्धता जैसे अहम विषयों पर चर्चा की गई समस्त अनुज्ञप्ति धारी को शासन की आबकारी नीति के नियमों का समुचित पालन किए जाने एवं विभागीय अधिकारियों को उक्त नियमों का सत प्रतिशत



पालन सुनिश्चित करने के लिए समस्त मदिरा दुकानों पर निगरानी रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही कर त्वरित निराकरण किया जाने के लिए भी निर्देशित किया गया, ताकि आमजन को कोई शिकायत न प्राप्त हो सके। बैठक में समस्त सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी उप निरीक्षक तथा दोनों जिलों के अनुज्ञप्तिधारी उपस्थित रहे।

गुना जिले से भी अजाक्स, ओबीसी, एससी, एसटी सहित भीम आर्मी और जयस के लोग हुए शामिल, भोपाल भेल दशहरा मैदान में देशभर के सैकड़ों संगठन नेताओं ने मंच से सत्ता और सरकार को ललकारा

# ओबीसी, एससी, एसटी संयुक्त मोर्चा का संविधान बचाओ, आरक्षण बचाओ जन आक्रोश महासम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब









दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल दशहरा मैदान भेल में रविवार को ओबीसी, एससी और एसटी संयुक्त मोर्चा के द्वारा आयोजित संविधान बचाओ, आरक्षण बचाओ, जन आक्रोश महासम्मेलन में लोगों का जनसैलाब देखते ही बन रहा था।

कार्यक्रम की शुरूआत भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। जनाक्रोश महासम्मेलन में देशभर के सैकड़ों संगठनों ने शामिल होकर गरीब और शोषित वर्ग के छीने जा रहे हक और अधिकार की आवाज बुलंद की। मंच पर तमाम बड़े बड़े दिग्गजों ने अपनी बात रखी तो वहीं खचाखच भरे दशहरा मैदान पर लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। जिन्होंने सत्ता और सरकार को ललकारने का काम किया।जिनकी तस्वीरों को भी हमने दिखाने का प्रयास किया है। जिनमें आजाक्स के प्रांताध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा, पूर्व प्रांताध्यक्ष अध्यक्ष जेएन कंसोटिया, भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रत्न, आजाद समाज पार्टी के दामोदर यादव मंडल, आदिवासी समाज जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजालता सहित तमाम संगठनों के पदाधिकारी और ओबीसी के नेतागण शामिल रहे। जिन्होंने संविधान बचाओ, आरक्षण बचाओ के साथ जल, जंगल, जमीन बचाने के लिए अपनी बात रखी और बहुजन समाज के हक अधिकारों के खातिर यह लड़ाई लगातार जारी रखने की बात कही। वक्ताओं ने बहुजन समाज पर हो रहे अन्याय और अत्याचार पर जमकर प्रहार करते हुए सरकार को कठघरे में खड़ा करने का काम किया। उन्होंने अंबेडकर, पेरियार, बिरसा मुंडा, टंट्या भील, साहूजी, महात्मा ज्योतिबा फुले, मां सावित्री बाई फुले आदि महापुरुषों और संतों महात्माओं के मार्ग पर चलने का आव्हान किया।

संयुक्त मोर्चा की प्रमुख मांगों में ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में 52 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। वहीं दूसरी प्रमुख मांग ये है कि आदिवासी संतोष वर्मा, आईएएस अजाक्स प्रांताध्यक्ष के विरूद्ध की गई अन्यायपर्ण कार्यवाहियों को समाप्त किया जाकर विभाग में यथावत पदस्थ किया जाए एवं शीघ्र उनके प्रमोशन की रोक हटाई जाए। इसी प्रकार एससी-एसटी-ओबीसी बैकलॉग पदों की एक माह के अंदर शीघ्र अतिशीघ्र भर्ती किया जाए जो पद डाइंग केडर घोपित किए गए हैं उन पदों पर पहले वैकलाग भर्ती की जाए उसके पश्चात पदों को डाइंग केडर घोषित किया जाए। ओबीसी के रोके गए 13 प्रतिशत पदों को तत्काल अनहोल्ड किए जाए। वहीं निजी क्षेत्रों एवं आउटसोर्स में एससी-एसटी-ओबीसी को जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण दिया जाए। पदोन्नति में ओबीसी को भी जनसंख्या अनुपात में आरक्षण दिया जाकर ओपीएम पुरानी पेंशन लागू की जाए आदि मांगें प्रमुख हैं।

कार्यक्रम में गुना जिले से भी अजाक्स के जिलाध्यक्ष रमेशचंद्र अहिरवार, ओबीसी महासभा के प्रदेश संयोजक प्रकाश धाकड़, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण अहिरवार, अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी ट्रेड यूनियन के जिलाध्यक्ष महेश पारोछीया, जीएल पिप्पल, अशोक जाटव, पहलवान सिंह तलवे, संतोष अहिरवार, अमरीश कुश्तवार, ज्ञान सिंह, किसनलाल जाटव, सिद्धार्थ अहिरवार सहित सैकड़ों पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए।

न्यूज-कॉलम

## किराना दुकान से तेल का डिब्बा चोरी किया

**रतलाम।** शहर में एक किराना दुकान पर किराना सामान लेने आए महिला-पुरुष दुकान पर काम करने वाले लड़के को बातों में उलझा कर तेल का डिब्बा चुरा ले गए। दुकान मालिक ने जब स्टॉक मिलाया तो तेल का एक डिब्बा कम मिला। दुकान में लगा सीसीटीवी का फुटेज देखा तो उसमें डिब्बा चुराते हुए महिला के साथ आया युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।घटना शहर के थाना औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत गणेश नगर स्थित सुंदर ट्रेडर्स एवं जनरल स्टोर्स बालाजी मार्केट में ती है। दुकान संचालक नरेंद्र शर्मा ने शनिवार रात थाना औद्योगिक क्षेत्र पर शिकायत की है। नरेंद्र शर्मा ने बताया कि 15 जनवरी की रात 7.45 बजे मेरी दुकान पर एक महिला तथा उसके साथ आए एक युवक द्वारा तेल का एक डिब्बा एवं अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री चोरी की गई।घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मेरे द्वारा तेल के डिब्बों का स्टॉक चैक किया तो एक डिब्बा कम पाया।

## राम प्राण प्रतिष्ठा द्वितीय महोत्सव 22 से होगा

**नीमच।** समिति के मनीष चौधरी ने संपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि मंशापूर्ण महादेव रणजीत हनुमान मंदिर एवं प्रभात फेरी मंडल द्वारा राम प्राण प्रतिष्ठा द्वितीय वर्ष महोत्सव को अत्यंत विशाल, भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप में पांच दिवसीय कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में राममय वातावरण व्याप्त हो चुका है। महोत्सव की तैयारी के अंतर्गत मातृशक्ति, छोटे-छोटे बच्चों, युवाओं एवं वरिष्ठजनों सहित सैकड़ों राम भक्तों ने एकजुट होकर प्रतिदिन रात्रि में वृहद घर-घर संपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत इंदिरा नगर, विस्तार, न्यू इंदिरा नगर, स्वर्ण विहार मेट्रो सिटी, क्लासिक क्राउन कॉलोनी, त्रिमूर्ति नगर, गणेश गार्डन, सेवा बस्ती सहित पूरे क्षेत्र में लगभग 2100 परिवारों तक पहुंचकर पीले अक्षत एवं निमंत्रण पत्र भेंट किए गए।

## पुलिस ने कार से पकड़ा 70 किलो डोडाचूरा, आरोपी गिरफ्तार

**सीतामऊ।** नशे के खिलाफ अभियान के तहत सीतामऊ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने मउखेड़ा रोड पर घेराबंदी कर एक बिना नंबर की सिल्वर ग्लेंजा कार को पकड़ा, जिसमें से ७० किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद हुआ। पकड़ा गया आरोपी सुनील विश्नोई, राजस्थान के फलोदी जिले का निवासी है। पुलिस ने मादक पदार्थ और लग्जरी कार सहित करीब 8.40 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## अष्टापद तीर्थ से छरि पलीत पैदल संघ 40 दिनों में पहुंचा पालीताणा


**आलोट।** अष्टापद जैन तीर्थ से तीर्थ प्रेरिका श्री जिन शिशु प्रज्ञा श्रीजी की प्रेरणा से 40 दिनों तक 600 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर 15 जनवरी को पालीताणा तीर्थ आचार्य श्री जिन पीयूष सागर सुरेश्वर जी एवं श्री जिन शिशु प्रज्ञा श्रीजी की निश्रा में 50 से अधिक साधु साध्वी मंडल एवं कई आराधकों के साथ पहुंचा, इस दौरान 7 ममुक्षु तथा 35 संघपति की उपस्थिति में ध्वजा के साथ हर्षोल्लास के साथ निकाला गया । तीर्थ की तलहठी पर स्पर्शना कर दर्शन किए, उसके बाद समोसारण में संघपति के माल का कार्यक्रम विधि विधान के साथ आचार्य श्री जिन पियूष सागर सुरेश्वर जी की निश्रा में हुआ।

## शिक्षक ही बच्चों का सच्चा भाग्य विधाता होता है : श्रीमती देवरिया

**पिपलिया मंडी।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन में वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर 16 जनवरी को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राकेश जी गोयल मंडल अध्यक्ष भाजपा पिपलिया मंडी, कार्यक्रम की अध्यक्षा श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया अध्यक्ष नगर परिषद पिपलिया मंडी, विशेष अतिथिगण भारतसिंह सोनगरा उपाध्यक्ष नगर परिषद पिपलिया मंडी, अंकित चिंटू शर्मा भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री अशोक गुर्जर मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा चंद्रप्रकाश देवड़ा महावीर कोठारी मंडल महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा मनोहर महामाया मंडल महामंत्री पिपलिया मंडल डॉ कृष्णा पाटीदार जिला उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा मोर्चा वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल नागर, युनुस सर अपेक्स कंप्यूटर की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन के सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया।

# दिलावर के घर सस्पेंड एसआई बेटे के नाम आर्मी आई-कार्ड मिला : 10 करोड़ की एमडी ड्रग्स पकड़ी जाने के बाद दोनों पत्नियां, बहन, बहू और बच्चे भी जेल गए

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम




जिले के चिकलाना में एमडी ड्रग फैक्ट्री के भंडाफोड़ के बाद चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। जिस कमरे में अवैध रूप से एमडी ड्रग तैयार की जा रही थी, वहां से दो साल पहले सस्पेंड किए गए सब-इंस्पेक्टर रऊफ खान के नाम का पुलिस आईडी कार्ड मिला है। इसके अलावा दिलावर खान के बेटे अजहर के नाम से इंडियन आर्मी की जम्मू एंड कश्मीर राइफल का आईडी कार्ड भी बरामद हुआ है।

इन दस्तावेजों के मिलने के बाद पुलिस ने सस्पेंड एसआई समेत पूरे नेटवर्क की भूमिका की जांच का दायरा बढ़ा दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित कुमार ने विशेष जांच टीम का गठन किया है। कोर्ट ने सरगना दिलावर खान की दोनों पत्नियों फरीदा व शायना (25), बहन मुमताज व बहू फिजा के अलावा एक अन्य को ज्यूडिशियल रिमांड पर रतलाम सर्किल जेल भेज दिया है। जेल जाने वालों में दिलावर की दूसरी पत्नी का एक साल का बेटा और 8 माह का पोता भी शामिल है। दिलावर की बेटी बखमीना की 8 साल की बेटी को परिजन जावरा कोर्ट से अपने साथ ले गए। रऊफ खान पर दो साल पहले अवैध गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप लगे थे, जिसकी लगातार शिकायतें पुलिस अधिकारियों को मिल रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर 5 जनवरी 2024 को तत्कालीन एसपी राहुल कुमार लोढ़ा के अवकाश पर होने के दौरान उस समय के प्रभारी एसपी एवं वर्तमान एएसपी राकेश खाखा ने रऊफ खान को सस्पेंड कर दिया था।

दिलावर के घर से इंडियन आर्मी जम्मू एंड काश्मीर राइफल का एक आईडी कार्ड भी मिला है। जिस पर दिलावर खान के बेटे मोहम्मद अजहर का नाम व आर्मी की यूनिफॉर्म पहने फोटो लगा है। आईडी कार्ड में अजहर ने प्रवेश तिथि 20 फरवरी 2021 व सर्विस नंबर 153021 लिखा है। इसके साथ अपनी रैंक लांस नायक की बता रखी है। पुलिस इस कार्ड को फर्जी बता रही है। वहीं इंडियन आर्मी के नाम का दुरुपयोग करने को लेकर संबंधित विभागों को जांच के लिए लिखा जा रहा है। यह भी जानकारी सामने आई है कि जब पुलिस ने दिलावर खान के मकान में दबिश दी तो पहले तो महिलाओं ने झूमा झटकी की कोशिश की। पुलिस ने फिर सख्ती दिखाई। जब घर के सभी सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्त में लिया तो दिलावर का दामाद याकूब खान व उसकी बेटी याकूब की पत्नी बखमीना ने पुलिस से जो भी हो देख लेने की बात कही। याकूब ने 50 लाख तक का ऑफर दिया। याकूब आखिर तक बोलता रहा कि मुझे छोड़ दो मैं १ सीआर याने १ करोड़ दूंगा। हालांकि, पुलिस को जांच के दौरान घर से किसी प्रकार की नकदी नहीं मिली है। शनिवार रात दिलावर खान को लेकर पुलिस उसके घर चिकलाना भी पहुंची।

घर में से सर्चिंग में पुलिस को जमीनों से जुड़ी 200 से 300 रजिस्ट्रियां व अनुबंध पत्र मिले हैं। पुलिस इनकी भी जांच कर रही है कि आखिर किस-किस के नाम है। यहां तक 25 साल की पत्नी को लेकर भी पुलिस को संदेह है कि आखिर बेटी से भी कम उम्र की लड़की से शादी क्यों की। पुलिस को शंका है कि इसके पीछे भी कोई ना कोई कारण रहा होगा। बता दें कि दिलावर खान की उम्र 65 साल है। पहले से 62 साल की पत्नी है, जबकि दूसरी पत्नी 25 साल की है और एक साल का बेटा है।

दिलावर खान जमीनों से जुड़ा काम भी करता है। गांव से सरपंच प्रतिनिधि गड्डू सिंह चंद्रावत भी इस बात को बता चुके हैं कि दिलावर का परिवार डरा-धमकाकर जमीन हड़पने का काम कर ब्याज पर भी रुपए चला कर 10 से 20 गुना वसूलता है। गांव में इनके परिवार के 8 से 10 मकान हैं। यह भी जानकारी सामने आई कि पिपलौदा तहसील में इसकी अलग-अलग लोगों के साथ साझेदारी में एक हजार बीघा जमीन है। दिलावर के घर पर कई रसूखदार लोगों का भी आना-जाना लगा रहता था। कुछ सफेदपोशों का भी सरंक्षण प्राप्त है। यूपी के नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद का यह करीबी बताता है।

**एसपी ने नेटवर्क की जांच के लिए एसआईटी बनाई**

रतलाम एसपी अमित कुमार ने इस पूरे नेटवर्क की जांच को लेकर एसआईटी बना दी है। एसआईटी में एएसपी रतलाम ग्रामीण विवेक कुमार लाल, जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय, कालूखेड़ा थाना प्रभारी मोहन मौर्य, रतलाम औद्योगिक थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी, साइबर सेल के जीवन बारिया, हेड कॉन्स्टेबल दिनेश पंड्या, साइबर सेल के हेड कॉन्स्टेबल विपुल भावसार, थाना कालूखेड़ा के कॉन्स्टेबल मनोहर गायरी, पवन जाट, बिलपांक थाने के हेड कॉन्स्टेबल राहुल जाट. रिंगनोद थाने के कॉन्स्टेबल हर्ष जगावत को शामिल किया है। एएसपी रतलाम ग्रामीण विवेक कुमार लाल ने बताया कि 16 में से 11 आरोपियों का पुलिस रिमांड मिला है। 5 को ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा



जिले में शैक्षणिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन शासकीय कमला नेहरू उमावि में सफलतापूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता में जावरा ब्लाक के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के कक्षा 2 से 8 तक के 575 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान,संस्कृत, सामान्य ज्ञान एवं तार्किक क्षमता से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिससे विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता और विश्लेषणात्मक सोच का मूल्यांकन किया जा सके।

खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक चरण सिंह चंद्रावत ने बताया कि ओलंपियाड प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना तथा उनकी छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आगामी राज्य स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। खंड अकादमिक समन्वयक राजेश भावसार ने बताया कि प्रथम चरण की प्रतियोगिता विकासखंड स्तरीय जनपद के 10 जनशिक्षा केदो पर आयोजित की गई थी इसमें चयनित हुए कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों ने द्वितीय चरण में जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा दी। संपूर्ण परीक्षा दो दिनी चली। जिसमें प्रथम दिवस 272 एवं द्वितीय दिवस 303 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण जिला परियोजना समन्वयक राजेश कुमार झा व सहायक जिला परियोजना समन्वयक मुकेश राठौर एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी ज्योति पटेल ने किया। केंद्राध्यक्ष सुमित्रा बामनिया, खंड अकादमिक समन्वयक नीता शर्मा, परीक्षा प्रभारी राजेंद्र सोनी, प्रतीक सोलंकी, जन शिक्षक महेंद्र त्रिवेदी, केसर खान, सौरभ गुप्ता, शिवनारायण धाकड़, सादिक खान, अशोक दड़िंग, सुनील कदम, सुनील कोठाने, प्यार सिंह पवार,नंदकिशोर कारपेंटर, लालू मईड़ा, पुरुषोत्तम भाटी एवं पर्यवेक्षक, शिक्षकगण का सराहनीय सहयोग रहा।

## दूध डेयरी गोदाम में भीषण आग, 7 वाहन सहित सामान जलकर खाक, लाखों का नुकसान

**मंदसौर।** शहर की चौधरी कॉलोनी के पास स्थित नूर कॉलोनी में शनिवार की देर रात एक गोदाम में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। यह गोदाम महावीर दूध भंडार के संचालक मनोहर गुर्जर का था। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते वहां रखे 7 वाहन और दूध डेयरी का कीमती सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। इस अग्निकांड में 2 फोर-व्हीलर और 5 टू-व्हीलर वाहन जल गए हैं। इसके अलावा गोदाम में रखे सोलर पैनल, दूध की टंकियां और अन्य मशीनरी भी आग की भेंट चढ़ गई। पीड़ित के अनुसार करीब 40 से 50 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। आग लगने का स्पष्ट कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है, हालांकि शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। रात करीब 12.15 बजे जब लोगों ने लपटें देखीं, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। सूचना मिलते ही नगर पालिका की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि टायर फटने के धमाकों की आवाजें दूर तक सुनाई दे रही थीं।घटना की जानकारी मिलते ही राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और क्षेत्रीय पार्षद तरुण शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया और शासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

## महिला कांग्रेस ने गांवों से की मनरेगा बचाओ आंदोलन की शुरूआत

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव रूपल संचेती ने ग्राम पंचायत दलौदा, अचेरी और लामगिरि में मनरेगा बचाओ आंदोलन की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। श्रीमती संचेती ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि बजट में कटौती और भुगतान में देरी के जरिए मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण अधिकार-आधारित कानून को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने मांग की कि मजदूरों को समय पर काम और पूरी मजदूरी सुनिश्चित की जाए। महिला कांग्रेस अब गांव-गांव जाकर इस आंदोलन को और तेज करेगी। उन्होने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों, महिलाओं और मजदूरों के जीवन की सुरक्षा का कानून है। भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने की कोशिश और इसकी मूल भावना को कमजोर करना यह दशार्ता है कि सरकार इस ऐतिहासिक कानून की पहचान और अधिकार-आधारित स्वरूप को समाप्त करना चाहती है।

# वृद्धा के साथ मारपीट कर कान से सोने की बालियां छीनने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ गरोठ

ग्राम फूलखेड़ा में ६२ वर्षीय वृद्ध महिला मोहनबाई के साथ हुई लूट की घटना का गरोठ पुलिस ने चंद घंटों में खुलासा कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को गरोठ थाने पर फरियादिया मोहनबाई (62) पति रामप्रसाद जाति मेघवाल निवासी फूलखेडा थाना गरोठ के द्वारा थाने पर रिपोर्ट की गई कि वह फूलखेडा गांव स्थित अपने खेत पर बने कुंए पर काम कर रही थी तभी वहां पर दो अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल से आये जिनमें से एक में मोटरसाइकिल से उतरकर मुझसे पानी पिलाने के लिए बोला और दूसरा मोटरसाइकिल पर बैठा रहा। मैंने उसे पानी पिलाया तो इतने में उसने मुझे धक्का मारकर नीचे गिरा दिया जिससे मुझे सिर में पीछे की तरफ चोट लगी



फिर उसने मेरे दोनो कानो में पहने हुई सोने के बालीयां खिंच ली जिससे मेरे दोनो कान फट गये व खून निकलने लगा। मैंने विरोध किया तो उसने मेरे साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट किया उसने उसके हाथ में पहने हुए कडे से मुझे माथे, गाल, नाक और आंख पर मारा जिससे बोटे आई। मैं चिल्लाई तो उसने मेरा मुंह और गला दबा दिया फिर मेने खुद को उससे छुड़ाकर जोर से चिल्लाई तो वह व्यक्ति मुझे छोड़कर उसके दूसरे साथी के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर वहां से भाग गये। मेरी पुरानी इस्तेमाली सोने की बालीयां करीब 10 ग्राम की लूटकर ले गये। जिस पर अज्ञात आरोपीगणो के विरुद्ध थाना गरोठ पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी हरीश मालवीय की टीम ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल के आसपास के लोगों से चर्चा की व सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाकर आरोपीगण श्यामनाथ (35) पिता मन्नानाथ जाति नाथ कालबेलिया निवासी ग्राम सेमली दिवान थाना गरोठ जिला मंदसौर व राजेंद्र (44) उईके पिता कथकु निवासी धनोरा जिला सिवनी को गिरफ्तार किया गया व लूटी गई सोने की बालियां व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की।

## नीमच का बदहाल जिला अस्पताल और जहरीला पानी अब भाजपा की पहचान- तरुण बाहेती

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच




मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी नीमच द्वारा भारतमाताझफोर जीरो चौराहे पर एक विशाल उपवास एवं विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने की। उपवास के माध्यम से कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की विफलताओं को जनता के सामने उजागर किया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीले पानी से हुई 23 मौतों की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है, लेकिन इसके बावजूद सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि नीमच जिला अस्पताल की हालत अत्यंत चिंताजनक है। विधायकों की अकर्मण्यता और उदासीनता के कारण अस्पताल के पास इलाज के लिए पर्याप्त बजट तक उपलब्ध नहीं है। गरीब मरीज इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं और सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मनासा क्षेत्र में जीबीएस (त्रक्कर) बीमारी से लोग पीड़ित हैं, लेकिन शासन के पास न तो समुचित उपचार की व्यवस्था है और न ही पीड़ित परिवारों के प्रति कोई संवेदना। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा जैसे कानूनी अधिकारों को भी कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। कांग्रेस का कार्यकर्ता चुप बैठने वाला नहीं है और इस अन्याय के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

पूर्व विधायक डॉ. संपत स?वरूप जाजू ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। जिला अस्पतालों में न दवाइयां हैं, न संसाधन और न ही पर्याप्त डॉक्टर, जिससे आम जनता को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल घोषणाओं में व्यस्त है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि गरीब आदमी इलाज के लिए दर-दर भटक रहा है।

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौरसिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को कमजोर कर जनता के साथ विश्वासघात किया है। मनरेगा जैसे कानून को खत्म करने की साजिश गरीब और मजदूर विरोधी मानसिकता को दशार्ती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जनहित के मुद्दों पर तत्काल निर्णय नहीं लिए, तो कांग्रेस सड़क से सदन तक निर्णायक संघर्ष करेगी।



## प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह को ऑल इंडिया पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने किया सम्मान

**पिपलिया मंडी।** ऑल इंडिया पत्रकार संघ मध्य प्रदेश के नेतृत्व में आयोजित मिलन समारोह मैं विशेष अतिथि के रूप में दिनांक 18 जनवरी को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत उपस्थित हुए जहां पर कुंवर शक्तावत का राष्ट्रीय संस्थापक एवं उनकी टीम तथा भावना इंडिया टीवी मध्य प्रदेश अध्यक्ष मुकेश प्रजापत के द्वारा पुष्प माला पहनाते हुए गर्म जोशी के साथ स्वागत एवं सम्मान किया गया। तत्पश्चात कुंवर शक्तावत ने अपने उद्बोधन में पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहते हुए संबोधित किया और कुंवर शक्तावत ने कहा कि पत्रकार एक सैनिक की भांति हर मैदान में खड़े मिलते हैं और अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं कारगिल युद्ध से लेकर कोरोना काल हो या इंदौर में गंदे पानी से हुई मौतो को यदि किसी ने उजागर किया है तो वह पत्रकार ने किया है और पत्रकार हितेषी कानून राज्य सरकार और केंद्र सरकार को बनाना चाहिए पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया करवाना। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों के साथ ही साथ अधिमान्य पत्रकार बाबूलाल नागर एवं प्रकाश बंसल तथा क्षेत्र के समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पत्रकार साथियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सम्मानित किया गया।

## विवाद में हमले से युवक की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

**नीमच।** जिले की सरवानिया महाराज चौकी क्षेत्र अंतर्गत लासूर धामनिया गांव में एक मामूली सा मकान निर्माण विवाद देखते ही देखते खून-खराबे में तब्दील हो गया। परिवार के भीतर हुआ यह विवाद इतना बढ़ गया कि चचेरे भाई मुकेश ने युवक पर फावड़े से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में मातम और आक्रोश का माहौल बन गया। पवन की मौत की सूचना मिलते ही गांव में तनावपूर्ण स्थिति बन गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक की पत्नी सुगना बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण न्याय की मांग को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया को घटना की जानकारी देते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। परिजनों का कहना था कि एक छोटे से विवाद में परिवार के ही लोगों ने पवन की बेरहमी से हत्या कर दी।

## कृषि मंडी में अव्यवस्थो के खिलाफ कांग्रेस जंगी प्रदर्शन कर सौपेंगी ज्ञापन

**मल्हारगढ़।**कृषिउपज मंडी मन्दसौर में लगातार अव्यवस्थाओं के चलते चक्काजाम,मंडी बंद मारपीट जैसी घटनाएं बढ़ रही है वहा प्रशासन नाम की कोई चीज ही नही है। व्यवस्थाओं में सुधार की मांग को लेकर कांग्रेस ने कई बार प्रशासन का भी ध्यान आकर्षित किया पर कोई ध्यान नही दिया।वर्तमान में हम्माल व व्यापारियों के बीच हाथापाई से कृषि उपज मंडी बंद पड़ी है। बंद पड़ी मंडी को शीघ्र चालू करने की मांग को लेकर मन्दसौर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी मन्दसौर के गेट के बाहर प्रदर्शन कर एक ज्ञापन भी दिया जाएगा।जिसमे मंडी को तुरंत खोलकर किसानों की उपज को खरीदी जाय, अव्यवस्थाओं में तत्काल सुधार किया जाय,किसानों,व्यापारियों, हम्मालों के नुकसान की भरपाई हो,भविष्य में ऐसी स्थिति न हो प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था की जाय। मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि जिले में सभी कृषि उपज मंडियों की यही हालत है भाजपा सरकार मंडी चुनाव करवाने से डरी हुई है कई वर्षो से मंडियों के चुनाव नही करवाये जारहे है।प्रशासन मंडी व्यवस्थाओं को सुधारने में नाकारा साबित होरही है।शर्मा ने जिले के किसान एवं कांग्रेसजनों से आव्हान किया है कि सोमवार 19 जनवरी को जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रदर्शन में सम्मलित होकर अपनी आवाज को बुलंद करे।

## शिवना शुद्धिकरण अभियान के 81वें दिन निकाला एक ट्राली कचरा



**मन्दसौर।** शिवना नदी को पुनर्जीवित करने के लिए चलाया जा रहा शुद्धिकरण अभियान अपने 81वें दिन भी उत्साह के साथ जारी रहा। रविवार सुबह विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में श्रमदानियों ने नदी में उतरकर जमी हुई गंदगी और काई निकाली। साथ ही किनारों से एक ट्राली कचरा और प्लास्टिक एकत्र किया गया। विधायक जैन ने कहा कि शिवना इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक जीवनरेखा है, जिसे स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से हर रविवार सुबह ७.३० से ९.३० बजे के बीच श्रमदान का आह्वान किया। श्रमदान के दौरान हेमराज खाबिया,रमेश सोनी, भंवरलाल प्रजापत, रामचन्द्र मालवीय,विजय आनंद,राकेश जैन पिंटू ,नमन पालीवाल,विदित मालवीय,अमलावद गांव से कैलाश कुमावत, ईश्वर खिंचावत, सुनील खिंचावत, इष्टा भाचावत,अनीता भदोरिया,प्रमिला पंवार, वर्षा धोसरिया , राजनारायण लाड़ , विकास दशोरा,शैलेन्द्र गोस्वामी,दिलीप देवड़ा,साबिर इलेक्ट्रिशियन,संजय नाहर,अजय सोनी आदि उपस्थित रहे ।

## कबीर इंटरनेशनल स्कूल में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय कबीर इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक प्रेरणादायक करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सी.ए. दर्शित जी मूंदड़ा (चार्टर्ड अकाउंटेंट) तथा श्रीमती मिताली जी मूंदड़ा (जीएसटी एडवोकेट) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर कमलेश जी पमनानी, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती कोमल परमार, प्राचार्या महोदया श्रीमती विजया रवि एवं उपप्राचार्या महोदया श्रीमती प्रीति कपूर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को जीवन एवं करियर से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।



## स्कूल प्रांगण में आनंद उत्सव मनाया

**इंगोरिया।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंगोरिया प्रांगण में शनिवार को आनंद उत्सव मनाया गया। छात्र छात्राओं ने कबड्डी, खोखो, चेयर रेस, नींबू रेस और अन्य प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। खेलकूद संयोजक मनीष बैरागी ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार 26 जनवरी को आनंद उत्सव के दौरान वितरित किए जाएंगे। सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुए आनंद उत्सव का समापन दोपहर 3 बजे हुआ। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह सोलंकी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि दुर्गेश कुमारिया, उप सरपंच जुझार केवट, सांसद प्रतिनिधि दिलीप कुमार सेन, नोडल अधिकारी अखलेश पाठक, पी सी ओ रमेश कुंडेलवती, सचिव मुकेश चौहान, भगवान सोलंकी, अभिषेक परमार, आंगनवाडी कार्यकर्ता ग्राम पंचायत के पंच और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## ज्ञान मन्दिर विद्यायल में मनाया भगवान आदिनाथ जी का निर्वाण उत्सव



**सुसनेर।** नगर के पण्डित गली स्थित श्री दर्शन सागर दिगंबर जैन ज्ञान मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री 1008 आदिनाथ जी का निर्वाण महोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान आदिनाथ का अभिषेक, शांतिधारा सहित संगीतमय पूजन पंडित मुकेश शास्त्री, अशोक जैन मामा एवं कुलदीप चौधरी के द्वारा करवाई गई। समाजजनों द्वारा भगवान को निर्वाण लाडू चढाया गया। इस दौरान मुनि श्री विश्वनायक महाराज एवं कुंदनश्री माता जी ने अपने मंगल प्रवचन में भगवान आदिनाथ जी के जीवन पर सम्बोधित किया। लाभार्थी विद्यालय समिति अध्यक्ष कैलाशचंद जैन खजांची परिवार को निर्माण लाडू चढ़ाने एवं संतोष जैन विद्यार्थी परिवार को आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समापन पर प्रभावना वितरण किया गया।

## ब्लॉक अध्यक्ष गफ्फार पटेल का स्वागत



**चंदेसरा।** नरवर ताजपुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दूसरी बार बनने पर गफ्फार पटेल का किया स्वागत। ग्राम पंचायत दताना के पूर्व सरपंच कांग्रेस नेता गफ्फार पटेल को दूसरी बार नरवर ताजपुर के कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष बनने पर रमेश चन्द्र सूर्यवंशी दताना ने गांव मताना में साफा बांध कर व पुष्प माला पहनाकर स्वागत कर बधाई दी,इस अवसर पर भेरुलाल प्रजापति हीरालाल चौधरी ,सुरेश सोनी ,शोकत खान,रजाक पटेल असलम पटेल, यशराज बामनिया, आर्यन बागेला आदि ने भी बधाई दी ।

### सफर ए उमराह के लिए रवाना हुए जायरीन

## लोगों ने देश में अमन चैन और अपने हक में दुआ मांगने की अपील की



**बिछड़ौद।** शनिवार को उमराह के लिए मक्का-मदीना जाने वाले जायरीनों का सिलसिला जारी है। पवित्र सफर ए उमराह के लिए शनिवार को नगर से जायरीन रवाना हुए। जायरीनों को मुबारक सफर पर रवाना करने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने मक्का मदीना शरीफ पहुंचकर अमन चैन की दुआ मांगने की दरख्वास्त की। परिजनों व कस्बे वासियों ने फूल माला पहनाकर जायरीनों को रवाना किया। नगर से असलम खां रंगरेज सरीफन बी , रईशा बी, रईस एहमद आदि सफर-ए- उमराह के लिए रवाना हुए। लोगों ने सफर-ए उमरा पर जाने वालों के घर पहुंच कर गले मिलकर व माला पहनकर उनका सम्मान किया और अपने हक में दुआ मांगने की अपील की असलम खां रंगरेज ने बताया कि साल में हज एक बार किया जाता है। लेकिन उमराह साल में कभी भी किया जा सकता है। मक्का मदीना शरीफ की यात्रा नसीब वालों को मिलती है। जानकारी अरबाज रंगरेज ने दी।

## दो बाइकों में भीषण भिड़ंत, महिला और बच्चे सहित चार घायल

**शाजापुर।** नेशनल हाईवे-52 स्थित बिजाना जोड़ के पास दो बाइकें आपस में टकरा गईं। इस दुर्घटना में चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरियाताज निवासी ईश्वरसिंह अपनी बाइक पर महिला मंजू और बच्चे मयंक के साथ सवार होकर उज्जैन जिले के घटिया घोसला स्थित ग्राम टुकराल जा रहे थे। जैसे ही वे नेशनल हाईवे-52 पर बिजाना जोड़ के समीप पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई।

### एसआईआर का दूसरा चरण: पहले चरण में 9672 नाम कट चुके

# 1127 अनमैप्ड वोटर्स में से 587 ही सुनवाई में पहुंचे, तीन मौके मिलेंगे, फिर कटेगा नाम

### अनमैण्ड मतदाताओं की 14 फरवरी तक चलेगी सुनवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण के तहत नो-मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन सूची में नाम जुडवाने को लेकर मतदाताओं में उत्साह नजर नहीं आ रहा है। क्योंकि विधानसभा में नो-मैपिंग श्रेणी में दर्ज कुल 1117 मतदाताओं में से अब तक केवल 587 ही दस्तावेज लेकर सुनवाई में आए, यानी 52 फीसदी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विस के सभी नो-मैपिंग मतदाताओं को सुनवाई के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्हें सुनवाई के लिए अलग-अलग दिन का समय दिया गया है। सुनवाई की प्रक्रिया 14 फरवरी तक चलेगी। यदि कोई मतदाता पहली सुनवाई में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो उसे जवाब प्रस्तुत करने के लिए कुल तीन अवसर दिए जाएंगे। इनके बाद यदि संतोषजनक दस्तावेज जमा नहीं किए जाते हैं, तो नियमानुसार संबंधित मतदाता के नाम काटने की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि पहले चरण में 9672 नाम कट चुके हैं।



जानकारी के अनुसार सुनवाई में आने वाले मतदाताओं को जन्म तिथि और पहचान से जुडे दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि मतदाता का जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले हुआ है, तो उसे स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची या जन्म स्थान से संबंधित कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। पहचान प्रमाण के रूप में आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट में से कोई एक दस्तावेज मान्य होगा। निवास प्रमाण के लिए राशन कार्ड, बिजली-पानी का बिल, बैंक पासबुक या आधार कार्ड स्वीकार किए जाएंगे। इसके अलावा आयु प्रमाण के लिए जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल की अंकसूची या आधार कार्ड प्रस्तुत किया जा सकता है। साथ ही पासपोर्ट साइज फोटो और सभी दस्तावेजों की मूल प्रति के साथ फोटोकॉपी लाना आवश्यक है। यदि जन्म दिसंबर 2004 से पहले हुआ है, तो स्वयं के दस्तावेजों के साथ माता या पिता में से किसी एक का प्रमाण देना अनिवार्य होगा। आवश्यकता होने पर दादा-दादी का प्रमाण भी प्रस्तुत किया जा सकता है।

### चल रही है सुनवाई

अधिकारियों ने बताया कि सुनवाई की प्रक्रिया एक माह तक चलनी है। कार्यालयों में भीड न हो, इसके लिए मतदाताओं को अलग-अलग तिथियों पर सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है। प्रतिदिन मतदाताओं की सुनवाई की जा रही है, अधिकारियों के अनुसार जल्द से जल्द मतदाताओं की सुनवाई पूरी कर लेने का लक्ष्य रखा गया है।

**बोले जिम्मेदार**

विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद सभी नो-मैपिंग मतदाताओं को सुनवाई के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्हें सुनवाई के लिए अलग-अलग दिन का समय दिया गया है। सुनवाई की प्रक्रिया 14 फरवरी तक चलेगी।

**आकाश शर्मा, तहसीलदार, सारंगपुर।**

### पहले कट चुके है इतने नाम

एसआईआर के पहले चरण में विस में 9672 नाम कट चुके हैं। अफसरों को डर है कि कुछ नो मैपिंग के नोटिस सुनवाई में भी कम होंगे। वहीं नए नाम जुडवाने में लोगों की रुचि कम ही दिखाई दे रही है। इसलिए अफसर व राजनीतिक दल चिंता में हैं। उनको इस बात का डर है कि कहीं नो-मैपिंग के कारण वोटर और न घट जाएं।

## अस्पताल में चोरों के हौसले बुलंद, मोबाइल चोरी कर भागा अज्ञात बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिला अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था के दावे एक बार फिर खोखले साबित हुए हैं। अस्पताल परिसर में सक्रिय चोर गिरोह ने एक और वारदात को अंजाम देते हुए मरीज के परिजन का मोबाइल पार कर दिया। हैरानी की बात यह है कि घटना के बाद पीड़ित करीब एक घंटे तक सीसीटीवी फुटेज देखने के लिए अस्पताल प्रबंधन के पास गुहार लगाता रहा, लेकिन उसे कोई सहयोग नहीं मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार उज्जैन जिले के ग्राम नादेड़ा निवासी लाखनसिंह अपनी भाभी की डिलीवरी के कारण पिछले कुछ दिनों से जिला अस्पताल में ठहरे हुए थे। शनिवार सुबह करीब 5 बजे उन्होंने अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाया था। इसी दौरान किसी अज्ञात बदमाश ने मौका पाकर मोबाइल चुरा लिया। जब लाखन सिंह की नींद खुली, तो मोबाइल गायब देख उनके होश उड़ गए।



### फुटेज के लिए भटकता रहा पीड़ित

मोबाइल चोरी होने के बाद पीड़ित ने तुरंत अस्पताल प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज दिखाने का आग्रह किया ताकि चोर की पहचान हो सके। आरोप है कि पीड़ित करीब एक घंटे तक जिम्मेदारों के चक्कर काटता रहा, लेकिन उसे फुटेज नहीं दिखाए गए और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। थक-हारकर पीड़ित ने दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल स्थित पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई।

### सुरक्षा पर उठे सवाल

जिला अस्पताल में लगातार हो रही चोरी की वारदातों ने यहां की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल में रात के समय सुरक्षा गार्डों की गश्त ना के बराबर है, सीसीटीवी कैमरे होने के बावजूद समय पर उनका लाभ पीड़ितों को नहीं मिल पाता। मरीजों के परिजनों ने मांग की है कि परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।



## संघ के शताब्दी वर्ष पर सारंगपुर में भव्य हिन्दू सम्मेलन, तैयारियां अंतिम चरण में

**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 22 जनवरी को सारंगपुर नगर में कृषि उपज मंडी परिसर में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है तथा तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। इस हिन्दू सम्मेलन को श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर मां अन्नापूर्णा पूरी महाराज (वर्षा दीदी), श्री पंचायती निरंजनी अखाडा का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। उनके प्रवचनों के माध्यम से सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण के विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। सम्मेलन के पश्चात समरसता भोज का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के सभी वर्ग एक साथ बैठकर सहभागिता करेंगे। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ जुटे हुए हैं। नगर के प्रत्येक वार्ड एवं मोहल्ले में घर-घर जाकर पीले चावल देकर नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बन सकें। वहीं पूरे नगर को भगवा पताकाओं, बैनर एवं पोस्टरों से सजाया जा रहा है, जिससे नगर का वातावरण पूर्णतः धार्मिक एवं उत्सवमय बन गया है। नगर के व्यापारियों एवं नागरिकों में भी सम्मेलन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। नागरिकों द्वारा आह्वान किया गया है कि सम्मेलन के दिन पूरा नगर बंद रहेगा, तथा सभी प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रखकर हिन्दू सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। आयोजकों का कहना है कि यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिन्दू समाज की एकता, समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक होगा। सारंगपुर नगर में होने वाला यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## भगवान ने की उत्तरा के गर्भस्थ शिशु की रक्षाः पं. रामदयाल शास्त्री

**आरोन।** श्री राधा माधव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के द्वितीय दिवस का आयोजन श्रद्धा और भक्ति जय के वातावरण में संपन्न हुआ। कथा का रसपूर्ण वाचन कथावाचक पंडित रामदयाल शास्त्री द्वारा किया गया, जिसे सुनकर श्रोतागण भाव-विभोर हो उठे। द्वितीय दिवस की कथा में पंडित रामदयाल शास्त्री ने सर्वप्रथम महर्षि वेदव्यास के पुत्र शुकदेव के जन्म प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि शुकदेव जी जन्म से ही ब्रह्मज्ञानी एवं विरक्त थे, जिनके श्रीमुख से निकली भागवत कथा समस्त जीवों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। इसके पश्चात राजा परीक्षित महाराज के जन्म की कथा सुनाई गई। कथा के दौरान बताया गया कि महाभारत युद्ध के पश्चात अश्वत्थामा ने प्रतिशोधवश उत्तरा के गर्भस्थ शिशु को ब्रह्मास्त्र से नष्ट करने का प्रयास किया। उस संकटपूर्ण समय में भगवान श्रीकृष्ण स्वयं सूक्ष्म रूप धारण कर गर्भ में प्रवेश करते हैं और गर्भस्थ शिशु की रक्षा करते हैं। वही बालक आगे चलकर राजा परीक्षित के नाम से विख्यात हुए। शास्त्री ने आगे राजा परीक्षित के जीवन प्रसंग, उनके राजसिंहासन पर आरूढ़ होने तथा शमीक ऋषि के पुत्र द्वारा दिए गए श्राप का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि यह श्राप ही आगे चलकर भागवत कथा के प्राकट्य का कारण बना और मानव समाज को मोक्ष का दिव्य मार्ग प्राप्त हुआ।

### राशन का खेलः छः लाख से अधिक आय वाले 826 को जारी किए थे नोटिस,

# पात्र नहीं होने पर अभी तक 125 का बंद किया राशन

### इनकम टैक्स देने के बाद भी ले रहे थे राशन का लाभ, नोटिस के बाद कई लोगों ने स्वयं हटाया नाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

गरीब कल्याण योजना के तहत विकासखंड में मुफ्त राशन उठाने वाले लोगों की संख्या कम नहीं है। जांच पडताल में सामने आए इस फर्जीवाडा के बाद विकासखंड में ऐसे 826 परिवार सामने आए थे, जो इनकम टैक्स देते हैं, उनके पास चार पहिया वाहन हैं या फिर किसी कंपनी के संचालक है।

विकासखंड में आर्थिक रुप से संपन्ना ऐसे लोगों ने गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) श्रेणी का कार्ड बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ लिया जा रहा है। इसके तहत सारंगपुर विस में छह लाख से अधिक इनकम वाले खाद्यान्ना प्राप्त करने वाले 826 परिवारों को नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद अभी तक विभाग ने करीब 250 की सुनवाई के बाद 125 का राशन बंद कर दिया गया है। अब एक माह में शेष लोगों की सुनवाई कर फैसला लिया जाएगा। आपूर्ति विभाग सारंगपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड में करीब 826 लोगों को नोटिस जारी किए गए थे। इसमें



से छह लाख से अधिक आय वाले लोग व 25 लाख से अधिक आय व जीएसटी भरने वाले लोग व कंपनी संचालित (समूह संचालक) करने वाले लोग शामिल है। उन्होंने बताया इनमें से कई लोगों ने नोटिस मिलने पर स्वयं ही अपना नाम हटा लिया है। कई ने शपथ पत्र दिया कि वह पात्र है। इसलिए 250 में से 125 नाम काटे है बाकी का राशन चालू है। अभी तक जांच में आया है कि आर्थिक रुप से संपन्ना 125 लोग गरीबी रेखा की पात्रता पाकर कई सालों से गरीबों के हक का राशन डकार रहे थे। शासन द्वारा इसकी जांच की जा रही हैं। विकासखंड में कुल 2 लाख 31 हजार 468 उपभोक्ता है। इनमें से कई लोगों के नाम अपात्र होने से तो कई लोगों के नाम ईकेवायसी का काम पूरा नहीं होने पर काटे गए है। इस साल 1 जनवरी से लेकर 31 दिसंबर तक विकासखंड में अपात्र राशन काडों और हितग्राहियों के नाम हटाने, हितग्राहियों द्वारा भी स्वेच्छा से हटवाने के बाद राशनकार्ड धारी परिवारों में कमी आई है।

**बोले जिम्मेदार**

विकासखंड में ऐसे 826 परिवार सामने आए थे, जो इनकम टैक्स देते हैं, उनके पास चार पहिया वाहन हैं या फिर किसी कंपनी के संचालक है। इन्हें नोटिस दिए थे, 250 लोगों ने जवाब प्रस्तुत किए है, इनमें से 125 के नाम हटाए है और इनमें जो संतोषजनक है उनके नाम शेष है। बाकी लोगों की जांच प्रक्रिया है, उन पर भी नियमानुसार कार्रवाई चल रही है।

**गोपाल सिंह चौहान**
**प्रभारी खाद्य अधिकारी, सारंगपुर।**

## माघ नवरात्रि (गुप्त नवरात्री) में भक्त करेंगे माता की आराधना

**महिदपुर रोड।** माघ महिने में आने वाली गुप्त नवरात्रि की शुरूआत कल 19 जनवरी से हो रही है पंडितों के अनुसार यह नवरात्रि माता की दस महाविद्याओं को समर्पित होती है.इसे गुप्त इसीलिये कहा जाता है। इस दौरान देवी उपासना सामान्य नवरात्रि की तरह सार्वजनिक न होकर एकांत और विधि पूर्वक किये का विधान है। साधकों और तांत्रिक परंपरा से जुड़े लोगों के लिये माघ गुप्त नवरात्रि का विशेष महत्व माना जाता है। गुप्त नव रात्रि साधना,तप और सिद्धि प्राप्ति के लिये अत्यंत शुभ मानी जा रही है ! हिंदू पंचांग में वर्ष में चार नव रात्रि मनाई जाती हैं, जिनमें दो गुप्त नवरात्रि विशेष रूप से तंत्र-मंत्र साधकों के लिये महत्व पूर्ण मानी जाती हैं। माघ माह की गुप्त नवरात्रि माघ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक मनाई जाती है। इस दौरान दस महाविद्याओं और मां दुर्गा के गुप्त स्वरूपों की साधना की जाती है। यह नवरात्रि सिद्धियों की प्राप्ति,बाधा निवारण और आध्यात्मिक उन्नति के लिये अत्यंत शुभ मानी जाती है। वर्ष 2026 में माघ गुप्त नवरात्रि की शुरूआत 19 जनवरी 2026 (सोमवार) से हो रही है और यह 27 जनवरी तक चलेगी। इस दौरान घटस्थापना और पूजा का विशेष महत्व माना गया है।

## त्रिमूर्ति ट्रस्ट अध्यक्ष की माता मोहनी देवी का निधन

**सुसनेर।** दिगम्बर जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी रतनलाल जैन सेमलखेड़ी वाले की धर्मपत्नी एवं



कैलाशचंद जैन, श्री त्रिमूर्ति ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक जैन मामा, प्रदीप जैन,अनिल जैन,नवीन जैन की माता जी श्रीमती मोहनी देवी जैन का शनिवार को निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा पालिका बाजार स्थित मुक्ति धाम के लिए सोयत रोड़ स्थित स्वनिवास रतन वाटिका परिसर से निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या में समाजजन व नगरवासियों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## छात्रवृत्ति प्रकरणों की समीक्षा, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में छात्रवृत्ति स्कॉलरशिप कार्यों की ब्लॉकवार समीक्षा बैठक कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सभी बीईओ एवं विद्यालय प्राचार्यों से प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे प्राचार्यों के विरुद्ध एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। निजी विद्यालयों द्वारा जिन विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति हेतु प्रोफाइल पंजीयन नहीं कराया गया है तथा ओटीआर में जिनका प्रदर्शन निम्न पाया गया उन्हें 7 दिवस में प्रगति लाने के निर्देश दिए। निर्धारित समय में सुधार नहीं होने पर संबंधित विद्यालयों पर 50 हजार रूपए का अर्थदंड लगाए जाने के निर्देश दिए। सभी बीईओ को निर्देशित किया गया कि आगामी 3 दिवस में ऐसे विद्यार्थियों की सूची प्रस्तुत करें, जिनके आधार, समग्र आईडी अथवा जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित दस्तावेज अपूर्ण हैं।

## मालवीय श्री बलाई समाज के ग्रामीण जिलाध्यक्ष उज्जैन नियुक्त

**तराना।** अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ जिला उज्जैन की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।



महासंघ द्वारा राहुल मालवीय (तराना) को पुनः अखिल भारतीय बलाई महासंघ का ग्रामीण जिलाध्यक्ष उज्जैन नियुक्त किया गया।वहीं रिंकी राजेश मालवीय को महिला विंग जिला अध्यक्ष, अर्जुन चौहान (रावणखेड़ी) को विद्यार्थी युवा जिलाध्यक्ष तथा संतोष मालवीय (शंकरपुरा) को विद्यार्थी तहसील अध्यक्ष माकड़ोन की जिम्मेदारी सौंपी गई।चारों पदाधिकारियों की नियुक्ति पर इष्ट-मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।उक्त जानकारी राहुल मालवीय ग्रामीण जिला अध्यक्ष द्वारा दी गई।

## पाडल्यामाता में 21 को होगा अजीमुशशान जलसा, मुफ्ती शफीक करेंगे तकरीर

**सारंगपुर।** पाडल्या के मदरसा जामिया कासिमुल उलूम में आगामी 21 जनवरी को सालाना अजीमुशशान जलसा एवं



हुफाजे किराम की दस्तारबंदी प्रोग्राम का आयोजन होगा। जानकारी देते हुए मोहत्मिम मौलाना बिलाल साहब फैजी व सदर अब्दुल रज्जाक साहब मंसूरी ने बताया कि जलसे में सदारत करने के लिए मदरसा अशरफुल उलूम सुसनेर के मोहत्मिम मौलाना मुफ्ती शफीक साहब फलाही करेंगे। खास मेहमान के तौर पर मस्जिद तर्जमा वाली भोपाल शेखूल हदीस मौलाना रशीदउद्दीन साहब व मस्जिद तर्जमा वाली भोपाल उस्ताजे हदीस मौलाना आबिद साहब रहेंगे। मौलाना बिलाल व सदर अब्दुल रज्जाक ने क्षेत्र के मुस्लिमजनों से जलसे में आवश्यक रुप से तशरीफ लाने एवं उलामा किराम के बयानात से मुस्तफीज होने की गुजारिश की है।

## प्रांतीय शिक्षक संघ मप्र जिला नीमच में सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**ब्यावरा- राजगढ़।** प्रांतीय शिक्षक संघ मप्र जिला नीमच के जय जिनेन्द्र रिसोर्ट में सम्मान कार्यक्रम के साथ प्रमुख रूप से प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता सहित विभिन्न मांगो के संदर्भ में प्रांतीय शिक्षक संघ के प्रदेश संगठन मंत्री रामचरण वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के पूर्व मंचासिन प्रदेश प्रतिनिधियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते हुए मां शारदा की वंदना की कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष सिद्धुलाल पुरोहित की अध्यक्षता में किया गया इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि रामचरण वर्मा प्रदेश संगठन मंत्री, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष राकेश पांडे, डां कैलाश बारोड महासचिव, देवेश मालवीय सहसचिव प्रदेश, दिनेश कुमार छडावदिया, विश्वास शर्मा,ब्लॉकध्यक्ष एवं मंचासिन समस्त प्रतिनिधिगण एवं संभाग उज्जैन एवं जिला नीमच के जिला ब्लॉक, प्रतिनिधिगण एवं समस्त शालाओं से शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

सोने के भाव में आई बेतहाशा तेजी से भारतीय परिवारों की संपत्ति 117 लाख करोड़ बढ़ी है। ग्रामीण इलाकों से लेकर महानगरों तक हर वर्ग के परिवारों की बचत का मूल्य अचानक बढ़ा है।

# सोने ने बदल दी किस्मत: बेतहाशा तेजी से अमीर हुए भारतीय परिवार, संपत्ति 117 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में पिछले साल से जारी बेतहाशा तेजी ने भारतीय परिवारों की दौलत में जबरदस्त इजाफा किया है। इस वजह से पिछले साल के दौरान भारतीय परिवारों की संपत्ति में 117 लाख करोड़ रुपये (1.3 लाख करोड़ डॉलर) की वृद्धि हुई है। इससे परिवारों के लिए एक मजबूत खर्च करने की क्षमता बनी है। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड की जारी रिपोर्ट सोने की अटूट चमक को रेखांकित करती है।

रिपोर्ट के अनुसार, देशभर के करोड़ों परिवारों के गहने, सिक्के और बार इस उछाल के प्रमुख लाभार्थी बने हैं। वैश्विक अस्थिरता, मुद्रा उतार-चढ़ाव और देशों के बीच तनावों ने निवेशकों को सोने की ओर आकर्षित किया, जिसका फायदा भारत को मिला। यह वृद्धि इतनी विशाल है कि यह कई देशों के जीडीपी से भी अधिक है। ग्रामीण इलाकों से लेकर महानगरों तक



हर वर्ग के परिवारों की बचत का मूल्य अचानक बढ़ गया। खासकर महिलाएं, जो परिवार का अधिकांश सोना संभालती हैं, इस लाभ से मजबूत हुई हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह कागजी मुनाफा है, जो बाजार सुधार पर निर्भर करता है। फिर भी, यह संपत्ति उपभोग बढ़ाने, ऋण चुकाने या नए निवेश में सहायक सिद्ध हो सकती है। आर्थिक मोर्चे पर यह वृद्धि बैंकिंग क्षेत्र को गति देगी और नीति-निमार्ताओं के लिए नई चुनौतियां पैदा करेगी। आरबीआई इस पर नजर रखे हुए है। कुल मिलाकर सोना भारतीय परिवारों का विश्वसनीय साथी साबित हुआ है।

### 25 वर्षों में यह सबसे बड़ा लाभ

रिपोर्ट के अनुसार, यह पिछले 25 वर्षों में सोने की कीमतों में वृद्धि से होने वाला सबसे बड़ा संपत्ति लाभ है। कैलेंडर वर्ष 2025 के दौरान सोने की कीमत में 58,310 रुपये प्रति 10 ग्राम या 73 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस तेज वृद्धि से सोने के एवज में लिए जाने वाले खुदरा कर्ज में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। भारतीय शेयर बाजारों के लिए 2025 एक समेकन का वर्ष साबित हुआ। लेकिन सोने जैसे वैकल्पिक संपत्तियों ने असाधारण ताकत दिखाई।

### शेयर बाजारों ने निराश किया

2025 के दौरान वैश्विक बाजारों में भी भारत का प्रदर्शन खराब रहा। लेकिन सोने जैसे वैकल्पिक संपत्तियों ने असाधारण ताकत दिखाई। पिछले वर्ष सोना स्पष्ट रूप से एक सुरक्षित संपत्ति के रूप में उभरा। एनएसई निफ्टी ने वैश्विक समकक्षों और उभरते बाजारों की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत कम प्रदर्शन किया, जो लगभग तीन दशकों में इसका सबसे खराब प्रदर्शन है।

# विदेशी मुद्रा भंडार में उछाल, सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब, 39 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी आई है और इसमें करीब 39 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब पहुंच गया है। आइए जानते हैं कि क्या कहते हैं रिजर्व बैंक के आंकड़े

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में उछाल आया है। 9 जनवरी को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 39 करोड़ डॉलर बढ़कर करीब 687 अरब डॉलर हो गया है। सोने के भंडार में उछाल और विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में गिरावट देखी गई है। इससे पहले के हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट देखी जा रही थी।



### सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब पहुंचा विदेशी मुद्रा भंडार

ताजा बढ़ोतरी के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के सर्वकालिक उच्च स्तर 704 अरब डॉलर के करीब पहुंच गया है।

विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) हैं, जो 550 अरब डॉलर हैं। हालांकि इसमें 1.12 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार, सोने का भंडार वर्तमान में 112.83 अरब है, जो पिछले सप्ताह की तुलना में 1.5 अरब डॉलर ज्यादा है।

### 11 महीने तक आयात के लिए पर्याप्त

दिसंबर में मौद्रिक नीति की समीक्षा बैठक के बाद रिजर्व बैंक ने कहा था कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 महीने तक विदेश से आयात के लिए पर्याप्त है।

रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर संतोष जाहिर किया था और कहा कि भारत का बाहरी क्षेत्र लचीला बना हुआ है।

आंकड़ों के अनुसार, साल 2025 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार करीब 56 अरब डॉलर बढ़ा। वहीं 2024 में ये वृद्धि 20 अरब डॉलर से थोड़ी अधिक रही।

2023 में विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 58 अरब डॉलर की तेजी आई थी। हालांकि 2022 में इसमें 71 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई थी।

विदेशी मुद्रा भंडार, किसी देश के केंद्रीय बैंक या मौद्रिक प्राधिकरण की परिसंपत्तियां होती हैं, जो मुख्य तौर पर अमेरिकी डॉलर है। इसमें कुछ हिस्सा यूरो, जापानी येन और पाउंड स्टर्लिंग का भी होता है। आरबीआई रणनीतिक रूप से रुपये के मजबूत होने पर डॉलर खरीदता है और रुपये के कमजोर होने पर डॉलर बेचता है।

## यूरोपीय संघ और मकोर्सुर के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ और दक्षिण अमेरिकी देशों के संगठन मकोर्सुर ने शनिवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर कर दिए। यह समझौता करीब 25 साल तक चली लंबी और जटिल वाताओं के बाद संभव हो सका है। इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर बढ़ते संरक्षणवाद और व्यापारिक तनावों के बीच आपसी वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करना है।

पराग्वे की राजधानी असुनसियोन में हुए हस्ताक्षर समारोह को यूरोपीय संघ के लिए एक बड़ी भू-राजनीतिक उपलब्धि माना जा रहा है। अमेरिकी टैरिफ नीति और चीन के बढ़ते निर्यात के दौर में यह समझौता ईयू को संसाधन-समृद्ध दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने का अवसर देगा, जहां अमेरिका और चीन के बीच प्रभाव बढ़ाने की होड़ तेज है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह समझौता केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक कूटनीति के स्तर पर भी अहम संकेत देता है। इससे यह संदेश जाता है कि दक्षिण अमेरिका, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पश्चिमी गोलार्ध में प्रभुत्व की घोषणाओं के बावजूद, विविध देशों के साथ व्यापार और कूटनीतिक रिश्ते बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

**27 देशों में से अधिकतर ने जताया समर्थन:** यूरोपीय संघ-मकोर्सुर मुक्त व्यापार समझौते से दोनों क्षेत्रों के बीच आयात-निर्यात बढ़ने, निवेश के नए अवसर खुलने और आर्थिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे पहले शुक्रवार (16 जनवरी) को ब्रसेल्स में राजदूतों की बैठक के बाद यूरोपीय संघ के 27 देशों में से अधिकतर ने इस मुक्त व्यापार समझौते पर समर्थन जताया था।

## जापानी विदेश मंत्री ने दिल्ली मेट्रो की सवारी कर दिया आर्थिक सहयोग का संदेश



**नई दिल्ली।** भारत और जापान ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को एक नई रणनीतिक ऊंचाई देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी की तीन दिवसीय भारत यात्रा (15-17 जनवरी, 2026) के दौरान दोनों देशों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिजों) जैसे भविष्य के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। शनिवार को संपन्न हुई इस यात्रा के दौरान मोतेगी ने न केवल उच्च स्तरीय कूटनीतिक बैठकें कीं, बल्कि भारत-जापान आर्थिक सहयोग के प्रतीक 'दिल्ली मेट्रो' की सवारी भी की।

### पीएम मोदी से मुलाकात: 'अगले दशक' का विजन

अपनी यात्रा के दौरान मोतेगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पिछले साल अगस्त में पीएम मोदी की जापान यात्रा के दौरान लॉन्च किए गए "अगले दशक के लिए भारत-जापान संयुक्त विजन" को केंद्र में रखते हुए चर्चा की गई। जापानी विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने आर्थिक सुरक्षा, निवेश, नवाचार और लोगों के बीच आपसी संपर्क जैसे व्यापक मुद्दों पर स्पष्ट विचार साझा किए। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# Sport

आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना शानदार फॉर्म में चल रही हैं। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में दमदार बल्लेबाजी की और बड़ी उपलब्धि अपने नाम करने में सफल रहीं।

# स्मृति मंधाना ने हरमनप्रीत को पीछे छोड़ा डब्ल्यूपीएल में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाली भारतीय बनीं

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की। मंधाना ने 61 गेंदों पर 96 रन बनाए, लेकिन वह शतक लगाने से चूक गईं। इसके बावजूद उन्होंने बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज की और वह महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय बल्लेबाज बन गईं।

### मंधाना के नाम दर्ज हुआ रिकॉर्ड

मंधाना ने अपनी पारी में 13 चौके और तीन छक्के लगाए। इसके साथ ही वह डब्ल्यूपीएल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाली भारतीय बल्लेबाज बनीं। मंधाना ने इस मामले में मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को पीछे छोड़ा। हरमनप्रीत ने 2024 सीजन में गुजरात जाएंट्स के खिलाफ 48 गेंदों पर नाबाद 95 रन बनाए थे जो टूनार्मेंट में किसी खिलाड़ी का सर्वोच्च



व्यक्तिग स्कोर था। हालांकि, अब यह रिकॉर्ड मंधाना के नाम दर्ज हो गया है।

### डब्ल्यूपीएल में नहीं लगा है एक भी शतक

डब्ल्यूपीएल इतिहास में कोई खिलाड़ी अबतक शतक नहीं लगा सका है। टूनामेंट में सबसे ज्यादा निजी स्कोर का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन के नाम है। आरसीबी के लिए खेलते हुए डिवाइन ने 2023 में गुजरात जाएंट्स के खिलाफ 36 गेंदों पर 99 रन बनाए थे। वहीं, 2025 सीजन में यूपी वॉरियर्स के लिए खेलते हुए आरसीबी के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल ने 56 गेंदों पर 99 रन बनाए थे। डिवाइन डब्ल्यूपीएल में एक से अधिक बार 90 रनों का आंकड़ा पार करने वाली एकमात्र बल्लेबाज हैं।

### आरसीबी की लगातार चौथी जीत

मैच की बात करें तो आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। टीम इस जीत के साथ शीर्ष पर बरकरार है। वहीं, दिल्ली चार में से तीन मुकाबले हारकर अंक तालिका में आखिरी पायदान पर पहुंच गई है। शनिवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शेफाली वर्मा की 62 रनों की पारी की बदौलत 20 ओवर में 10 विकेट पर 166 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने स्मृति मंधाना और जॉर्जिया वॉल की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 18.2 ओवर में दो विकेट पर 169 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## ग्रुप बदले जाने की मांग को लेकर आयरलैंड ने दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी के सामने विकल्प रखा है कि वह आयरलैंड के साथ उसका ग्रुप बदले दे जिससे उससे अपने मुकाबले भारत के बजाए श्रीलंका में खेलने होंगे। अब आयरलैंड क्रिकेट की इस मामले को लेकर प्रतिक्रिया सामने आई है। मालूम हो कि भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा है और उसने टी20 विश्व कप के अपने मैच भारत के बजाए श्रीलंका में खेलने की मांग की है। इसे लेकर ढाका में आईसीसी प्रतिनिधियों की बीसीबी के साथ बैठक हुई है।

# अंडर-19 विश्वकप में चमके विहान मल्होत्रा, भारत ने बारिश से प्रभावित मैच में बांग्लादेश को हराया

**बुलावायो।** भारत के ऑफ-स्पिनर विहान मल्होत्रा की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने शनिवार को बारिश से प्रभावित अंडर-19 विश्व कप मुकाबले में बांग्लादेश को डीएलएस पद्धति के तहत 18 रन से हरा दिया। विहान ने 14 रन देकर 4 विकेट झटके और बांग्लादेश की मजबूत होती जीत की उम्मीदों को पूरी तरह तोड़ दिया। यह भारत की टूनार्मेंट में लगातार दूसरी जीत रही।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। शुरूआती ओवरों में ही कप्तान आयुष म्हात्रे और वेदांत त्रिवेदी के विकेट जल्दी गिर गए, जिससे भारत दबाव में आ गया। बादल छाए मौसम का फायदा उठाते हुए बांग्लादेश के गेंदबाजों ने नई गेंद से सटीक लाइन-लेंथ बनाए रखी। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी और अभिज्ञान कुंडू ने पारी को संभालने की जिम्मेदारी उठाई। आमतौर पर आक्रामक अंदाज में खेलने वाले



वैभव ने इस बार हालात को समझते हुए संयमित बल्लेबाजी की। उन्होंने 67 गेंदों पर 72 रन बनाए, जिसमें छह चौके और तीन छक्के शामिल थे, और पारी को स्थिरता प्रदान की।

दूसरे छोर पर अभिज्ञान कुंडू ने बेहद धैर्यपूर्ण पारी खेली। उन्होंने 112 गेंदों पर 80 रन बनाए और बीच-बीच में बड़े शॉट लगाकर स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। कुंडू को दो बार जीवनदान भी मिला, जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया और भारतीय स्कोर को 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। कुंडू और कनिष्क चौहान के बीच 54 रन की उपयोगी साझेदारी भी हुई। कनीष्क ने 28 रन की तेज पारी खेलकर रन गति को बनाए रखा, लेकिन उन्हें बांग्लादेश के कप्तान अजिजुल हकीम ने आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

भारतीय पारी के दौरान बारिश के कारण लगभग एक घंटे का खेल बाधित हुआ, जिसके चलते मुकाबले को 50 से घटाकर 49 ओवर प्रति टीम कर दिया गया। इसके बाद भारत की पारी 48.4 ओवर में 238 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश की ओर से तेज गेंदबाज अल फहद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 38 रन देकर 5 विकेट झटके और भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ तोड़ दी। उनके अलावा अजिजुल हकीम और इकबाल हुसैन इमोन ने भी अहम विकेट हासिल किए।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# 26 जनवरी से बंद होगा मध्याह्न भोजन !

## स्कूलों में मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने वाले स्व-सहायता समूहों को तीन महीने से पैसा नहीं मिल रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में पढने वालों बच्चों के सुपोषण के लिए शुरू किए गए मध्यान्ह भोजन के बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने वाले स्व-सहायता समूहों को तीन महीने से पैसा नहीं मिल रहा है। ऐसे में स्व-सहायता समूह कर्ज लेकर स्कूलों में मध्यान्ह भोजन मुहैया करा रहे हैं।

स्व-सहायता समूहों की बहनों का कहना है कि मध्याह्न भोजन की व्यवस्था इतनी भयावह हो चुकी है कि इसी 26 जनवरी से प्रदेश के सभी 96 हजार सरकारी स्कूलों में भोजन वितरण बंद करने की नौबत आ गई है। दरअसल, प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में मध्याह्न भोजन वितरण करना स्व सहायता समूहों के लिए चुनौती बन गया है। सरकार ने जिन स्व-सहायता समूहों की बहनों को स्कूलों में भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दे रखी है, उन्हें बीते तीन माह से भुगतान नहीं किया जा रहा है। ऐसे में समूहों की महिलाएं इधर उधर से पैसों की



जुगाड़ करके जैसे-तैसे भोजन वितरण की व्यवस्था बनाए हुए हैं। समूह द्वारा किराना दुकानों से उधार सामान लेकर वक्त पर पैसे नहीं चुकाने के चलते, अब उधार मिलना भी बंद हो गया है। कई क्षेत्र की महिलाएं तो लोन के साथ गहने तक गिरवी रखकर बच्चों को भोजन उपलब्ध करवा रही हैं।

### 30 साल पहले शुरू हुई थी योजना

गौरतलब हैं कि केंद्र सरकार ने 1995 में सरकारी स्कूलों की दयनीय स्थिति और बढ़ते कुपोषण को दूर करने के उद्देश्य से मध्याह भोजन योजना शुरू की थी। उसके बाद भी सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या कम होने के साथ ही कुपोषण का स्तर भी बढ़ता जा रहा है। मौजूदा स्थिति में भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्व-सहायता समूहों की बहनों का कहना है कि मध्याह्न भोजन की व्यवस्था इतनी भयावह हो चुकी है कि इसी 26 जनवरी से प्रदेश के सभी 96 हजार सरकारी स्कूलों में भोजन वितरण बंद करने की नौबत आ गई है। इधर, प्रांतीय महिला स्व-सहायता समूह महासंघ की अध्यक्ष सरिता सिंह बघेल ने पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल से लेकर प्रशासन स्तर तक इस संबंध में लिखित शिकायतें की हैं, लेकिन कोई भी अफसर उनकी शिकायतों पर संज्ञान लेकर राशि आवंटन करने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस मामले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव दिनेश जैन का कहना है कि ये भारत सरकार की योजना है। राशि देने में केंद्र की 60 प्रतिशत और राज्य सरकार की 40 प्रतिशत की भागीदारी है। वहीं हर माह के अंत में केंद्र सरकार को रिपोर्ट भेजी जाती है। यदि स्व-सहायता समूहों की 2-3 माह की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है तो इसे चैक करवा लेंगे।

### 12 साल पहले मिलती थी एडवांस राशि

स्व-सहायता समूहों के पदाधिकारियों ने बताया कि 2013 तक मध्याह्न भोजन की राशि एडंवास मिल जाती थी। एडवांस राशि मिलने के चलते दुकानों से किराना सामान नगद ही खरीदा जाता था, लेकिन मौजूदा स्थिति में कभी दो महीने तो कभी चार महीने तक राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

### 96 हजार स्कूलों में स्व सहायता समूह पहुंचाता है भोजन

मप्र में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल मिलाकर 98 हजार स्कूल संचालित हो रहे हैं। जिसमें 76 लाख विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। इसमें से करीब 96 हजार स्कूलों में स्व-सहायता समूह खाना देने का काम कर रहे हैं। बाकि दो हजार स्कूलों के विद्यार्थियों को मध्याह भोजन की व्यवस्था ठेके पर है। शिवपुरी स्थित श्री कृष्णा स्व-सहायता समूह द्वारा बताया गया कि वर्तमान में स्थिति इतनी खराब हो गई है कि न तो रसोई घरों में सब्जी है, न आटा और न ही दुकानदार अब उधार देने को तैयार हैं। बीते तीन महीनों से उधार लेकर भोजन तैयार किया जा रहा था, लेकिन यह कब तक संभव है? हम अपने जेवर गिरवी रखने के साथ ही अन्य लोगों से उधार मांगकर विद्यार्थियों को खाना खिला रहे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से समूहों का गठन कर भोजन की जिम्मेदारी सौंपी थी, लेकिन राशि नहीं आने से महिलाओं का मोह भंग हो रहा है।

## न्यूज कॉलम

### तेजाजी नगर बायपास पर केले से लदा ट्रक पलटा, सड़क पर बिखरा माल

**इंदौर।** इंदौर के तेजाजी नगर बायपास पर शनिवार देर रात केला लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इससे पहले ही स्थानीय लोगों ने चालक को बाहर निकाल लिया। चालक को मामूली चोटें आई हैं। तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम ने बताया कि रालामंडल स्थित बायपास पर राऊ से देवास की ओर जा रहा केले से भरा ट्रक अचानक असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के बाद सड़क पर बड़ी मात्रा में केले बिखर गए, जिससे यातायात प्रभावित हो गया। ट्रक चालक चंदन पुत्र उमराव सिंह चौहान निवासी मनावर को हल्की चोट आई है। बताया जा रहा है कि बायपास पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य के चलते बनाए गए डायवर्सन के कारण चालक का ध्यान भटक गया, जिससे ट्रक पलट गया। हादसे के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट कराया। देर रात स्थानीय लोगों की मदद से सड़क पर बिखरे केले हटवाए गए और क्रेन की सहायता से ट्रक को सीधा कराया गया। करीब दो घंटे बाद यातायात सुचारु हो सका। तेजाजी नगर बायपास पर लंबे समय से ब्रिज निर्माण का कार्य चल रहा है। कई स्थानों पर अस्थायी डायवर्सन बनाए गए हैं, लेकिन वहां न तो पर्याप्त चेतावनी बोर्ड लगे हैं और न ही रोशनी की उचित व्यवस्था है। इसी कारण यहां लगातार हादसे हो रहे हैं। इससे पहले भी इसी स्थान पर एक टैंकर पलट चुका है।

### ऑटोडील कर्मचारी और कलेक्शन एजेंट को चाकू मारे, पुलिस जांच में जुटी

**इंदौर।** इंदौर के संयोगितागंज इलाके में शनिवार रात ऑटोडील कर्मचारी पर घर जाते समय उसके पूर्व किराएदार ने चाकू से हमला कर दिया। आरोपी अपना रूम खाली कराने की बात से नाराज था। हमले में ऑटोडील कर्मचारी के सिर में गंभीर चोट आई है। संयोगितागंज पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, रात में अग्रेसन चौराहे के पास गौरव मीणा निवासी पवनपुरी पालदा को शिवा नामक युवक ने बाइक पर रोका और अचानक सिर पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू का वार गौरव की आंख के पास लगा, जिससे एक आंख से देखने की क्षमता बंद हो गई। साथी ऋषभ ने उसे तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार गौरव और ऋषभ बाइक पर जा रहे थे। तभी शिवा दूसरी बाइक से उनके पास आया। गौरव और ऋषभ ने बताया कि शिवा करीब दो महीने पहले गौरव के घर किराए पर रहता था और अक्सर वहां लड़कियों को लेकर आता था। इस कारण गौरव के पिता ने उससे रूम खाली करने को कहा था। इसी बात को लेकर गौरव और शिवा के बीच विवाद हुआ, और बाद में उसने देख लेने की धमकी दी। पुलिस को रात में अस्पताल से घटना की सूचना मिली और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इधर, परदेशीपुरा में शनिवार शाम एक ऑटो ड्राइवर ने 65 वर्षीय कलेक्शन एजेंट पर लूट के इरादे से चाकू से हमला कर दिया। लोग बुजुर्ग को तुरंत अस्पताल ले गए। पुलिस ने ललित जैन 65, निवासी क्लर्क कॉलोनी की शिकायत पर अज्ञात ऑटो ड्राइवर के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज किया। ललित ने बताया कि वह मार्केट से कलेक्शन उठाकर घर लौट रहे थे। देर शाम लगभग 7.30 बजे, सुगनी देवी कॉलेज गेट के पास पीछे से आए ऑटो चालक ने पैर के पीछे वार किया। वह जमीन पर गिर गए और उठकर देखा तो पैर से खून निकल रहा था। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### क्रिकेटरों को बोतल में उतारने का इंदौरी आर्टिस्ट का जुनून

**इंदौर।** इंदौर के एक आर्टिस्ट ने 35 साल पहले बोतल आर्ट की शुरूआत की थी। ऐसा आर्ट जिसमें बोतल नेक में सिर्फ एक साइकिल की एक ताड़ी और अगरबत्ती जैसी बारीक लकड़ी डालकर सेलिब्रिटी का खूबसूरत आर्ट बनाते हैं। इसे तैयार होने के बाद जो भी देखता है तो जेहन में एक ही सवाल उठता है कि ऊपर से संकरी और नीचे से चौड़ी बोतल में ऐसा आर्ट कैसे बना दिया लेकिन ऐसा है। उन्होंने देशभर की कई सेलेब्रिटी खासकर क्रिक्रेटरों के ऐसे आर्ट बनाए हैं। 2011-2012 में 14 साल पहले क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा का बोतलबंद आर्ट बनाया लेकिन मौका ही नहीं मिल रहा है कि उन्हें यह सौंपे। चूंकि आज ये दोनों क्रिकेटर इंदौर में हैं तो इस आर्टिस्ट की इच्छा है कि वे उन्हें हर हाल में यह गिफ्ट करें व इसके लिए प्रयासरत हैं। इंदौर के कैलाश पार्क निवासी आर्टिस्ट राजेश स्वामी कस्टम डिपार्टमेंट में सीनियर इंस्पेक्टर हैं। वे खुद स्कूल-कॉलेज में स्पोर्टस गतिविधियों में काफी सक्रिय रहे हैं और क्रिकेट का काफी शौक है। इसी के साथ उन्हें कुछ ऐसा करने का जुनून था कि कुछ हटकर किया जाए। इस पर उन्होंने आर्ट की शुरूआत की।

### जैन मंदिर में चोरी, 3 आरोपी दान पेटी बाइक पर रखकर हुए फरार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में अब धार्मिक स्थल भी चोरों से सुरक्षित नहीं रहे। एमआईजी थाना क्षेत्र स्थित जैन मंदिर में देर रात चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक महिला सहित तीन आरोपियों ने मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी पर हाथ साफ कर दिया। पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, लेकिन चोर बेखौफ होकर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक महिला और उसके दो पुरुष साथी योजनाबद्ध तरीके से मंदिर परिसर में घुसते हैं और पहले गेट का ताला तोड़ा जाता है, फिर दान पेटी उठाकर बाहर लाया जाता है और बाइक पर रखकर तीनों आरोपी आराम से मौके से निकल जाते हैं। घटना की सूचना मिलते ही मंदिर प्रबंधन ने एमआईजी थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची, निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज जब्त कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि घटना के बाद भी आरोपी खुलेआम फरार हैं, जिससे पुलिस की रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर अलग-अलग टीमें गठित की हैं। दावा किया जा रहा है कि फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तारी करेंगे। नागरिकों ने प्रशासन से मंदिरों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाने, सीसीटीवी मॉनिटरिंग सशक्त करने और रात्रि गश्त को केवल कागजों तक सीमित न रखने की मांग की है।

### वेटरनरी कॉलेज के सामने फायरिंग कर आरोपी फरार, घायल रेफर

**इंदौर।** महू-इंदौर रोड स्थित वेटरनरी कॉलेज के सामने एक युवक को गोली मार दी गई। घटना में युवक के चेहरे और कंधे पर चोटें आई हैं। उसे तत्काल पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद इंदौर रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शी बंटी ने बताया कि 7-8 युवक एक गुमटी पर बैठकर बात कर रहे थे। अचानक तीन गोलियां चलने की आवाज आई, पास जाकर देखा तो एक युवक जमीन पर गिरा हुआ था, जबकि अन्य युवक मौके से भाग रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही किशनगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया और जांच के दौरान उन्हें गोली के खाली खोल भी मिले हैं। मौके पर पहुंचे एसडीओपी ललित सिकरवार ने बताया कि कुछ युवकों के बीच विवाद हो रहा था, जिसके चलते गोली चली। घायल युवक की पहचान महू निवासी ओमप्रकाश अंजना के रूप में हुई है।

आवश्यकता है
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

नए ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज इंदौर लैब में न बीकर, न कैडेवर

## बिना प्रैक्टिकल एमबीबीएस की पढ़ाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नए ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज इंदौर में एमबीबीएस पहली बैच के 50 छात्रों का भविष्य अधर में है। सत्र शुरू हुए तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन भविष्य के डॉक्टरों की नींव यहां प्रैक्टिकल के बिना ही रखी जा रही है।

छात्रों को न कैडेवर उपलब्ध कराया गया, न ही लैब में बीकर-माइक्रोस्कोप की सुविधा है। एनाटॉमी, फिजियोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री जैसे मूलभूत विषयों की पढ़ाई केवल किताबों तक सीमित है। यहां नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) की गाइडलाइन का भी उल्लंघन हो रहा है। इससे नाराज पूरे बैच (50 छात्रों) ने पिछले दिनों प्रैक्टिकल क्लास का बहिष्कार कर दिया था। एनएमसी के नियमों के अनुसार



हर 10-15 छात्रों पर एक कैडेवर होना चाहिए, ताकि वे मानव शरीर की बारीकियों को समझ सकें। 50 छात्रों के इस छोटे बैच के लिए भी कॉलेज प्रबंधन 3 महीने में एक भी कैडेवर नहीं जुटा पाया है। प्रबंधन का तर्क है कि इंदौर में शवों की कमी है।

**पीपीटी से खानापूर्ति-** फिजियोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री लैब की हालत और भी खराब है। छात्रों के मुताबिक लैब में माइक्रोस्कोप, टेस्ट ट्यूब, बीकर और जरूरी केमिकल (रीजेंट) तक उपलब्ध नहीं हैं। ह्यएग्जामिनेशन टेबलह्न तक नहीं है। प्रैक्टिकल के नाम पर पीपीटी दिखा देते हैं।

**अब भविष्य की चिंता-** बैच में 35 से अधिक छात्र हिंदी माध्यम से हैं। कई छात्रों ने जीएमसी भोपाल, जबलपुर और रतलाम सरकारी कॉलेजों की सीट छोड़कर ईएसआईसी इंदौर को चुना था। अब ये छात्र खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कीमती समय बर्बाद हो रहा है। एक सप्ताह में सारी व्यवस्थाएं करेंगे : डीन ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. यू. राजेश संग्राम का कहना है कि छात्रों की शिकायतें संज्ञान में हैं और समाधान की प्रक्रिया चल रही है। छात्रों से एक सप्ताह का समय मांगा है।

## टाटा मुंबई मैराथन 2026 में मुंबई के साथ दौड़ी पश्चिम रेलवे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पश्चिम रेलवे ने आज मुंबई में आयोजित टाटा मुंबई मैराथन 2026 में सहभागिता कर उत्साहपूर्ण एवं उद्देश्यपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई तथा फिटनेस, अनुशासन और सुरक्षा जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। पश्चिम रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से युक्त 150 सदस्यीय टीम ने वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के सम्मान एवं उत्सव के रूप में इस मैराथन में भाग लिया। यह सहभागिता राष्ट्रीय गौरव, सामूहिक अनुशासन तथा दैनिक जीवन में स्वस्थ जीवनशैली के महत्व का प्रतीक रही।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता ने पश्चिम रेलवे की टीम का नेतृत्व किया। इस दौरान कई वरिष्ठ रेल अधिकारियों ने भी मैराथन में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे फिटनेस, संरक्षा तथा जनसंपर्क के प्रति नेतृत्व की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई। इस टीम में स्टेशन मास्टर, टिकट जांच कर्मचारी, ट्रेन प्रबंधक, कोचिंग डिपो कर्मचारी तथा ट्रैकमैन जैसी प्रमुख फ्रंटलाइन एवं परिचालन श्रेणियों के कर्मचारी शामिल थे, जिन्होंने आधिकारिक यूनिफॉर्म में भाग लेकर आम जनता को सशक्त सामाजिक एवं सुरक्षा संदेश दिया। टीम ने रचनात्मक ब्रांडिंग एवं जनसंपर्क सामग्री के माध्यम से प्रभावशाली जागरूकता संदेश प्रदर्शित किए, जिनमें रेल सुरक्षा के लिए दौड़, पटरियों का सम्मान करें, पटरी से दूर रहें, सुरक्षित रहे जैसे नारे प्रमुख रूप से शामिल थे।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
कर्ज बढ़ रहा है
बच्चा नशा करता है
पति बीमार है
काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करुंगा समाधान
पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com